सुप्रभात
रांची, बुधवार
10.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 178




गूगल ने भी माना हिंदी का लोहा



## खबर एक नजर में

### सीएम से मिले स्टेशन कमांडर संजय कांडपाल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में रामगढ़ कैंट के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर संजय कांडपाल एवं प्रशासनिक कमांडर कर्नल विनय रंजन ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंटकर नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नये साल की मंगलकामनाएं दीं।

### दो आइपीएस को मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** दो आईपीएस को मिला अतिरिक्त पद का प्रभार दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा मंगलवार को जारी कर दी गई है। आईजी मुख्यालय मनोज कौशिक आईजी मानवाधिकार और डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम डीआईजी बजट पद से संबंधित कार्य को देखेंगे।

### आइजी अभियान आज करेंगे समीक्षा बैठक

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आइजी अभियान सभी जिलों के एसएसपी, एसपी के साथ आज समीक्षा बैठक करेंगे। आज शाम पांच बजे से आठ बजे तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के एसपी अपने-अपने जिले सार्जेंट मेजर और डीएसपी हेडक्वार्टर के साथ बैठक में भाग लेंगे।

### राहुल यादव को रिमांड पर लेकर ईडी करेगी पूछताछ

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपए के अवैध खनन मामले में जेल में बंद दाहू यादव का बेटा राहुल यादव से ईडी पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। ईडी ने मंगलवार को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने से संबंधित आवेदन दिया है जिस पर ईडी कोर्ट में आज सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के निर्देश पर राहुल यादव ने दो जनवरी को ईडी कोर्ट में सरेंडर किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। वहीं, इसकी ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर 11 जनवरी को सुनवाई होगी।

### पत्रकार को धमकी मामले में योगेंद्र तिवारी को मिली बेल

**रांची।** जेल से फोन करके समाचार पत्र के प्रधान संपादक व संपादक को धमकी देने के मामले में आरोपी शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी का बयान मंगलवार को दर्ज किया गया। आरोपी को सीआईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। पेशी के बाद इसके वकील ने जमानत याचिका दाखिल की। सुनवाई पश्चात अदालत ने जमानत अर्जी को स्वीकार किया लेकिन, बेल बांड नहीं भरने के कारण उसको मामले में न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया गया।

### दो पूर्व जस्टिस की पत्नी को सरकारी सुविधा दिलाने के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** हाईकोर्ट के दो पूर्व जस्टिस (स्वर्गीय) की पत्नी को झारखंड सरकार से मिलने वाली सुविधा दिलाने मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई है। मामले में एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस (अब स्वर्गीय) प्रदीप कुमार एवं प्रशांत कुमार की पत्नी द्वारा हाईकोर्ट को लिखे गए पत्र को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान के रूप में लिया है। पत्र में पूर्व जस्टिस (स्वर्गीय) प्रदीप कुमार की पत्नी मीता कुमार तथा जस्टिस (स्वर्गीय) प्रशांत कुमार की पत्नी अलका श्रीवास्तव की ओर से झारखंडसरकार के संकल्प संख्या 9950 दिनांक 20 नवंबर 2015 में मिलने वाली सुविधा दिलाने का आग्रह किया गया है। मामले में हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते, कार्मिक की प्रधान सचिव वंदना दादेल, वित्त सचिव अजय कुमार सिंह एवं हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को प्रतिवादी बनाया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–06 दिनांक–03.01.2024 द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सूचना संख्या–WRD/MID/KODERMA/F2-26/2023-24 Date-03.01.2024 में अंकित Date-13.01.2024 (Bid Downloading/Bid Submission Period) के स्थान पर Date-16.01.2024 और Date-16.01.2024 (Date of Opening of e-Tender) के स्थान पर Date-18.01.2024 पढ़ा जाय। जिसका PR. No.315007 (Minor Irrigation) 2023-24*D है।

शेष सभी शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा।

PR 315474 (Minor Irrigation) 23-24 (D)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**

e-Procurement Cell
Very Short e-Procurement Notice
Tender Reference No:- BCD/EE/HAZARIBAG/ 08 /2023-24 Date:: -08-01-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | :- Construction of Boundary wall Main Gate Common Toilet and Renovation in Utkramit High School Building Bhurkunda, Block- Dadhi at Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | 15916570/- |
| 3. | Time of Completion | 6 Month |
| 4. | Date of Publication of Tender on website | 12-01-2024 |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 19-01-2024 03.00 PM |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR315504 (Building)23-24*D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।**
**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

लापता व्यक्ति सत्यवान गोप, उम्र–15 वर्ष, पिता–सुरेश गोप, ग्राम–देवा टोली, थाना–कोलेबिरा, जिला–सिमडेगा (झा0), जो दिनांक–28.12.2023 को अपने घर देवा टोली से साईकिल से निकला परन्तु वापस घर नहीं आया। जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। लापता व्यक्ति की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् है:–



लिंग:– पुरूष
उम्र:– उम्र लगभग 15 वर्ष
रंग:– सॉवला
उँचाई:– 5 फीट लगभग
पहनावा:– ब्लू रंग का वेस्ट बंगाल पहना है। नीचे लाईट नेभी ब्लू ट्राउजर पहना है। पैर में कुछ नहीं है।
भाषा:– सादरी एवं हिन्दी।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता व्यक्ति सत्यवान गोप के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा मोबाइल नं0–9431116444
थाना प्रभारी, कोलेबिरा
मोबाइल नं0–9431706235
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा
मोबाइल नं0–8709697066

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR 315524 Simdega(23-24)D


## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल

# सत्ता पक्ष खड़ा करना चाहता है संवैधानिक संकट : बाबूलाल

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- नहीं हो सकता गांडेय विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर कहा कि सत्ता पक्ष संवैधानिक संकट खड़ा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि गांडेय में उपचुनाव संभव नहीं है। पिछले दिनों गांडेय विधानसभा उपचुनाव कराये जाने की स्थिति में उत्पन्न होने वाले संवैधानिक संकट से संबंधित भेजे गये पत्र की चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय भी शामिल थे।

मुलाकात के बाद मीडिया से श्री मरांडी ने कहा कि झामुमो के सरफराज अहमद पूरी तरह स्वस्थ हैं। वे देश से बाहर भी नहीं जा रहे हैं। ऐसे में गांडेय विधानसभा सीट ये उनका इस्तीफा अकारण नहीं हुआ, बल्कि सीएम अपनी गिरफ्तार होने के पूर्व अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गांडेय में उपचुनाव नहीं कराया जा सकता है। उन्होंने कहा अगर सामान्य चुनाव एक साल के अंदर होना हो तो उपचुनाव नहीं कराया जा सकता। झारखंड में विधानसभा चुनाव दिसंबर 2024 में होना है। सितंबर-अक्टूबर से प्रक्रिया शुरू हो जायेगी, अतः सेक्शन 151-ए, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 एवं माननीय सर्वोच्च न्यायलय के आलोक में उपचुनाव नहीं कराये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सत्ताधारी गठबंधन राज्य की जनता और चुनाव आयोग दिग्भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं।

## जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम को नीतीश के कार्यक्रम को लेकर दिया निमंत्रण

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार झारखंड से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। 21 जनवरी को रामगढ़ में नीतीश की पहली चुनावी सभा होगी, जिसे झारखंड जदयू ने नीतीश जोहार झारखंड सभा का नाम दिया है। नीतीश कुमार के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटा झारखंड जदयू ने इसके लिए व्यापक तैयारी की है। इसी के तहत जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले। खीरू महतो ने मुख्यमंत्री को नए वर्ष की बधाई दी और 21 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रामगढ़ कार्यक्रम को लेकर निमंत्रण दिया।

**नीतीश कुमार हैं पीएम कैंडिडेट :** झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने नीतीश कुमार को पीएम कैंडिडेट होने का दावा करते हुए कहा कि पूरा देश चाहता है कि नीतीश कुमार देश का प्रधानमंत्री हों। सीटों के बंटवारे को लेकर किसी तरह की बातचीत होने से इनकार करते हुए खीरु महतो ने कहा कि 21 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के झारखंड आगमन के दौरान इस संदर्भ में बातचीत होगी। खीरू महतो ने कहा कि झारखंड में पार्टी संगठनात्मक रूप से मजबूत हो रही है। उनकी तैयारी सभी 81 विधानसभा सीट और लोकसभा की सभी 14 सीटों पर संगठन को खड़ा करने का है। उन्होंने कहा कि जब हम पूरी तरह से मजबूत हो जाएंगे तो स्वाभाविक रूप से झारखंड में भी जदयू का अपना अस्तित्व दिखने लगेगा।

## राज्य में पीडीएस डीलरों की हड़ताल वार्ता के बाद खत्म

**मंत्री के साथ हुई वार्ता में मिला आश्वासन, आज से खुलेंगी सरकारी राशन की दुकानें**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव की ओर से मिले आश्वासन के पीडीएस डीलरों ने अपने आंदोलन को स्थगित कर दिया है। हालांकि प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि खाद्य आपूर्ति मंत्री से हुई बातचीत में किन मुद्दों को लेकर सहमति बनी है या सरकार की ओर से क्या आश्वासन दिया गया है? इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि बुधवार से सभी जनवितरण प्रणाली की दुकानें पूर्ववत खुलेंगी। साथ ही आज से लाभुकों के बीच अनाज का वितरण किया जायेगा। प्रदेश कमेटी ने मंत्री से वार्ता के बाद आंदोलन को स्थगित करने की सूचना सभी जिला कमेटियों को दे दी है। बताते चलें कि एक जनवरी से पीडीएस डीलर्स हड़ताल पर थे। हालंकि सरकार की ओर से उनके एचएचडी डिवाइस को हर महीने की 5 तारीख को ऑन किया जाता है।

**क्या थी डीलरों की मांग**

डीलर्स की मुख्य रूप से दस सूत्री मांग है। इसमें अनुकंपा पर बहाली व्यवस्था फिर से शुरू की जाये। 2021 में कोविड के दौरान बांटे गये राशन का कमीशन दिया जायें। इसके तहत कुल 13 महीने का कमीशन दिया जाना है। पंद्रह साल से एक रूपया कमीशन ही दिया जा रहा है। महंगाई को ध्यान में रखते हुए इस राशि को तीन रूपया किया जाये। कमीशन प्रति किलो खाद्यान पर दिया जाता है। ई पॉश मशीन में टू जी सीम दिया गया। इसे फोर जी की मांग एक साल से की जा रही है, क्योंकि नेटवर्क स्लो होने के कारण काम करने में भी परेशानी होती है। इसके अलावा गुजरात सरकार की तर्ज पर तीस हजार रुपए मानदेय प्रति महीने करने की भी मांग है।

## कांग्रेस प्रवक्ताओं को कार्यों का दिया मूल मंत्र



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अप्रूवल के बाद नवनियुक्त 17 प्रवक्ताओं के साथ कांग्रेस भवन में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पहली बैठक की। बैठक में संगठन और सरकार के जुड़े विकास कार्यों से जुड़ी योजनाओं को आम लोगों को अवगत करने के लिए पार्टी प्रवक्ताओं को मूल मंत्र दिया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने लोकसभा चुनाव-2024 एवं राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप सभी नवनियुक्त प्रवक्ताओं पर पार्टी की विचारधारा को इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का जिम्मेवारी है। झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को मजबूती के साथ आम लोगों के समक्ष रखना है।

श्री ठाकुर ने कहा कि हमारे समक्ष ये बहुत बड़ी चुनौती है कि हम किस तरह से समाज में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण एवं आमजन के मुद्दों को मीडिया के समक्ष रखें। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में प्रवक्ताओं को झारखंड के सभी जिलों से संवाद के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी जाएगी।

बैठक में अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, निरंजन पासवान, श्यामल किशोर सिंह, आभा सिन्हा, डॉ संजय सिंह, जगदीश साहु, शमशेर आलम, सोनाल शांति, रिंकू तिवारी, कमल ठाकुर, रियाजुल अंसारी, खुर्शीद हसन रूमी, डॉ बिरसा उरावं, शकील अहमद अंसारी, ऋषीकेश सिंह शामिल थे।

## राहुल गांधी की झारखंड यात्रा की तैयारी में जुटे कांग्रेसी

**प्रभारी गुलाम अहमद मीर आज आ रहे हैं रांची**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी झारखंड में जोर-शोर से चल रही है। इसको लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर बुधवार को देर शाम रांची आ रहे हैं। 11 जनवरी को सुबह 10:30 बजे राहुल गांधी की इस यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रदेश स्तरीय बैठक बुलाई गई है। रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में होने वाली इस बैठक में प्रदेश प्रभारी जीए मीर मौजूद रहेंगे। इस संबंध में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी 14 जनवरी को 6700 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत मणिपुर की राजधानी इंफाल से करेंगे। 20 मार्च को इसका समापन महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में होगा। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा संभवतः फरवरी के प्रथम सप्ताह में झारखंड में प्रवेश करेगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, झारखंड प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा आठ दिनों तक रहेगी और इस दौरान राहुल गांधी करीब 804 किमी की यात्रा करेंगे।

सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने झारखंड प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को अभूतपूर्व रूप से सफल बनाने के लिए 11 जनवरी को संगम गार्डेन में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। बैठक में प्रदेश विस्तारित कमेटी के पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों से कहा है कि वे इस बैठक में जरूर शामिल होंगे। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस के विस्तारित कमेटी के पदाधिकारियों, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों/ कार्यकारी अध्यक्षों की उपस्थिति को अनिवार्य बताया गया है।

## सशक्त लोकतंत्र का आधार हैं जागरूक मतदाता : सीइओ

**स्वीप कोर कमेटी की बैठक में कई जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वीप की कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य था आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित करने की रूपरेखा तैयार करना। इस दौरान कमेटी के सभी सदस्यों से सीईओ ने न केवल सुझाव लिए बल्कि राज्य के मतदाताओं को जागरूक बनाने के लिए सभी सहभागी संगठनों से अपने-अपने स्तर पर बेहतर प्रयास करने की अपील भी की। उन्होंने बताया कि स्वीप का संचालनात्मक स्वरूप धीरे-धीरे बदल रहा है, हालांकि उद्देश्य वही है अधिक से अधिक जागरूकता फैलाना, अब पारंपरिक मीडिया के साधनों के साथ-साथ सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया के साधनों का भी सकारात्मक उपयोग करना होगा।

उन्होंने एनएसएस, स्काउट एंड गाइड, नेहरू युवा केंद्र आदि संगठनों से भी मतदाता जागरूकता की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने राज्य के मीडिया कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्हें राज्य के मीडिया का हमेशा से पूरा सहयोग मिला है, उन्हें आशा है कि इस चुनावी वर्ष में मतदाता जागरूकता में सहयोग और भी बेहतर मिलेगा।

बैठक में आगामी प्रस्तावित जागरूकता जैसी गतिविधियों पर भी मंथन हुआ। बताया गया कि 22 जनवरी को मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना है, उस दिन भी सोशल मीडिया पर हैशटैग अभियान #आई एम रेडी टू वोट संचालित किया जाना है। स्वीप कोर कमेटी के सभी सदस्यों ने अपने-अपने स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाने के सुझाव भी दिए। बैठक में ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, आईपीआरडी के अवर सचिव चंद्र भूषण कुमार, दूरदर्शन से दिवाकर कुमार, एनएसएस से बृजेश कुमार, नेहरू युवा केंद्र से शुभम शर्मा, रांची प्रेस क्लब से सुशील कुमार सिंह मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जयपुर में हुई बैठक में झारखंड पुलिस की हुई सराहना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पीएम मोदी की अध्यक्षता में पांच से सात जनवरी तक जयपुर में आयोजित डीजीपी-आईजी की बैठक में झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह शामिल हुए। इस दौरान झारखंड पुलिस की कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों का उल्लेख किया गया और सराहा गया। नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई को लेकर झारखंड पुलिस की सराहना हुई। पुलिस को और बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण नीतिगत मामलों में गहन विमर्श हुआ। आने वाले समय के लिए एक रोड मैप मिला है।



**बेस्ट प्रैक्टिस का भी इस सम्मेलन में उल्लेख किया गया :** झारखंड पुलिस द्वारा संचालित बेस्ट प्रैक्टिस का भी इस सम्मेलन में उल्लेख किया गया। झारखंड पुलिस द्वारा संचालित ई-बीट पुलिसिंग के बारे बताया गया। झारखंड पुलिस ने डीजीपी/आईजी कॉन्फ्रेंस पोर्टल को क्रियान्वित किया है, जो पूरे देश में क्रियान्वयन करने वाला पहला राज्य बना है।

# सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ को लेकर सोशल मीडिया पर कल से चलाया जायेगा अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य में शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित अनूठी पहल सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ के सकारात्मक परिणाम को देखते हुए गुरुवार को सभी जिलों में स्कूल आते बच्चों की सीटी बजाती हुई तस्वीर या वीडियो #सिटी बजाओ को टैग करते हुए पोस्ट किया जाएगा। इस सोशल मीडिया महाअभियान में प्रत्येक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी, संकुल साधन सेवी, शिक्षक, छात्र छात्राये, अभिभावक आदि भाग लेंगे। इस महाअभियान में समाज के प्रबुद्धजन, मुखिया, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इनके अलावा सरस्वती वाहिनी के सदस्य एवं माता समिति के सदस्य भी इसमें शामिल होंगे।



### जिला शिक्षा पदाधिकारियों की बैठक

सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ महाअभियान के संदर्भ में राज्य शिक्षा सचिव के रवि कुमार के निर्देश पर गुरुवार को विभिन्न जिलों में 11 जनवरी के महाअभियान को देखते हुए बैठक की गयी। इसमें जिला के सभी ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही 11 जनवरी के दिन इस महाअभियान की व्यापक सफलता को लेकर पदाधिकारियों को ब्लॉक स्तर तक हर विद्यालय में पूरी तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है।

### स्कूलों में पर्याप्त सीटी हो उपलब्ध

सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ सोशल मीडिया महाअभियान को देखते हुए स्कूलों को पर्याप्त सीटी रखने का निर्देश दिया गया है। राज्य शिक्षा सचिव ने सभी जिला पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर पर्याप्त संख्या में सीटी मौजूद रखने का निर्देश दिया है। जिन विद्यालयों ने अबतक सीटी का क्रय नहीं किया है, उन्हें तत्काल इसका क्रय कर लेने का निर्देश दिया गया है।

### सिमडेगा से शुरू हुआ था अभियान

सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ अभियान को सिमडेगा जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था। जिले में इसके सकारात्मक परिणाम को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पूरे राज्य में इस अभियान को सीटी बजाओ, स्कूल बुलाओ अभियान के रूप में शुरू करने का निर्णय लिया।

### नोडल पदाधिकारी किए गए नियुक्त

सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए जिला, ब्लॉक एवं संकुल स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। जिलास्तर पर एडीपीओ, ब्लॉक स्तर पर बीपीओ और संकुल स्तर पर सीआरपी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस कार्यक्रम को प्रयास, एसएमसी, रुआर और पीटीएम से भी जोड़ा जाएगा। राज्य शिक्षा परियोजना ने सभी जिलों को जारी दिशा निर्देशों में स्पष्ट किया है कि इस सोशल मीडिया महाअभियान की सफलता के लिए सोशल मीडिया के सभी माध्यमों का इस्तेमाल करें।

### सांसद निशिकांत की पत्नी को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**रांची।** देवघर में भूमि खरीद मामले में गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी अनामिका गौतम के खिलाफ झारखंड सरकार के द्वारा दाखिल एसएलपी को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। राज्य सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी और अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने शीर्ष अदालत में पक्ष रखा। वहीं अनामिका गौतम की ओर से वरीय अधिवक्ता मुकुल रहतोगी और ऋषि कुमार ने बहस की। दरअसल, झारखंड सरकार ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी। एसएलपी के माध्यम से झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी। जिसमें हाईकोर्ट ने देवघर में अनामिका गौतम के नाम से खरीदी गई भूमि के मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश दिया था। यह मामला देवघर की उस भूमि खरीद से जुड़ा है जिसमे विष्णुकांत झा ने आरोप लगाया था कि जिस जमीन की मार्केट वैल्यू लगभग 19 करोड़ रुपये है उसकी रजिस्ट्री 3 करोड़ रुपये में हुई है।

सुप्रभात

रांची, बुधवार

10.01.2024

नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 178 06


गूगल ने भी माना हिंदी का लोहा

## न्यूज डायरी

### मोहम्मद शमी अर्जुन अवार्ड से सम्मानित

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को 28 खिलाड़ियों को खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के कारण अवार्ड से सम्मानित किया। इनमें भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी समेत 26 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड और 2 खिलाड़ियों को खेल रत्न से सम्मानित किया गया। खेल का सबसे बड़ा सम्मान खेल रत्न अवार्ड चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी को दिया गया।

### लक्षद्वीप में अब बनेगा नया एयरपोर्ट

नयी दिल्ली। पूरी दुनिया की नजर लक्षद्वीप और मालदीव विवाद पर जमी है। वहीं, भारत सरकार का लक्षद्वीप को लेकर अलग प्लान सामने आया है। खबर है कि केंद्र सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड्स पर एयरपोर्ट बनाने की दिशा में काम कर रही है।

### कार्यक्रम के लिए चारों शंकराचार्य को निमंत्रण

नयी दिल्ली। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में चारों पूज्यनीय जगद्गुरू शंकराचार्य आमंत्रित किये गये हैं। सोशल मीडिया पर इसे लेकर कई तरह की अफवाहें भी चल रही है। बताते चलें कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन होगा।

### सीएम ने बुरु हत्याकांड के शहीदों को किया नमन

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में जलियांवाला बाग जैसी कई वीभत्स घटनाएं इतिहास के पन्नों में खोयी हुई हैं। श्री सोरेन ने एक्स पर मंगलवार को कहा कि अमर वीर शहीदों और महान आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान से यहां की मिट्टी सनी हुई है। डोंबारी बुरु हत्याकांड के अमर वीर शहीदों की शहादत को शत-शत नमन।

### खूंटी थाना के एसआइ रिश्वत लेते गिरफ्तार

खूंटी। खूंटी थाना के एसआई श्रीकांत कुमार को एसीबी की टीम ने मंगलवार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ कर अपने साथ ले गयी। उन्होंने माइनिंग एक्ट के एक मामले में उक्त पुलिस अधिकारी ने एक व्यक्ति से रिश्वत की मांग की थी।

### शास्त्रीय संगीत गायक उस्ताद रशीद का निधन

कोलकाता। शास्त्रीय संगीत के मशहूर गायक उस्ताद रशीद खान (55 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया है। कोलकाता के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना पर सीएम ममता बनर्जी अस्पताल पहुंचीं।

### गैब्रियल अटल बने फ्रांस के सबसे युवा प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। राजनैतिक उथल-पुथल का सामने कर रहे फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रो ने 34 साल के गैब्रियल अटल को फ्रांस का प्रधानमंत्री नामित किया है। इसके बाद गैब्रियल अटल फ्रांस के सबसे युवा समलैंगिक प्रधानमंत्री बन गये।


गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |


## तीसरी आंख




झारखंड कैबिनेट का फैसला : रांची में होटल ताज खोलने समेत 34 प्रस्तावों को मंजूरी

# अब बाहरी एजेंसी के बुलावे पर सीधे नहीं जायेंगे अधिकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड कैबिनेट की बैठक में 34 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी है। इसमें सबसे खास है कि अब राज्य के बाहर की एजेंसियों के बुलावे पर कोई भी अधिकारी सीधे नहीं जायेगा। समन मिलने पर उन्हें पहले अपने संबंधित विभाग के माध्यम से कैबिनेट को बताना होगा। इसके बाद कैबिनेट ये तय करेंगे उन्हें इडी, सीबीआइ या आइटी जैसे किसी अन्य बाहरी एजेंसी के सामने हाजिर होना है या नहीं। साथ ही राजधानी रांची में विश्वस्तरीय पर्यटन अवसंरचना के रूप में 'ताज होटल' के निर्माण के लिए भूमि लीज पर आवंटित करने की स्वीकृति दी गयी। झारखंड आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन एवं मानदेय (अन्य शर्तों सहित) नियमावली 2022 में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।



**बाहरी एजेंसियों के समन पर एसओपी जारी :** कैबिनेट ने राज्य सरकार के पदाधिकारियों को राज्य के बाहर की एजेंसियों के द्वारा भेजे जाने वाले समन या नोटिस को लेकर एसओपी की स्वीकृति दी है। इसके तहत समन मिलने के पश्चात अधिकारी पहले मंत्रिमंडल निगरानी विभाग से मार्गदर्शन लेंगे। मंत्रिमंडल निगरानी विभाग विधि सलाह लेकर अग्रतर कार्रवाई करेगी। कैबिनेट में बाहरी एजेंसियों के समन/नोटिस के अनुपालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की स्वीकृति दी गयी। झारखंड में ईडी-सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के लिये हेमंत कैबिनेट ने बड़ा फैसला लिया है। राज्य कैबिनेट ने इसके लिए दिशा निर्देश बनाने का काम मंत्रिमंडल निगरानी विभाग को सौंपा है। इस निर्णय के दायरे में केंद्रीय एजेंसियां भी आयेंगी। नोटिस मिलने के बाद कोई भी अधिकारी अपने विभागीय प्रमुख के माध्यम से मंत्रिमंडल निगरानी विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे और फिर सम्मन पर जवाब देंगे।

### होटल ताज के लिए भूमि

बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि रांची स्मार्ट सिटी कोर कैपिटल एरिया में ताज होटल के लिए 6 एकड़ जमीन आवंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। 126 करोड़ की लागत से नामकुम से डोरंडा तक फोन लेन रोड़ का निर्माण होगा। अफसरों को उनके काम आसान बनाने के लिए लैपटॉप की सुविधा मिलेगी। रांची सहित राज्य के 8 जिलों में खुलेगा साइबर थाना। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण फैसलों को स्वीकृति दी गयी। झारखंड के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों के शिविरों के दौरान भोजन भत्ता में वृद्धि की स्वीकृति दी गयी।

### कैबिनेट के अन्य प्रमुख फैसले

पाकुड़ के कोयला मोड़ से छोटा मोहनपुर सड़क बनेगी। इसपर कुल 44 करोड़ खर्च होंगे। गढ़वा के हूर मोड़ से डाल्टनगंज सड़क के लिए 86 करोड़ की लागत से सड़क बनेगी। गिरिडीह स्थित बोडो एयरपोर्ट के रनवे विस्तार के लिए 25 एकड़ भूमि के अधिग्रहण एवं उसमें शामिल 17.9 एकड़ रैयती भूमि के अधिग्रहण के लिए 60.75 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। पथ प्रमंडल रांची अंतर्गत नामकुम-डोरंडा फोर लेन सड़क की पुर्नरीक्षित राशि की स्वीकृति दी गई। खूंटी-तोरपा कोलेबिरा पथ के लिये 30 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति। डॉ सीमा साहू को बर्खास्त करने की स्वीकृति। 2021 से अनुपस्थित थी। एनसीसी कैडेट कोड के भोजन भत्ता में वृद्धि की स्वीकृति। अब 95 रुपया की जगह 150 रुपया मिलेगा। डॉ संजय कुमार को सेवा से बर्खास्त करने की स्वीकृति। जून 2016 से अनुपस्थित थे। झारखंड आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सेवा, चयन नियमावली में बदलाव की स्वीकृति। 277.32 करोड़ से बनेगा 2500 आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन। पंडित रघुनाथ मुर्मू युनिवर्सिटी के संचालन के लिए पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई। वित्तीय वर्ष 2023-24के द्वितीय अनुपुरुक व्यय विवरणी की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई। अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के धार्मिक स्थलों की घेराबंदी के लिये रुपरेखा की स्वीकृति। अधिकतम 50 लाख खर्च होंगे।

# धनबाद में बनेगा राज्य का दूसरा एलिवेटेड कॉरिडोर

- एलिवेटेड कॉरिडोर को लेकर कंसलटेंसी की खोज शुरू

सुधीर

रांची। राजधानी रांची के रातू रोड के बाद अब धनबाद में बनेगा राज्य का दूसरा फ्लाईओवर एलिवेटेड कॉरिडोर। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य सरकार ने धनबाद के हीरक प्वाइंट चौक के समीप फ्लाईओवर एलिवेटेड कॉरिडोर का निमाण का निर्णय लिया है। यह फोरलेन एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण हीरक चौक के समीप मेमको मोड़ में होगा। कांनको-तेतुलमारी-भूली-धनबाद रोड और श्रमिक चौक-बरवआड्डा तक चार लेन रोड भी बनाया जायेगा।

**एलिवेटेड कॉरिडोर का डीपीआर बनेगा :** पथ निर्माण विभाग ने एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए कंसलटेंट की तलाश की जा रही है। कंसलटेंट इस महत्वपूर्ण कॉरिडोर का डीपीआर तैयार करायेगा। सारा कुछ फाइनल होने के बाद सरकार से इसकी स्वीकृति ली जायेगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इसी वित्त वर्ष में इस पर स्वीकृति ले ली जायेगी, ताकि जल्द से जल्द काम प्रारंभ कराया जा सके। इस कॉरिडोर के बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा होगा, हर दिन लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी।

### राज सिन्हा ने सदन में उठाया था मामला

धनबाद विधायक राज सिन्हा हीरक प्वाइंट चौक पर लगने वाले जाम और परेशानियों को लेकर कई बार आवाज उठा चुके हैं। सरकार के पास भी इस विषय को संज्ञान में लाते रहे हैं। यहां तक कि पिछले दिनों संपन्न झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी उन्होंने ध्यानाकर्षण के जरिये सरकार से इसके लिए पहल करने की अपील की थी। इसके बाद ही सीएम हेमंत सोरेन ने इसके निर्माण को प्रमुखता से लेते हुए डीपीआर बनाने का निर्देश दिया था। सीएम के निर्देश के बाद पथ निर्माण विभाग ने फ्लाईओवर एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को लेकर डीपीआर बनाने के लिए कंसलटेंट की तलाश शुरू कर दी है।

### झारखंड के 40 पुलिस जवानों को मिलेगा पदक

रांची। राज्य स्थापना दिवस पर झारखंड पुलिस के अधिकारियों और कर्मियों को मिलने वाले राज्य झारखंड राज्यपाल पदक, झारखंड मुख्यमंत्री पदक और झारखंड पुलिस पदक के लिए नामों का ऐलान कर दिया गया है। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्य के 40 अधिकारियों और कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए झारखंड राज्यपाल पदक, वीरता के लिए झारखंड मुख्यमंत्री पदक और सराहनीय सेवा के लिए झारखंड पुलिस पदक दिये जायेंगे। वशिष्ट सेवा के लिए झारखंड राज्यपाल पदक आइपीएस अश्विनी सिन्हा, पुलिस निरीक्षक असित कुमार मोदी, आरक्षी सचिन सुंबा, आरक्षी राजू सिंह क्षेत्री को मिलेगा। वहीं वीरता के लिए झारखंड मुख्यमंत्री पदक पुलिस अवर निरीक्षक सनोज कुमार चौधरी, आरक्षी प्रकाश कुमार यादव, पुलिस अवर निरीक्षक सुभाष चंद्र लकड़ाडी, एसपी नीरज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सोनू कुमार साहू को दिया जायेगा।

# लैब टेक्नीशियन की नियुक्तियां कोर्ट से रद्द

## हाइकोर्ट ने कहा- रिम्स में नये सिरे से करे बहाली

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने रिम्स में लैब टेक्निशियन की 28 नियुक्तियां रद्द कर दी हैं। ये नियुक्तियां साल 2020 में की गयी थी। अदालत ने कहा कि इनकी नियुक्ति गलत अहर्ता के आधार पर की गयी थी। कोर्ट ने यह फैसला एक रिट याचिक पर सुनवाई करते हुए सुनाया है। मंगलवार को हाइकोर्ट ने अपने फैसले में नियुक्तियां रद्द करते हुए आदेश दिया कि नये सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करें और वैध अहर्ता के साथ लिखित परीक्षा और अनुभव के आधार पर नियुक्ति करें।

रिम्स में लैब टेक्निशियन की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए प्रार्थी भुवन भास्कर ने अदालत में रिट याचिका दायर की थी। याचिका के अनुसार लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति गलत अर्हता के साथ की गयी है। इस पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि केंद्र सरकार का निर्देश है कि स्किल टेस्ट के अंक परीक्षा में नहीं जोड़ सकते हैं। जबकि इस नियुक्ति में स्किल टेस्ट के अंक को भी जोड़ते हुए नियुक्ति की गयी है। इसी आधार पर हाइकोर्ट ने 28 नियुक्तियों को रद्द कर दी और नये सिरे से भर्ती करने का आदेश दिया। प्रार्थी भुवन के अधिवक्ता समीर सौरभ ने पक्ष रखा था।

### 2020 में हुए थे बहाल

मालूम हो कि रांची रिम्स ने साल 2019 में लैब टेक्नीशियन के लिए बहाली की थी। 2020 में इसका रिजल्ट आया था, जिसमें 28 लैब अभ्यर्थी चुने गये थे। नियुक्ति के बाद वे रिम्स में कार्यरत हैं। इधर अदालत में प्रार्थी भुवन की याचिका पर सुनवाई हो रही थी। साल 2022 के जून महीने में अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



अवैध खनन : इडी ने पप्पू यादव से की पूछताछ

# पूर्व विधायक ने कहा- डीसी से थे हमारे व्यावसायिक संबंध

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन और गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में इडी की कार्रवाई जारी है। इस मामले में पूर्व विधायक पप्पू यादव से पूछताछ के लिए समन भेजा गया था। मंगलवार को दिन के 11 बजे पप्पू यादव को इडी दफ्तर पहुचना था, तय समय पर पप्पू यादव इडी दफ्तर पहुंचे। रजिस्टर एंट्री करने के बाद पूर्व विधायक सीधे इडी के दफ्तर में चले गये। आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद उनसे पूछताछ शुरू की गयी। पूर्व एमएलए पप्पू यादव साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव से व्यावसायिक संबधों की वजह से एजेंसी के रडार पर आये हैं। इडी पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि डीसी से उनके व्यावसायिक संबंध थे। बिहार के कटोरिया क्षेत्र के पूर्व विधायक राजकिशोर यादव उर्फ पप्पू यादव को इडी ने समन जारी करते हुए 9 जनवरी के दिन के 11 बजे एजेंसी के दफ्तर पूछताछ के लिए बुलाया था।




(शेष पेज 11 पर)


# लैंड फॉर जॉब : लालू की दूसरी बेटी हेमा पर भी चार्जशीट दायर

- इडी ने राबड़ी, मीसा और अन्य के खिलाफ किया आरोप पत्र दायर





एजेंसी

नयी दिल्ली/पटना। राजद सुप्रीमो लालू यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। जमीन के बदले नौकरी के मामले में मंगलवार को इडी ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दिया है। इस बार लालू यादव की पत्नी पूर्व सीएम राबड़ी देवी के अलावा उनकी बेटी मीसा भारती, दूसरी बेटी हेमा यादव, हृदय आनंद और अमित कात्याल को आरोपी बनाया गया है।

**16 जनवरी को सुनवाई :** कुछ दिन पहले ही अमित कात्याल को इडी ने गिरफ्तार किया था। जमीन के बदले नौकरी मामले में परिवर्तन निदेशालय से पहले सीबीआइ ने भी मामला दर्ज किया है। सीबीआई की सुनवाई राउज एवेन्यु चल रही है। 16 जनवरी को अगली सुनवाई होगी। इस मामले में 22 दिसंबर 2023 को लालू यादव और तेजस्वी यादव को परिवर्तन निदेशालय पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन, पिता और पुत्र दोनों ही इस पेशी में नहीं गये। 5 जनवरी 2024 को तेजस्वी यादव को एक बार फिर से आईडी ने ने बुलाया था लेकिन, तेजस्वी यादव ने व्यस्त होने का हवाला देकर पूछताछ के लिए नहीं गये।

**क्या है मामला :** लालू यादव यूपीए में जब केंद्रीय रेल मंत्री थे, उस समय पूरे देश में रेलवे के लिए बहाली निकली थी। लालू यादव के परिवार पर आरोप है कि नौकरी देने के एवज में लोगों से जमीन लिये गये थे। बड़े ही सुनियोजित तरीके से कंपनी बनाकर लोगों से जमीन हस्तांतरित कराये गये और उसके बदले नौकरी दिये जाने का मामला सामने आया। अमित कात्याल कंपनी के निदेशक थे जिसे हाल में ईडी ने गिरफ्तार किया है।

# सेरेंगदाग माइंस में बम से हमला, कई वाहन फूंके

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। लोहरदगा-गुमला जिले के सीमावर्ती इलाके में लंबे समय के बाद भाकपा माओवादी नक्सली संगठन ने फिर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। गुमला के सेरेंगदाग माइंस में सोमवार की देर रात माओवादियों ने बमों से हमला कर दिया। इस दौरान करीब 9 वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। गाड़ी पर बम भी फेंके। जानकारी के मुताबिक, कुख्यात माओवादी रविंद्र गंझू ने घटना को अंजाम दिया है। माओवादियों ने एक पर्चा छोड़ कर घटना की जिम्मेदारी ली है। इधर, घटना की सूचना पर मंगलवार की सुबह एसपी, एसएसपी सहित कई अधिकारी पहुंचे।

**पांच साल बाद फिर सक्रिय :** इलाके में करीब पांच साल तक से शांत बैठे नक्सली फिर सक्रिय हो गये हैं। पुराना पुलिस पिकेट सतकोनवा में खड़ी एक दर्जन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब एक से दो बजे के बीच नक्सली पहुंचे। उस वक्त चार मजदूर पुराना पुलिस पिकेट में सो रहे थे। नक्सलियों ने उन मजदूरों को उठाया। डीजल मांगकर सभी गाड़ियों में आग लगा दी। मजदूरों को पर्चा देते हुए माइंस क्षेत्र में काम बंद रखने की धमकी दी है। आग लगाने के बाद नक्सली निकल गये। करीब 6-7 की संख्या में आये नक्सलियों ने करीब आधे घंटे तक उत्पात मचाया।

# राम मंदिर में लगा सोने का पहला दरवाजा

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व त्रेता युग की धर्म नगरी जैसी सज रही अयोध्या




रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

अयोध्या। राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अंतिम दौर में चल रही हैं। राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। वहीं, राम मंदिर में सोने के दरवाजे लगाने का काम शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर आयी तस्वीरों में देख सकते हैं कि गेट नंबर 11 पर सोने की परत का दरवाजा लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक, ऐसे 13 और दरवाजे लगाये जायेंगे। इससे पहले राम मंदिर में मूर्तियों की स्थापना की जा रही है। अयोध्या से सोमवार जटायु की मूर्ति पहुंची है। जटायु की मूर्ति को राम मंदिर परिसर में स्थापित की जायेगी। मूर्ति अयोध्या मंदिर में बने कुबेर टीला पर लगा दी गयी है। जटायु की यह मूर्ति 20 फीट चौड़ी और 8 फीट ऊंची है। इसे बनाने में करीब 3 महीने का वक्त लगा था।




(शेष पेज 11 पर)


### 22 को स्कूल रहेंगे बंद, ड्राई-डे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देख 22 जनवरी को प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित कर दिया है। इस विशिष्ट अवसर को राष्ट्रीय उत्सव की संज्ञा देते हुए कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जायें। मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आये मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन-पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का डिजिटल टूरिस्ट एप विकसित इसी सप्ताह तैयार करा लें। इसमें अयोध्या में मौजूद सभी आधारभूत सुविधाओं एवं प्रमुख स्थलों की जानकारी वॉक थ्रू के माध्यम से उपलब्ध हो।

# धनबाद : खनन व्यवसायी सबरवाल के यहां इडी छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने मंगलवार को धनबाद में ट्रांससपोर्टर व बालू व्यवसायी गुरप्रीत सिंह सबरवाल उर्फ गुन्नू सरदार के घर व ऑफिस में छापेमारी की। ईडी की टीम उनके जोड़ाफाटक रोड स्थित आवास एवं सुपर बाजार बिल्डिंग स्थित कार्यालय में तलाशी ली। छापेमारी के दौरान गुन्नू सरदार मौके पर मौजूद नहीं थे। उनके पिता से ही ईडी की टीम द्वारा जानकारी ली गयी। वहां दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। दो वर्ष पहले गुरप्रीत सिंह सबरवाल हरियाणा शिफ्ट कर गये हैं। कहा जा रहा है कि हरियाणा के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के यहां पांच जनवरी को ईडी की छापेमारी के दौरान मिले दस्तावेज के आधार पर झारखंड के धनबाद में छापेमारी हो रही है। अवैध खनन व मनी लॉड्रिंग मामले में इनेलो नेता अभय चौटाला के समधी और पूर्व विधायक दिलबाग सिंह के ठिकानों पर ईडी की कार्रवाई सोमवार को पांचवें दिन पूरी हुई थी। ईडी की टीम ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। लेसर स्थित उनके फार्म हाउस से विदेशी हथियार मिले थे। ईडी की टीम ने उनकी प्रॉपर्टी और बैंक संबंधी डिटेल गहनता से खंगाला था। ईडी की टीम मंगलवार सुबह खनन कारोबारी गुरप्रीत सभरवाल के घर पर पहुंची थी। खनन कारोबारी मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है। इडी की टीम मंगलवार की सुबह लगभग छह बजे ट्रांससपोर्टर व बालू व्यवसायी गुरप्रीत सिंह सबरवाल के धनबाद स्थि आवास पर पहुंची। सुबह नौ बजे के करीब दफ्तर में तलाशी शुरू की।

## स्पीड न्यूज

### प्रशासन पर पूर्ण विश्वास है, बागेश्वर सरकार आयेंगे पलामू : अरुणा शंकर



मेदिनीनगर। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कल उपायुक्त पलामू द्वारा उपायुक्त कार्यालय में 11:30 बजे हनुमंत कथा कराने हेतु एक उच्च स्तरीय प्रशासनिक बैठक रखी गई है। मुझे पूर्ण विश्वास है जिला प्रशासन समीक्षा उपरांत हम सब को बागेश्वर धाम श्री धीरेंद्र शास्त्री सरकार को पलामू में कथा कराने की अनुमति अवश्य देगी। प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर ने बताया इस कार्यक्रम में श्री धीरेंद्र शास्त्री जी के दर्शन एवं कथा सुनने के लिए पूरे राज्य के लोगों में उत्सुकता है। सभी की निगाहें कल के होने वाले जिला प्रशासन की बैठक के निर्णय पर लगी रहेगी।

### मानव जीवन में सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं : राकेश सिंह



**मेदिनीनगर।** शहर क्षेत्र के बैरिया निवासी सह समाजसेवी राकेश सिंह के सौजन्य से गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर बैरिया के सैकड़ो बुजुर्ग महिला और पुरुष कंबल मिलने से खुश दिसे। सर्दी के मौसम में कम्बल पाकर बुजुर्गो सहित अन्य गरीब गुरबों की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए समाजसेवी ने कहा कि मानव जीवन में सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। इस बावत बुजुर्ग ने कहा कि आज हर कोई अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति में दिन रात व्यस्त है। ऐसे में समाजसेवा के लिये आर्थिक सहयोग करने वाले व्यक्ति धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कंपकपाती ठंड में सैकड़ों जरूरतमंदों को कम्बल उपलब्ध कराने के लिए राकेश सिंह व मुकेश सिंह की सराहना की। मौके पर मुकेश सिंह,ग्रीन सिंह,फूनी राम, भोलू यादव, टीपू भूईयां आदि मौजूद थे।

### पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने छतरपुर में ग्रामीणों से मिलकर सुनी समस्या



**छतरपुर पलामू।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सुधा चौधरी ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भीखही पलवा और कई सुदूरवर्ती गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। उन्होंने हर हाल में ग्रामीणों की समस्या समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि छतरपुर पाटन विस क्षेत्र में विकास कार्य रूक सा गया है। ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा तक मुहैया नहीं कराया जा रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति को अधिकार से वंचित नहीं होने दिया जायेगा। मौके पर जदयू के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे, महासचिव सुरेंद्र यादव, उपाध्यक्ष राजपति प्रजापति, अवध किशोर सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

### समाज के विकास के लिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना जरूरी: बीडीओ



**पड़वा पलामू।** प्रखण्ड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का काम खासकर महिलाओं के लिए काफी रूचिकर होती है, इसलिए महिलाएं यदि लगन व ईमानदारी के साथ अपना रोजगार कर जीने का साधन मानकर प्रशिक्षण हासिल करेंगी तो निश्चित रूप से इस काम को आसानी से जीविकोपार्जन का साधन बना सकती है। आर्टिफिशियल ज्वेलरी का डिमांड काफी बढ़ गया है। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस की सीएसआर टीम द्वारा आर्टिफिशियल ज्वेलरी मेकिंग का आयोजित 13 दिवसीय प्रशिक्षण के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे। प्रशिक्षण का उदघाटन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, बीपीओ स्वीटी सिन्हा, मुखिया शंकर साव व सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह की अध्यक्षता सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने की। बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने महिलाओं को स्वरोजगार का साधन उपलब्ध कराने का जो प्रयास कर रही है वह बहुत ही सराहनीय है। बीपीओ स्वीटी सिन्हा ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने कहा कि खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले महिलाएं आत्मनिर्भर बनें इसी उद्देश्य को लेकर यह प्रशिक्षण आयोजित की है। इस मौके पर जेएसएलपीएस के मुकेश तिवारी, गिरेन्द्र मिश्रा, सुहानी कुमारी, अनीता भगत, प्रिंस सिंह, रेणु देवी,संगीता गोयल आदि मौजूद थे।

### आरपीएस स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला छतरपुर मुख्य मार्ग ग्राम संढा में आरपीएस पब्लिक स्कूल में समाजिक विज्ञान पर आधारित वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें चार सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें इंडिया नीड्स टू चेंज इट्स क्रॉपिंग पैटर्न, ग्लोबल वार्मिंग हैज नो सॉल्यूशन पर अपने विचारों से निर्णायक मंडली एवं सदन को ज्ञान का अवलोकन कराया। मौके पर प्राचार्य मनुज शर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह पठन पाठन क्रिया से बच्चों में कम्पटीशन और आत्मविश्वास बढ़ता हैं जिससे बौद्धिक विकास के साथ साथ व्यक्तित्व विकास यानी चरित्र निर्माण भी होता हैं। बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोहन सिंह कक्षा 7, रौशन कुमार कक्षा 6 एवं द्वितीय स्थान पर हैप्पी सिंह कक्षा 9 नैतिक कुशवाहा कक्षा 6,तृतीय स्थान पर सत्यम सिंह कक्षा 9 अंशिका कुमारी कक्षा 6 सफल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरती सिंह, वंही निर्णायक मंडल में अनुप्रिया सिंह विकास नायक दीपक महतो,रूपेश रंजन मिश्रा अविनाश कुमार ने योगदान दिया।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से आई समस्या का जल्द समाधान हो : बिट्टू पाठक



मेदिनीनगर। पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन जिला कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। समीक्षा बैठक में पंचायत स्तरीय सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम और 14 जनवरी से प्रारंभ होने वाले भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर चर्चा की गई। बिट्टू पाठक ने कहा कि झारखंड सरकार ने आम अवाम के जन समस्याओं का समाधान करने के लिए पंचायत स्तर पर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन करवाया। लेकिन बहुत सारे समस्याएं जिनका समाधान नहीं हो पाया है चाहे वह अबुआ आवास का हो, जमीन संबंधी हो ऑनलाइन संबंधी हो राशन कार्ड संबंधी हो उन समस्या का समाधान करने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने-अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी से संपर्क बनाएं और आम अवाम के जन समस्याओं का समाधान करायें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी 14 जनवरी आदरणीय राहुल गांधी जी भारत जोड़ो न्याय यात्रा प्रारंभ करेंगे। पलामू जिले के सभी प्रखंडों में भी न्याय यात्रा का आयोजन किया गया है। बैठक में ईश्वरी प्रसाद सिंह, सिद्धनाथ गुप्ता, जितेंद्र कमलापुरी, आशीष शुक्ला, महानगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, रविंद्र तिवारी, प्रमोद यादव, रंजीत पासवान, परवेज आलम, खुर्शीद आलम, अभय कुमार पांडे, सिराजुद्दीन अंसारी, संजीव कुमार सिंह, ऋषि पांडे, मुस्ताक आलम, मीर खुर्शीद आलम, विष्णु देव यादव, अकबर, डॉ एजाज अंसारी अंसारी, सुरेंद्र शुक्ला, शैलेश मेहता आदि मौजूद थे।

# केंद्र की योजनाओं को धरातल पर नहीं उतार रही हेमंत सरकार : डॉ मेहता

भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम पांकी के सकलदीपा व ताल पंचायत में किया गया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के सकलदिपा व ताल पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना हमारा संकल्प विकसित भारत का लाइव दिखाया गया। इस मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। योजनाओं का लाभ देने के लिए केंद्र सरकार उनके द्वारा तक पहुंच रही है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक किया जा है। सभा को संबोधित करते हुए डा मेहता ने कहा कि देश आजादी के बाद नरेंद्र मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हुए जिन्होंने गांव, टोला, गरीब, किसान, दलित, वंचित परिवार को ध्यान में रखकर योजना तैयार कर धरातल पर उतारा। जिसका लाभ आज झारखंड ही नही देश के प्रत्येक राज्य व जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर के लोग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित, शोषित, आदिवासी, पिछड़ी जाति समेत सभी वर्ग के गरीब परिवार को पक्का मकान, गैस चुल्हा, गंभीर रोग से निजात पाने का पेंशन योजना समेत अन्य कई योजना का लाभ मिल पायेगा कि नहीं यह उनकी सपना थी। जिसे मोदी सरकार ने गारंटी के साथ देने का काम किया। आज गरीब परिवार भी गर्व के साथ पक्के के मकान में रह रहे हैं। धुआं से बच रहे हैं। गंभीर रोग का ईलाज आयुष्मान कार्ड के माध्यम से करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए प्रधानमंत्री ने कई ऐसे योजना को लागू किये हैं जिसे झारखंड की हेमंत सरकार धरातल पर उतारना नहीं चाहती है। कारण कि लोग यह जान जायेंगे कि यह योजना मोदी सरकार की है तो हमारा राजनीत ध्वस्त हो जायेगा। इसलिए प्रधानमंत्री ने भारत विकसित संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं से जागरूकत कराया जा रहा है ताकि लोग योजना का लाभ ले सकें। मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, पांकी भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, सकलदिपा पंचायत के मुखिया, ताल पंचायत के मुखिया अनीता लोहरा, मधु जी, रीमा शर्मा, रोशन सिंह, कार्तिक सिंह, सुधीर तिवारी, विस्तारक कमलेश पासवान, दिलीप मेहता, मंटू शर्मा, बाबूलाल साव, सुंदरलाल उरांव, पंचायत समिति, उप मुखिया, ग्रामीण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में आयुष ने जीता सिल्वर मेडल



**विश्रामपुर पलामू।** हरियाणा के पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत शंखा गांव निवासी आयुष कुमार दूबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता है। मेडल जीत कर घर वापस पहुंचने पर ग्रामीणों ने आयुष का जोरदार स्वागत किया। यहां बताते चलें कि हरियाणा के पानीपत में आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से डीएभी स्कूल के विद्यार्थी हिस्सा लिए थे। जिसमें बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए आयुष ने सिल्वर मेडल जीता। इससे पहले आयुष हासिल कर चुका है। आयुष के पिता बलवंत दूबे रेहला बिजली विभाग में बतौर क्लर्क पदस्थापित हैं। उन्होंने बताया कि आयुष बचपन से हीं काफी होनहार रहा है। वह शिक्षा के साथ खेल में भी हमेशा बेहतर करता रहा है। इधर आयुष के इस सफलता पर कई लोगों ने उसे बधाई दी है।

# हिट एंड रन कानून की आड़ में मनमाने तरीके से चालकों ने किया सड़क जाम

छतरपुर नगर पंचायत स्थित नवनिर्मित फोरलेन सड़क को मंगलवार को जाम कर दिया, जिससें दोनों तरफ हजारों गाड़ियां फंसी रही





**मित्तल सिंह**

**छतरपुर पलामू।** हिट एंड रन कानून के आड़ में मनमाने तरीके से तथाकथित चालकों ने फिर से छतरपुर नगर पंचायत स्थित नवनिर्मित फोरलेन सड़क को मंगलवार को 9 बजे से जाम कर दिया जिसमें दोनों तरफ हजारों गाड़ियां फंसे रहे। बिना कोई पूर्व सूचना के ही सड़क जाम करने से कई यात्री सहित एम्बुलेंस भी जाम में दिखा तथा चालकों के आगे कई यात्री व महिलाओं को याचना करते देखा गया लेकिन इन लोगों ने एक नहीं सुनी। छतरपुर चालक संघ ने उग्र होकर चौहान बस को क्षतिग्रस्त कर दिया और पुलिस के साथ झड़प भी हुई। चालक संघ ने पूर्व सासंद भाजपा नेता मनोज कुमार के इनोवा गाड़ी का भी शीशा तोड़ा। जाम के दौरान पहुंचने पर शरारती तत्वओं ने छतरपुर विधायक पुष्पा देवी पर भी पथराव किया है। ज्ञातव्य हो कि प्रस्तावित हिट एंड रन कानून को स्थगित किया गया है। जाम की जानकारी मिलने पर छतरपुर सीओ नित्यानंद प्रसाद, पुलिस निरीक्षक वीर सिंह मुंडा सहित प्रशासन के अन्य लोग भी चालकों को समझा बूझाकर जाम हटवाने की कोशिश की परंतु यह सब कुछ करने के बाद भी लगभग कोई फर्क नहीं दिखा। सड़क जाम कर रहे कई चालकों ने अपने मोबाइल फोन प्रशासन के लोगों से दिखाकर यह बोलते नजर आए कि यह कानून लागू की जा रही है परंतु इस पर प्रशासन के लोग सबको बार-बार समझाते रहे कि यह सब कुछ अफवाह फैलाई जा रही है आप इसके चक्कर में ना पड़े फिलहाल हिट एंड रन कानून को स्थगित कर दिया गया है। सड़क जाम के दौरान चालकों में काफी आक्रोश दिखा वे बार-बार ड्राइवर एकता जिंदाबाद के नारे लगाते हुए सड़कों पर अड़े रहे। प्रशासन प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई कर रही है।

# अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म अपनाने से ही खुलेगा जन्नत का दरवाजा : कौशल किशोर

पर्यावरणविद जायसवाल ने अजमेर जा रहे यात्रियों को पौधा से स्वागत कर किया रवाना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छतरपुर पलामू।** छतरपुर अनुमंडल के डाली बाजार पंचायत मुख्यालय स्थित आजाद नगर में सोमवार को आयोजित सम्मान समारोह में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने जा रहे पंचायत वासियों को फूल माला के साथ ड्राई फूड और थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम का पौधा देकर उन्हें सम्मान पूर्वक रवाना किया। पर्यावरणविद ने सभी अकीदतमंदों की सुखद व सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दी। कौशल ने कहा कि हिंदू भाइयों को स्वर्ग का और मुस्लिम भाइयों को जन्नत का दरवाजा खोलने के लिए खुदा का दिया हुआ प्रकृति को बचाने के लिए पौधरोपण कर उसे अपने बच्चे की तरह हिफाजत करना होगा। कौशल ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रकृति के हरे रंग से जुड़ा हुआ धर्म है। इतिहास गवाह है कि मक्का मदीने का रोजा का गुम्बद 14 सौ वर्ष से हरा है। जिसका रंग में कोई बदलाव आज तक नही हुआ है। प्रकृति के हरे रंग के अनुरूप ही इस्लामी झंडा और पगड़ी का रंग भी हरा है। पूर्व उपमुखिया अफजल अंसारी ने कहा कि धन्य है डाली बाजार की धरती जहां के विश्वस्तरीय पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल उनके धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल व पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल जैसे लोग सबके सुख दुःख में यहां के हर समुदाय के लोगों के साथ खड़े रहते हैं। जो हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। अजमेर जाने वाले प्रमुख यात्रियों में पंचायत डाली बाजार के उप मुखिया नगीना बीवी, जुबेर अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, जहरू अंसारी, करीमन अंसारी, शाहजहां अंसारी, बड़ा यासीन, शमीम अंसारी, असलम अंसारी, परवेज आलम, इदरीश अंसारी, सरताज अंसारी, रजि अहमद, नुरुल हुदा, मकबूल अंसारी आदि शामिल थे।

### मोहम्मदगंज : तारा में ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति का गठन



**मोहम्मदगंज पलामू।** रामबांध पंचायत में उर्दू प्राथमिक विद्यालय तारा में मुखिया अबूनसर सिद्दिकी की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम सभा में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम स्तरीय अभिसरण समिति का गठन किया गया। 10 सदस्यीय इस समिति में बतौर अध्यक्ष मुखिया के अलावा वार्ड सदस्य ललिता देवी, खुशबू कुमारी, कांति देवी, एएनएम कुमारी रंजना, रोजगार सेवक संजय बैठा, प्रधानाध्यापक मनोज कुमार (आरके प्लस टू रहमानिया उवि, तारा), पंचायत सचिव रामनंदन मेहता और ललिता देवी (वार्ड सदस्य, सचिव) का चुनाव किया गया है। मुखिया ने बताया कि इस पंचायत के तारा का प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयन किया गया।

# झारखंड अधिविद्य परिषद कार्यालय को देखनेवाला कोई नहीं प्रमाण पत्रों की त्रुटि में सुधार के लिए छात्र चक्कर लगाते हैं

**गजेंद्र कुमार**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय से झारखंड राजधानी की दूरी 160 किमी से अधिक है। जहां पर पलामू जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को अपने प्रमाण पत्र में हुई त्रुटि के सुधार के लिए पहले रांची जाना पड़ता था। जिसमें उनका आर्थिक व्यय अत्यधिक होता था। इसे देखते हुए जिले के कई छात्र संगठनों ने पलामू में झारखंड अधिविद्य परिषद का शाखा कार्यालय खोलने की मांग को लेकर कई आंदोलन किये। इसके बाद झारखंड सरकार ने पलामू प्रमंडल के छात्र-छात्राओं की समस्या को ध्यान में रखते हुए शाखा कार्यालय खोली। जहां पर कार्यालय प्रभारी एवं अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। लेकिन इस कार्यालय की स्थिति ऐसी हो गई है कि इस पर नियंत्रण करनेवाला कोई नहीं है। जिस कारण छात्र-छात्राएं कार्यालय का चक्कर महीनों वर्षों लगा रहे हैं। इसके बावजूद भी उनके समस्याओं का समाधान नहीं निकल पा रहा है। जब छात्र कार्यालयकर्मियों से अपने प्रमाण पत्र सुधार के संबंध में पूछताछ करते हैं तो कर्मियों का जवाब साफ होता है कि मेरा भेजना काम है, वहां से जब सुधरकर आयेगा तो मिल जायेगा। लेकिन त्रुटिरहित प्रमाण पत्रों में सुधार कब होगा और सुधार होकर कब आयेगा इसका जवाब कार्यालयकर्मी नहीं देते हैं। यह सुन निराश होकर छात्र छात्राएं अपने घर को वापस चले जाते हैं। जबकि इस कार्यालय में हरिहरगंज, पिपरा, हैदरनगर, हुसैनाबाद, नौडीहा बाजार, छतरपुर, मनातू, रामगढ़ समेत कई सुदूरवर्ती प्रखंडों में रहनेवाले छात्र छात्राएं उम्मीद लगाकर अधिविद्य परिषद कार्यालय पहुंचते हैं लेकिन इस कार्यालय का सुध लेनेवाला कोई नहीं है। ना ही इस कार्यालय पर किसी का कोई नियंत्रण है।

### पाटन प्रखंड के जंघासी पंचायत भवन में पीएम मोदी के विचारों का सीधा प्रसारण



पाटन पलामू। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम पाटन प्रखंड के जंघासी पंचायत भवन में किया गया। मौके पर मोदी जी के विचारों का सीधा प्रसारण किया गया। भाजपा नेता पूर्व सांसद मनोज कुमार, भाजपा विधायक पुष्पा देवी, मुखिया पिंकी देवी अपने सैकड़ो पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मोदी जी के कार्यक्रम को देखा सुना। मौके पर विधायक ने मोदी जी द्वारा किए गए देश के हर व्यक्ति के लिए विकास कार्यों की कार्यकर्ताओं को याद दिलाई। विधायक ने कहा कि आप घर घर जाकर मोदी जी के द्वारा किये गये विकास कार्यों को लोगों को बतायें। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी होगी तभी वे अपना हक व अधिकार ले सकते हैं। कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, क्यूब्स राम, वार्ड सदस्य वकील सिंह, वार्ड सदस्य उमेश प्रजापति, पार्वती देवी, सोनी देवी, शोभा देवी, रीता देवी, रेखा देवी, संगीता देवी, लाल मुनी कुमार, शांति कुमार, कन्हाई पानेरी, महावीर राम, गिरवर पासवान, सुग्रीव यादव, शशिकांत तिवारी, सुनील सिंह, लखन विश्वकर्मा, पप्पू राम, सुदेश राम, महाकाल उर्फ छोटू, अरविंद प्रजापति सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मोदी जी के कार्यक्रम को सुनकर लोगों को समझाया।

### कार और बोलेरो की टक्कर में दो लोग घायल





**सतबरवा पलामू।** रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग पर सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया के दुधमटिया के समीप एनएच 75 पर कार और बोलेरो वाहन में टक्कर के बाद कार खेत में जा गिरी। वही बोलेरो वाहन सड़क पर घिसटता हुआ कुछ दूर चला गया। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद अकबर ने बताया कि बोलोरो वाहन तेज गति से रांची की ओर जा रही थी जबकि टाटा कार रांची से डाल्टनगंज की ओर आ रही थी। इसी दौरान करीब अपराहन 12:00 बजे के करीब दोनों वाहन में आमने-सामने टक्कर हो गई। बताया जाता है कि कार का एयर बैग खुलने के कारण दो लोगों को माथे में गंभीर चोटे आई है। जिन्हें तुंबागड़ा के नवजीवन अस्पताल में भेज दिया गया है। अकबर ने बताया कि इस दौरान बोलेरो में भी सवार लोग जख्मी हुए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### पूर्व सैनिकों की सहायता के लिये लगेगा कैंप

मेदिनीनगर। केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार रांची स्थित सेना मुख्यालय के एक-एक यूनिट को झारखंड के प्रत्येक जिला को संरक्षण में लेते हुए वहां निवास करने वाले पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदारी दी गई है। पलामू और गढ़वा दोनों जिले की जिम्मेदारी 2/5 जी आर (एफ एफ) यूनिट को दी गई है। गठित यूनिट की मिलाप टीम आगामी शनिवार 13 जनवरी को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में कैंप का आयोजन किया है। उस कैंप में पलामू और गढ़वा जिला के जल, थल और वायु सेना के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिक के विधवाओं और विकलांग सैनिकों के डॉक्यूमेंट चेकिंग की जाएगी और डॉक्यूमेंटेशन में किसी भी तरह की त्रुटी होने पर उसका समाधान किया जाएगा।

# मूल्य के अनुसार फसल बेचकर अच्छा मुनाफा कमाएं किसान : बीस सूत्री अध्यक्ष



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के समीप मंगलवार को धान क्रय केंद्र का उदघाटन प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव तथा पैक्स अध्यक्ष कमलेश प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि सतबरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बारिश कम होने के कारण धान की फसल काफी कम मात्रा में हुई है। मगर कुछ किसानों ने अपने मेहनत के बल पर धान की फसल पैदा किए हैं वैसे किसानों के लिए झारखंड सरकार के द्वारा धान अधिप्राप्ति खरीफ (पैक्स) खोला जा रहा है ताकि किसान अपने धान को महाजनों के बीच औना पौना दाम में न बेचकर सरकार के द्वारा निर्धारित मूल्य के अनुसार बेचें और अच्छा मुनाफा कमाएं। वही पैक्स अध्यक्ष कमलेश प्रसाद ने बताया कि सरकार के द्वारा बोनस के साथ 2300 रुपए प्रति क्विंटल के दर से धान का मूल्य निर्धारित की गई है। मौके पर दीपक चंद्रवंशी, मुस्ताक अहमद, कौशल प्रसाद, योगेंद्र भुइयां, विनोद मांझी, अभय कुमार, राजेंद्र मेहता, विकास कुमार, मुकेंद्र प्रसाद, मंटू प्रसाद, परशुराम भुइयां, भूरा बैठा समेत कई लोग उपस्थित थे।

# एलआईसी अभिकर्ता एसपी यादव कोलंबिया व कनाडा में होंगे सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड अंतर्गत लटपौरी पंचायत के बेगमपुरा गांव निवासी एलआईसी अभिकर्ता एसपी यादव को कोलंबिया, कनाडा में सम्मानित किया जाएगा। जपला सेंटलाइट शाखा के प्रबंधक कुमार गौरव ने बताया कि एस पी यादव एलआईसी के शीर्ष एमडीआरटी क्लब के सदस्य हैं, इस वर्ष एमडीआरटी क्लब का सम्मेलन कोलंबिया कनाडा में आयोजित किया जा रहा है। यहां एलआईसी के सेंट्रल ऑफिस के वरीय अधिकारी के द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाएगा। कुमार गौरव ने बताया कि यादव जो वर्ष 2020 से इस क्लब के सदस्य हैं इससे पहले उन्हें ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर आदि देश में एमडीआरटी क्लब का सम्मेलन में सम्मानित हो चुके हैं अभिकर्ता यादव ने बताया कि अपने बीमा धारक एवं शुभचिंतकों के बल पर इस मुकाम पर पहुंचे हैं।

# कसियाडीह के ग्रामीणों के लिए शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर सतबरवा अंचल कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय राजमार्ग 75 क्षेत्र 2 के तहत कसियाडीह गांव के लिए मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रभारी भूमि उप समाहर्ता अरविंद कुमार बेदिया, अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की, अंचल निरीक्षक विकास कुमार, भू-अर्जन के अमीन चंदन कुमार, यमुना पंडा, अंचल अमीन सुनील कुमार, एन एचएआई अमीन मनोहर कुमार, सुजीत कुमार,भारत वाणिज्य कंपनी के सचिन कुमार दुबे, संजय कुमार, धीरज कुमार के अलावे कसियाडीह गांव के दर्जनों रैयत मौजूद थे। बताया गया की लातेहार के उदयपुरा 97.515 से सदर डाल्टनगंज प्रखंड अंतर्गत भोगू गांव तक 147.540किमी फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना में हितबद्ध रैयतों के अधिग्रहित भूमि से संबंधित स्वामित्व प्रमाण पत्र, बंधपत्र, वंशावली, क्षतिपूर्ति, राजस्व प्रमाणपत्र, नोटिस तथा एलपीसी कागजात और पासपोर्ट फोटो लेकर पहुंचेंगे ताकि कार्य को संपादित किया जा सके।

### रैयतों को एक-एक इंच भूमि का मिलें मुआवजा : सीओ



सतबरवा सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि मंगलवार को पहले दिन कसियाडीह गांव के 35 रैयतों के बीच 11 एकड़ 76 डिसमिल जमीन का प्रमाण के साथ प्रस्तुत किया जा रहा है ताकि एक-एक इंच भूमि का रैयत को मुआवजा मिल सके। उन्होंने बताया कि कृषि योग्य भूमि है उसे कृषि का मुआवजा मिलेगा अगर मकान योग्य भूमि है उसे मकान का मुआवजा दिया जाएगा। नौ जनवरी को कसियाडीह, 10 जनवरी, पीपराकला, 12 जनवरी को दुलसुलमा,हुडमुड, शाहगंज तथा 16 जनवरी को रबदा, ठेमा और ठेमी के लिए शिविर लगाया जाएगा।

# महिला की मौत पर द्वारिका अस्पताल में हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत चियांकी मिशन मोड के पास द्वारिका जी अस्पताल में एक महिला मरीज की मौत के बाद ग्रामीणों ने सोमवार की रात जमकर हंगामा किया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल परिसर में तोड़फोड़ भी किया। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने एक एच 75 सड़क को करीब तीन घंटे जाम रखा। समाचार के अनुसार कुसुमटांड ग्राम की महिला रूनी देवी 25 वर्ष को प्रसव कराने के लिए परिजन मेदिनीनगर स्थित द्वारिका अस्पताल लाये थे। अस्पताल के चिकित्सक द्वारा महिला का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद महिला ने बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के बाद महिला की स्थिति खराब होने लगी। चिकित्सक ने महिला को रांची रेफर कर दिया। परिजन को महिला को ईलाज के लिए रांची एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गयी। महिला के मौत की खबर सूनकर ग्रामीण एकजुट होकर अस्पताल पहुंचकर हंगामा मचाने लगे। हंगामा का खबर सुनकर सदर थाना प्रभारी दिवाकर कुमार व एएसआई अभिमन्यु सिंह दलबल के साथ अस्पताल पहुंचकर मामले को शांत कराने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण अस्पताल में तोड़फोड़ करने लगे। ग्रामीणों द्वारा एनएच 75 को जाम कर किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, सदर अंचल पदाधिकारी अमरदीप सिंह बल्होत्रा, एसीडीपीओ सुरजीत कुमार, शहर थाना प्रभारी अभय सिन्हा, एएसआई समाल अहमद, जिला ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह वहां पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया। ग्रामीण मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे थे। बात नहीं बनने पर चियांकी मुखिया बिनको उरांव, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह समेत एसडीओ के समझाने पर और मृतक के परिजन को मुआजवा देने की बात पर ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। बीडीओ द्वारा 20 हजार का मुआवजा दिया जायेगा।

# असमंजस में इंडिया

कांग्रेस को बिहार में लोकसभा की 10-11 सीटें चाहिए। लेकिन जदयू ने उसे साफ कहा है कि वह बिहार में प्रभावी नहीं है। एक ही सीट पिछले चुनाव में जीत सकी थी। उसे शून्य सांसद वाले राजद से बात करनी है। जदयू का गठबंधन राजद से है। राजद का कांग्रेस समेत बाकी दलों से। सवाल उठता है कि जब इंडी एलायंस की बात हो रही है तो यह सब कहते हुए जदयू ने कांग्रेस को क्या दो टूक नहीं सुना दिया है? वस्तुतः यही बात है। कांग्रेस के भाव को बार-बार नीतीश कुमार ने खुद तोड़ा है। नीतीश ने पांच विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की व्यस्तता पर कटाक्ष किया तो दिग्गजों को झुकना पड़ा। जैसे ही परिणाम में हश्र दिखा तो कांग्रेसी दिग्गजों को सीएम नीतीश कुमार की ही बात याद आई और फिर इंडी एलायंस की बैठक तत्काल कराने की छटपटाहट दिखी। मतलब, साफ है कि कांग्रेस के पास अब करने के लिए कुछ नहीं है। उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने विपक्षी एकता के सहारे चुनाव में उतरना है तो सीएम नीतीश जिस विधि रखेंगे, उसी पर रहना होगा। प्रदेश कांग्रेस के नेता इसपर कुछ बोलने से परहेज कर रहे। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी दो सीट से ज्यादा देने को तैयार नहीं है। पंजाब में पेंच अलग अटका है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश और मायावती की चक्कर अलग है। साफ दिख रहा है कि जिस राज्य में कांग्रेस सामने है वहां वह किसी दूसरे से सीट शेयरिंग से बच रही है जैसे राजस्थान और मध्यप्रदेश जैसे राज्य लेकिन दूसरे क्षेत्रिय दलों के प्रभाव वाले राज्य में वह सीट चाहती है जो क्षेत्रप देना नहीं चाहते हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा फरवरी में ही होने की संभावना है ऐसे उनके नेता रट लगाये हैं कि इंडी एलायंस में सब ठीक है और सीट शेयरिंग पर सभी दल बैठकर फैसला कर लेंगे। ऐसे में एनडीए के लिए बल्ले-बल्ले है।

# बैकफूट पर मालदीव

प्रधानमंत्री के लक्षद्वीप दौरे के बाद उसके कुछ मंत्रियों के आपत्तिजनक बयानों ने आग में घी का काम किया। हालांकि भारत में जनमानस की तल्ख प्रतिक्रिया और भारत सरकार के कड़े रवैये के बाद मुइज्जू सरकार बैकफुट पर नजर आई है। लीपापोती की कवायद में जुटी मालदीव सरकार ने मंत्रियों के बयान से खुद को अलग करते हुए तीन मंत्रियों को निलंबित कर दिया है। ऐसा पहले नहीं सुना गया कि एक देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ दिये गए आपत्तिजनक बयान के बाद किसी देश ने अपने तीन मंत्रियों को निलंबित किया हो। प्रधानमंत्री पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद चार हजार से अधिक भारतीयों ने मालदीव के होटलों की बुकिंग रद्द कराई और तीन हजार हवाई टिकटें कैंसिल की गई। निश्चित रूप से पर्यटन अर्थव्यवस्था वाले छोटे द्वीपीय देश मालदीव के लिये एक बड़ा झटका है। उल्लेखनीय है कि हर साल औसतन करीब दो लाख लोग घूमने मालदीव जाते हैं। जो मालदीव की आय का बड़ा जरिया है। सोशल मीडिया पर बायकॉट मालदीव की मुहिम चल रही है। यहां तक कि बड़े बॉलीवुड सितारे व नामचीन क्रिकेटर भी इस मुहिम में प्रतिक्रिया देते नजर आए। साथ ही भारत में खूबसूरत लोकेशन वाले द्वीपों की वकालत की जा रही है। दरअसल, मुस्लिम बहुल मालदीव के नये राष्ट्रपति मुइज्ज़ू राष्ट्रपति बनने के बाद लगातार भारत के खिलाफ बयानबाजी करते रहे हैं। उन्होंने अपने चुनाव अभियान में इंडिया आउट की मुहिम चलाई और वहां मदद के लिये तैनात भारतीय सैनिकों को वापस भेजने के लिये अभियान चलाया। कुछ समझौते रद्द किये। इस्लामिक देशों के ध्रुवीकरण में जुटे तुर्किये की यात्रा पर गये। उन्हें भारत विरोधी व चीन समर्थक माना जाता है। फिलहाल वे चीन की यात्रा पर हैं। ऐसे में खराब होते दोनों देशों के संबंधों को इन बयानों ने गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया।

# स्वामी विवेकानंद का शिक्षा दर्शन





-डॉ मेरी ग्रेस

> स्वामी जी के अनुसार अनुशासन का अर्थ है आत्मा द्वारा निर्दिष्ट होना। इस सन्दर्भ में हमारा निवेदन है कि जब तक मनुष्य आत्म तत्व की अनुभूति नहीं करता,आत्म तत्व की अनुभूति करने में उसे पूरा जीवन लग सकता है। स्पष्ट है कि विद्यालय अनुशासन की बात स्वामी जी नहीं कर पाए। विद्यालय अनुशासन का हमारी दृष्टि से यह अर्थ होना चाहिए कि अध्यापक और बच्चे सभी अपने प्राकृतिक स्व पर नियन्त्रण कर सकें।

12 जनवरी शुक्रवार को युवा दिवस है। स्वामी विवेकानंद जी का जन्म दिन। स्वामी जी ने शिक्षा के सात उद्देश्य निश्चित किए- शारीरिक विकास, मानसिक एवं बौद्धिक विकास, समाज सेवा की भावना का विकास, नैतिक एवं चारित्रिक विकास, व्यावहारिक विकास, राष्ट्रीय एकता एवं विश्वबन्धुत्व का विकास और आध्यात्मिक विकास पर पता नहीं भारतीय संस्कृति के पोषक होते हुए भी इन्होंने सांस्कृतिक विकास पर बल क्यों नहीं दिया। सम्भवतः ये धर्म और संस्कृति को अभिन्न समझते थे। उस समय अपना देश परतन्त्र था इसीलिए शासनतन्त्र और नागरिकता की शिक्षा का प्रश्न इनके मस्तिष्क में कैसे आता अन्तर्राष्ट्रीय भी इस युग का नारा है। इनके युग में यह विश्वबन्धुत्व के रूप में जाना समझा जाता था।

शिक्षा की पाठ्यचर्या के सन्दर्भ में स्वामी जी का दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। इस सन्दर्भ में इन्होंने पहली बात यह कही कि शिक्षा की पाठ्यचर्या में वे सब विषय एवं क्रियाएँ सम्मिलित की जाएँ जो मनुष्य के भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए आवश्यक हैं। दूसरी बात यह कही कि देश-विदेश, जहाँ से भी जो अच्छा मिले उसे पाठ्यचर्या में स्थान दिया जाए और तीसरी बात यह कही कि मनुष्य, समाज अथवा राष्ट्र के भौतिक विकास के लिए पाश्चात्य विज्ञान एवं तकनीकी को मुख्य स्थान दिया जाए और उन्हें समझने के लिए अंग्रेजी भाषा को स्थान दिया जाए और मनुष्य के आध्यात्मिक विकास के लिए भारतीय धर्म-दर्शन को पाठ्यचर्या का अनिवार्य विषय बनाया जाए। इन्होंने मनुष्य के भौतिक विकास की दृष्टि से मातृ भाषा, प्रादेशिक भाषा, संस्कृत और अंग्रेजी भाषाओं को कला, संगीत, इतिहास, भूगोल, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, विज्ञान, गृह विज्ञान, कृषि विज्ञान, गणित, तकनीकी, और उद्योग शिक्षा विषयों को और खेल-कूद, व्यायाम, योगासन और समाज सेवा क्रियाओं को और उसके आध्यात्मिक विकास की दृष्टि से साहित्य, धर्म, दर्शन, और नीतिशास्त्र विषयों को तथा भजन, कीर्तन, सत्संग एवं ध्यान की क्रियाओं को पाठ्यचर्या में स्थान देने पर बल दिया। इन्होंने उस समय भारत में उच्च शिक्षा की व्यवस्था पर बल दिया और उसकी पाठ्यचर्या में देश-विदेश के उच्चतम् ज्ञान एवं कौशल और विज्ञान एवं तकनीकी को ध्यान देने पर बल दिया।

शिक्षण विधियों के क्षेत्र में स्वामी जी की अपनी कोई देन नहीं हैं। इन्होंने कुछ परम्परावादी शिक्षण विधियों (अनुकरण, व्याख्यान, स्वाध्याय, तर्क और योग) और कुछ आधुनिक विधियों (निर्देशन, परामर्श और प्रयोग) का समर्थन किया है। इन सब में भी इन्होंने योग विधि को सर्वोत्तम विधि बताया है और जिस योग विधि का स्वामी जी ने समर्थन किया है, उसे उसी रूप में आज की परिस्थितियों में प्रयोग नहीं किया जा सकता।

स्वामी जी के अनुसार अनुशासन का अर्थ है आत्मा द्वारा निर्दिष्ट होना। इस सन्दर्भ में हमारा निवेदन है कि जब तक मनुष्य आत्म तत्व की अनुभूति नहीं करता तब तक उसके द्वारा निर्दिष्ट होने का प्रश्न नहीं उठता और आत्म तत्व की अनुभूति करने में उसे पूरा जीवन लग सकता है। स्पष्ट है कि विद्यालय अनुशासन की बात स्वामी जी नहीं कर पाए। विद्यालय अनुशासन का हमारी दृष्टि से यह अर्थ होना चाहिए कि अध्यापक और बच्चे सभी अपने प्राकृतिक स्व पर नियन्त्रण कर सकें, सामाजिक नियम एवं आदर्शों के अनुकूल आचरण करने के लिए अन्दर से प्ररित हों और आत्मा की अनुभूति करने के लिए निरन्तर अग्रसर रहें।

आज के युग में न शिक्षक से आत्माज्ञानी होने की आशा की जा सकती है और न शिष्ट से ब्रह्मचर्य व्रत पालन की। दोनों संयमी, ईमानदार और कर्मनिष्ठ हों, इतना ही पर्याप्त होगा।

स्वामी जी विद्यालयों को जन कोलाहल से दूर स्थापित करने के पक्ष में थे। एक ओर जन शिक्षा, स्त्री शिक्षा, और उद्योग शिक्षा की बात और दूसरी ओर जन कोलाहल से दूर विद्यालयों की स्थापना।

जहां तक जन शिक्षा, स्त्री शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, धार्मिक शिक्षा, और राष्ट्रीय शिज्ञक्षा की बात है, इन सभी क्षेत्रों में स्वामी जी ने हामारा मार्ग दर्शन किया है। जन शिक्षा के सन्दर्भ में इनका दृष्किटकोण बड़ा व्यापक था। वे देश के सभी बच्चों, युवकों प्रौढ़ों और वृद्धों को साक्षर देखना चाहते थे, उन्हें सामान्य जीवन जीने योग्य बनाना चाहते थे, उन्हें अपनी रोजी रोटी कमाने में दक्ष करना चाहते थे। इनके इन विचारों ने हमें सामान्य अनिवार्य एवं निःशुल्क और प्रौढ़ शिक्षा दोनों की व्यवस्था करने की प्रेरणा दी।

इसमें दो मत नहीं कि स्वामी जी ने स्त्रियों को मातृशक्ति के रूप में सम्मान देकर भारतीय संस्कृति और उसकी अस्मिता की रक्षा की है और स्त्री शिक्षा की अनिवार्यता पर बल देकर हमारा बड़ा उपकार किया है। परन्तु स्त्री शिक्षा के सन्दर्भ में इनके ये विचार कि उन्हें आदर्श गृहिणी आदर्श मातायें और आदर्श शिक्षिकायें ही बनाया जाए, संकीर्ण ही कहे जायेंगे।

देश में बेरोजगारी समाप्त करने हेतु व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर देकर पाश्चात्य विज्ञान और तकनीकी शिक्षा का प्रमुख स्थान दिया। आज इसी शिक्षा के बल पर हम विकास के पथ पर आगे हैं।

स्वामी विवेकानंद के विचारों ने लोगों को आजादी के लिए लड़ने के लिए भी प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद ने स्वंय मनुष्य के ज्ञान और सीख पर भी काफी विचार लिखे हैं।

पढ़ने के लिए जरूरी है एकाग्रता, एकाग्रता के लिए जरूरी है ध्यान, ध्यान से ही हम इन्द्रियों पर संयम रखकर एकाग्रता प्राप्त कर सकते है।

ज्ञान स्वयं में वर्तमान है, मनुष्य केवल उसका आविष्कार करता है।

उठो और जागो और तब तक रुको नहीं जब तक कि तमु अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते।

-जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

पवित्रता, धैर्य और उद्यम- ये तीनों गुण मैं एक साथ चाहता हूं। लोग तुम्हारी स्तुति करें या निन्दा, लक्ष्य तुम्हारे ऊपर कृपालु हो या न हो, तुम्हारा देहांत आज हो या युग में, तुम न्यायपथ से कभी भ्रष्ट न हो।

## खास बात

### जहरीली होती हवा

**प्रशांत झा**

यह अब हर साल का किस्सा है कि जाड़े की आहट के साथ दिल्ली व उत्तर भारत के दूसरे शहरों में प्रदूषण की परत वातावरण पर हावी हो जाती है। दरअसल, चिंता की बात यह है कि कोरोना संकट के बीच यह प्रदूषण बेहद घातक साबित हो सकता है। यह तथ्य सर्वविदित है कि कोविड-19 महामारी का संक्रमण सांस नली और फेफड़ों पर मारक होता है। जैसे कि चिकित्सा विशेषज्ञ बता रहे हैं कि यह प्रदूषण कोरोना संकट को घातक बना सकता है। पिछले दिनों दो चिंता बढ़ाने वाली रिपोर्टें सामने आईं जो बताती हैं कि उत्तरी क्षेत्र एक खतरनाक प्रदूषण वाली धुंध की चादर में ढका है। एक रिपोर्ट बताती है कि हरियाणा का बल्लभगढ़ पी.एम. 2.5 प्रदूषक कणों के चलते देश में सबसे प्रदूषित शहर है, जिसका 340 स्तर वायु गुणवत्ता सूचकांक के लिहाज से बहुत खराब है। दूसरे स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर 2020 की रिपोर्ट के निष्कर्ष के अनुसार वायु प्रदूषण पी.एम. 2.5 कणों के चलते स्वास्थ्य जोखिमों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण है। रिपोर्ट बताती है कि भारत में दूषित वायु के चलते वर्ष 2019 में हृदय व फेफड़ों के रोगों, मधुमेह तथा नवजातों की बीमारियों के कारण साढ़े सोलह लाख से अधिक मौतें हुईं, जिसे हमारे सत्ताधीशों को एक खतरनाक स्थिति के रूप में देखना होगा।

दरअसल यह चिंताजनक है कि वर्ष 2010 के बाद देश की वायु में पी.एम. 2.5 कणों का स्तर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में उन कारकों से मुकाबले की चुनौती लगातार बढ़ी है जो हवा में जहरीले कणों में इजाफा करते हैं। मसलन यातायात, अपशिष्ट पदार्थ, धूल, उद्योग और पराली जलाना आदि। हम सोचें कि पंजाब में इस बार पराली जलाने की घटनाओं में तीन गुना वृद्धि क्यों हुई। कमोबेश हरियाणा में भी पराली जलाने की घटनाओं में सत्तर फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

घटनाक्रम सत्ताधीशों को चेताता है कि जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर शिकंजा कसें। दरअसल, केंद्र के कृषि सुधार कानून पर पंजाब में किसानों के उबाल को देखते हुए केंद्र सरकार किसानों पर सख्ती से से बच रही है।

# हनुमान की बुद्धि

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**जब** यह खबर रावण को मिली की उसका पुत्र अक्षय कुमार मारा गया है और एक वानर आकर उत्पाद मचा रहा है और मेरे पुत्र का वध कर दिया है। इस बात से गुस्साये रावण ने मेघनाथ को आज्ञा दे दी कि जाकर उस वानर को बांधों। मेघनाथ ने हनुमान जी को मारने का प्रयास किया लेकिन वे बलशाली थे। अन्त में मेघनाथ ने ब्रह्मफांस वाण का प्रयोग किया। यद्यपि की हनुमान चाहते तो उसमें बंध नहीं सकते थे लेकिन उन्होंने विचार किया कि मैं ब्रह्मफांस को नहीं मानता हूं। ब्रह्माजी की मर्यादा समाप्त हो जायेगी। अतः उनके मर्यादा का ख्याल रखकर वे बंध गये। दूसरा यह भी सोच रहे थे कि मेघनाथ मुझे ले जाकर रावण के सामने पेश करेगा तब मुझे रावण को देखने उससे बात करने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही रावण के सैनिकों को देखने का अवसर भी मिलेगा। जो भविष्य में जब युद्ध होगा तो मेरा अनुभव काम आयेगा। मेघनाथ हनुमानजी को बांधकर दरबार में ले गया। रावण को लगा कि वह उतना बलशाली नहीं है मेरा पुत्र इसको बांधा। रावण डांटकर बोला- तुमने ये ढिठाई क्यों किया। हनुमानजी वहां जाते-जाते ब्रह्मफांस का बंधन तोड़ चुके थे। मैं तो राम का दूत हूं तुमने गलती की है यही गलती बताने के लिये दरबार में आया हूं। तुमने उनकी पत्नी का हरण कर लिया है। गलती मनुष्य से हो जाती है लेकिन गलती को जब मनुष्य स्वीकारकर ले तो गलती समाप्तखत्म हो जाती है। तुम गलती स्वीकार कर लो।

(ब्रह्मा विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड




संपति का असमान वितरण

> 22 जनवरी 2024 को 550 वर्षों की प्रतीक्षा पूरा होगी जब रामलला अपने अवतरण स्थल पर पुनः विराजेंगे. जनमानस में उल्लास चरम पर है. उम्मीद है कि राम,रोटी और इंसाफ का सपना भी साकार होगा? जय श्रीराम के नारा की गूंज राम राज्य की निष्ठा तक पहुंच पाए तभी प्राण प्रतिष्ठा की सार्थकता होगी !
>
> – सरयू राय, विधायक

## आपके ट्वीट

> भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल जी, पायल देव जी और मनोज मुंतशिर जी का यह स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है।
>
> –नरेन्द्र मोदी





> वैसे तो समस्त विश्व ही हमारा कुटुंब है, किन्तु भारतीय संस्कृति संस्कार एवं जीवन मूल्यों को विश्व भर में प्रसारित करने वाले अप्रवासी भारतीयों का त्याग और समर्पण सर्वथा स्तुत्य है।
>
> – स्वामी अवधेशानंद गिरी

# श्री राम पिता की इच्छा और गुरु वशिष्ठ के आज्ञा पर वन गये

**एनके मुरलीधर**

राम कथा का सबसे क्रंदन करने वाला अगर कोई प्रसंग है तो वह है राम का वन गमन। मैं जब बचपन में रामलीला देखता और श्रद्धालुओं को इस प्रसंग में विशेषकर मां को रोते देखता तो मुझे आश्चर्य होता था। राम और राम कथा के इस प्रसंग की व्याख्या में मैंने इसी कौतूहल के कारण कई मनीषियों की पुस्तकों को अध्ययन किया। लेकिन जब ब्रम्ह विधालय के स्वामी सत्यानंदजी परमहंस ने इसकी व्याख्या की तब ऐसे लगा कि ब्रंम्ह राम के अतिरिक्त दुनिया में कोई भी जीव संसार में ऐसा कृत्य नहीं कर सका है। भारतीय समाज तो इतना गया गुजरा है कि राम के प्रमाण खोजता है।

राम का वन गमन गुरु वशिष्ठ के आदेश पर हुआ था। जब मंथरा के बहकावे में आकर कैकसी ने कोप भवन में राजा दशरथ से अपने वरदान की चर्चा कर भरत को राजगद्दी और राम को 14 वर्ष वनबास मांग लिया तब राजा दशरथ के लिये यह घटना मृत्यु शैय्या पर लौटे किसी व्याकुल प्राणी से अधिक नहीं थी। जब राम वहां पहुंचे तब वे आयोध्या के सेनापति थे दशरथ अर्द्ध विक्षिप्त स्थिति में थे। कैकयी ने सुमंत की उपस्थिति में कठोर बनते हुए कहा कि आपको वन जाना है भरत राजा होंगे। राम तुरंत बोले मेरा भरत राजा बने इसमें मुझे कोई कठिनाई नहीं औरवन गमन पिता की प्रतिज्ञा का पालन के लिये करना है तो इससे अच्छी बात क्या होगी। इस पर सुमंत ने कहा कि नहीं इस प्रकरण में गुरु





अवध में राम आये हैं...

वशिष्ठ से राय लेनी होगी क्योंकि राजा ने अपने मुख से यह नहीं कहा है कि राम वन जाए, भरत को राज दियाजाए।

तब अंतिम निर्णय के लिये गुरु वशिष्ठ को बुलाया गया। गुरु वशिष्ठ ने कहा शास्त्र सम्मत तो यही है पुत्र को पिता की इच्छा का सम्मान करना चाहिए, पिता की इच्छा ही पुत्र के लिये आज्ञा है।

इसके बाद राजा दशरथ ने कहा कि राम अगर वन जाते ही हैं तो सुमंत तुम साथ जाना। राजा दशरथ के मन में यह भाव था कि सुमंत और अयोध्या के नागरिक अपने सबसे प्रिय श्री राम को अवश्य वन से लौटा लायेंगे। राजा दशरथ राम को सबसे अधिक प्यार करते थे। लेकिन राम का जीवन पिता से अधिक गुरु आज्ञा पर आधारित था।

बाल्याकाल में गुरु वशिष्ठ से शिक्षा दीक्षा लेकर जैसे ही राम अयोध्या आये वैसे ही विश्वामित्र पहुंच गये और कहने लगे कि बक्सर के क्षेत्र राक्षसों का राज हो गया है तपस्या करने वाले मुनियों को प्रताड़ित किया जाता है। राजा दशरथ की इच्छा नहीं थी लेकिन उन्हें विश्वामित्र के साथ राम को भेजना पड़ा।

गुरु विश्वामित्र राम को लेकर जनकपुर गये और धनुष भंग करा उनका ही नहीं चारों भाइयों का विवाह राजा जनक की पुत्रियों से करा दी। यह गुरु शिष्य परम्परा की ही देन थी कि एक दशरथी राजा के पुत्र के विवाह जैसे निर्णय के लिये उन्होंने राजा से सहमति तक नहीं ली। चूंकि गुरु जो भी करते हैं वह समाज देश और काल के महत्व को रेखाकिंत कर पूर्व के ज्ञान पर करते हैं इसलिये ऐसा संभव हो सका।

जब राम सीता सहित अपने सभी भाइयों की पत्नी के साथ अयोध्या आये तो लगा कि सब कुछ अच्छा है लेकिन कुछ ही काल में यह वन गमन की घटना हो गयी। निश्चित ही गुरु वशिष्ठ और गुरु विश्वामित्र की आज्ञा और इच्छा से ही सब कुछ होता रहा।

यही कारण था कि गुरु वशिष्ठ ने वन गमन के क्रम में राम को चित्रकूट तक जाने और वहां रुकने से लेकर सभी ऋषि मुनियों के आश्रम की क्रमबद्ध श्रखंला का ज्ञान करा दिया था। राम इसी क्रम में शबरी से भी मिले थे।

# गूगल ने भी माना हिन्दी का लोहा

## हिंदी दिवस

(विश्व हिन्दी दिवस/10 जनवरी/विशेष)

**योगेश कुमार गोयल**

**दुनियाभर** में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए वातावरण निर्मित करने तथा हिन्दी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से 10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस वास्तव में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की महानता के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। पहली बार नागपुर में 10 जनवरी 1975 को विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 30 देशों के 122 प्रतिनिधि शामिल हुए थे। तत्पश्चात भारत के बाहर मॉरीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, अमेरिका इत्यादि देशों में भी विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

हिन्दी को दुनियाभर में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी भाषा बताया जाता है। विश्वभर में 75 करोड़ से भी ज्यादा लोग हिन्दी बोलते हैं। इंटरनेट पर भी हिन्दी का चलन दिनों-दिन तेजी से बढ़ रहा है और दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल द्वारा कुछ वर्षों पूर्व तक जहां अंग्रेजी सामग्री को ही महत्व दिया जाता था, वहीं अब गूगल द्वारा भारत में हिन्दी तथा कुछ क्षेत्रीय भाषाओं की सामग्री को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि देश में हिन्दी में इंटरनेट उपयोग करने वाले की संख्या अब अंग्रेजी में इसका उपयोग करने वालों से ज्यादा हो जाएगी। कुछ वर्ष पूर्व डिजिटल माध्यम में हिन्दी समाचार पढ़ने वालों की संख्या करीब साढ़े पांच करोड़ थी, जो अब बढ़कर 14 करोड़ से ज्यादा हो जाने का अनुमान है। इंटरनेट पर हिन्दी का जो दायरा कुछ समय पहले तक कुछ ब्लॉगों और हिन्दी की चंद वेबसाइटों तक ही सीमित था, अब हिन्दी अखबारों की वेबसाइटों ने करोड़ों नए हिन्दी पाठकों को अपने साथ जोड़कर हिन्दी को और समृद्ध तथा जन-जन की भाषा बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

हिन्दी की बढ़ती ताकत को महसूस करते हुए भारत में ई-कॉमर्स साइटें भी ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों तक अपनी पहुंच बनाने के लिए हिन्दी में ही अपनी ह्यऐपह्न लेकर आ रही हैं। हिन्दी इस समय देश की सबसे तेजी से बढ़ती भाषा है।

अगर 2011 की जनगणना के आंकड़े देखें तो 2001 से 2011 के बीच हिन्दी बोलने वालों की संख्या में हमारे देश में करीब 10 करोड़ लोगों की बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2001 में जहां 41.03 फीसदी लोगों ने हिन्दी को अपनी मातृभाषा बताया था, वहीं 2011 में ऐसे लोगों की संख्या करीब 42 करोड़ के साथ 43.63 फीसदी दर्ज की गई और जिस प्रकार हिन्दी का चलन लगातार बढ़ रहा है, माना जाना चाहिए कि उसके बाद के करीब एक दशक में हिन्दी बोलने वालों की संख्या में कई करोड़ लोगों की बढ़ोतरी अवश्य हुई होगी। भारत लंबे समय तक अंग्रेजों का गुलाम रहा और उस दौरान हमारे यहां की भाषाओं पर भी अंग्रेजी दासता का बुरा प्रभाव पड़ा।

इसी कारण राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को ह्यजनमानस की भाषाह्न बताते हुए वर्ष 1918 में आयोजित ह्यहिन्दी साहित्य सम्मेलन में इसे भारत की राष्ट्रभाषा बनाने को कहा था। सही मायने में तभी से हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के प्रयास शुरू हो गए थे और गर्व का विषय यह है कि अब सैकड़ों देशों में हिन्दी का प्रयोग धीरे-धीरे बढ़ रहा है।

## लेटर टू एडिटर

### विस्तार मिले

**हिंदी** एक भाषा ही नहीं अपितु भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं संस्कारों का प्रतिबिंब तथा राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। हिंदी को अधिक शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हिंदी को साहित्य, संस्कार एवं संस्कृति के अतिरिक्त शोध, अनुसंधान, ज्ञान-विज्ञान, जनसंचार, प्रौद्योगिकी तथा रोजगार से भी जोड़ने की आवश्यकता है। देश की समृद्धि हिंदी की समृद्धि से जुड़ी है। **-शमशेर शर्मा, खूंटी**

### हिंदी का विकास

**तकनीकी** रूप से हिन्दी को और ज्यादा उन्नत, समृद्ध तथा आसान बनाने के लिए अब कई सॉफ्टवेयर भी हिन्दी के लिए बन रहे हैं। यह हमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी की ताकत ही कही जाएगी कि इसके इतने ज्यादा उपयोगकताओं के कारण ही अब भारत में बहुत सारी बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हिन्दी का भी उपयोग करने लगी हैं। निश्चित तौर पर यह भारत के लिये भाग्य की बात है।

**– प्रेमशंकर सिंह रांची**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बन्ना गुप्ता से मिले नंदकिशोर गुप्ता



**रामगढ़।** झारखंड वैश्य समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से रांची स्थित उनके आवास में मुलाकात की। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री का बुके देकर स्वागत किया। राज्य में वैश्य समाज को संगठित और मजबूत बनाने को लेकर उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री के साथ चर्चा की। मुलाकात के दौरान झारखंड वैश्य समाज की ओर से आयोजित किये जानेवाले मिलन समारोह में उनसे समय दिये जाने के संबंध में भी चर्चा की गई।

### केंद्रीय विद्यालय पुनः खुले : डॉ. आशीष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका–सयाल क्षेत्रीय सचिव सह ऑल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री लिखा पत्र। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को पुनः भुरकुंडा में स्थापित करने की मांग की। कुमार ने कहा कि भारत नौजवान फेडरेशन प्रदेश कमेटी झारखंड द्वारा 22 अगस्त को केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री को पत्र भेजकर वर्षों से बंद पड़े केंद्रीय विद्यालय को जो भुरकुंडा से हटाकर बरकाकाना पूर्व महाप्रबंधक कार्यालय में संचालित की जा रही है उसे पुनः भुरकुंडा में स्थापित करने की मांग की गई थी। जमीन को लेकर केंद्रीय विद्यालय परिवार द्वारा मसमोहना में बनाने को लेकर लगातार दबाव डाला जा रहा है। लेकिन अभी तक केंद्रीय विद्यालय को जमीन उपलब्ध नहीं कराया गया है।

### चरण पहाड़ी जल्द होगा विकसित



**कुजू।** चरण पहाड़ी चैतन्य महाप्रभु मंदिर का टूरिज्म विभाग से मनीला टूरिज्म फेलो भावेश पीपीएआईए फेलो ने किया निरीक्षण। चैतन्य महाप्रभु मंदिर के पुजारी बाबा रामदास से मंदिर के बारे में जानकारी ली। साथ ही जल्द से जल्द विकसित करने की बात कही गयी। बताया जाता है कि कुछ दिन पूर्व रामगढ़ उपायुक्त को चरण पहाड़ी को पर्यटक स्थल का स्वरूप देने को लेकर भाजपा जिला प्रवीण मेहता जिला, पूर्व मुखिया अशोक कुमार, जिला मंत्री राजू कुशवाहा, महेश महतो द्वारा संयुक्त रूप से मांग पत्र सौंपा था। जिसके बाद उपायुक्त ने कार्रवाई करते हुए उक्त विभाग को चरण पहाड़ी अवलोकन के लिए भेजा। मौके पर पूर्व मुखिया अशोक कुमार, पंचायत सचिव राजकुमार साहू, पन्नालाल मुर्मू, महेश महतो आदि मौजूद थे।

### हनुमान मंदिर की होगी प्राण प्रतिष्ठा



**कुजू।** निर्माणाधीन हनुमान मंदिर कठरा टोला मुरपा में मंगलवार को धर्मप्रेमियों व ग्रामीणों की हुई बैठक । बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह मंदिर कमिटी अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन रमेश चौधरी ने किया। बैठक के दौरान निर्माणाधीन हनुमान मंदिर को जल्द पूर्ण कर तीन माह के अंदर प्राण प्रतिष्ठा करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, धर्म प्रेमियों ने तन, मन और धन से मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न कराने का संकल्प लिया। वहीं आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन क्षेत्र वासियों से घर–घर दीये जलाने की अपील किया गया। मौके पर अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति, सचिव शिवशंकर महतो, उपाध्यक्ष सुखदेव सोनी, जागो महतो, कोषाध्यक्ष मंटू महतो, संरक्षक कोलेश्वर महतो, घनश्याम महतो, नरेश महतो, जगदीश महतो, राजू महतो, भुवनेश्वर महतो, अयोध्या कुमार मेहता, महादेव प्रसाद, वासुदेव महतो, ढेनु साव, ईश्वर महतो, संदीप महतो, योगेंद्र महतो, महेंद्र महतो, राहुल महतो, रोहित महतो, राजेंद्र महतो, संजय कुमार महतो, पंकज पटेल, प्रदीप कुमार, नवीन, अरुण आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस का वनभोज 17 जनवरी को



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक मंगलवार को पीटीपीएस स्थित विधायक के आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में कांग्रेस परिवार का वनभोज सह मिलन समारोह की तैयारियों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 जनवरी को पतरातू डैम के समीप पतरातू प्रखंड कांग्रेस परिवार मिलन समारोह सह वनभोज होगा, जिसमें पतरातू प्रखंड के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण एवं सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव एवं राज्य एवं जिले के सम्मानित नेतागण उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से पतरातू प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुजीत पटेल, पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, भुरकुंडा विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडेय, संतोष साहू, अंजन प्रसाद, योगेंद्र सिंह खरवार, कमलेश कुमार, तिलेश्वर साहू, जगदीश साव, विजय साव, शकरुल्ला अंसारी, रंजीत सिंह, याकूब राय, जय सिंह, इमरान अंसारी, बिक्कू रजक, वासुदेव राम, अशोक प्रसाद, शंकर पासवान, धीरज कुमार आदि मौजूद थे।

### बरकट्ठा : मोबाइल दुकान में चोरी

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के कपका चौक स्थित मनोज मोबाईल दुकान मे रविवार की देर रात्रि चोरो ने मोबाईल को चोरी कर दुकान साफ कर दिया। दुकानदार मनोज प्रसाद ने बताया कि रविवार को दुकान बंद करके घर गया। सुबह रांची चला गया था। जिसके कारण दुकान नहीं खोला जब शाम को दुकान खोला तो मोबाईल गायब देखा। पीछे का पलाई टुटा था। इस संबंध मे थाना मे आवेदन दे दी गई है। मामला दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना का लाभ ग्रामीणों को दें : उपायुक्त

## 25,000 रुपये तक की सहायता देगी सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी रामेश्वर चौधरी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत रामगढ़ जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 276 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ सभी आवेदनों पर चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्देश दिया । उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। झारखंड कल्याण विभाग की ओर से सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्गों को बीमारी में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। इसके लिए विभाग चिकित्सा सहायता योजना चला रही है। योजना के तहत किसी तरह की बीमारी या सर्जरी होने पर या कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। अब सरकार ने इसमें संशोधन करते हुए इसमें कोविड होने पर भी लाभ देने का प्रवाधान शुरू किया है। अगर आप अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक और पिछड़े वर्ग में आते हैं और आपको कोविड हुआ है या हुआ था या आप होम आइसोलेशन में थे, तो सरकार आपको 2500 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की आर्थिक सहायता देगी। पहला 18 से अधिक उम्र वालों को और दूसरा 18 से कम उम्र वालों को। 18 से अधिक उम्र वालों को बीमारी के 7 दिन से अधिक होने पर 3000 से 5000 रुपये, कोविड के लिए 5000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये की सहायता और कैंसर होने पर लगभग 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जायेगी।

# बरही के धनवार पंचायत में हो रहे विकास के कई काम : राजेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रखंड के धनवार पंचायत आदर्श पंचायत की ओर अग्रसर है। पंचायत में विकास के कई कार्य किए जा रहे है। किसानों के लिए सिंचाई के नए नए माध्यम बनाए जा रहे है। इतना ही नहीं पंचायत भवन का स्वरूप ही बदल दिया गया है। पंचायत वासियों का अधिकांश काम अब पंचायत सचिवालय से ही होने लगा है। उक्त जानकारी देते हुए धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि लोग काफी उम्मीद के साथ एक जनप्रतिनिधि को चुनते है। मैं जनता कि समस्याओं को जल्दी एवं सरलता से समाधान करने का प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि पंचायत वासियों का वह आभार व्यक्त करना चाहते है कि लोग उन्हें 2010 में समर्थन कर मुखिया बनाये थे। तब मद का आभाव था। बावजूद इसके मनरेगा योजना से मिट्टी मोरम सड़क, चैक डैम, नल कूप आदि का निर्माण कार्य किया था। पंचायत में विकास को एक गति प्रदान हुआ था। 2015 में चुनाव हुआ, जिसमे वह मामूली अंतर से पराजित हो गए। जिसके बाद पंचायत के विकास की गति रुक गई और पंचायत में भ्रष्टाचार फैल गया। पुनः जनता ने 2022 में उन्हें सेवा करने का मौका प्रदान किया है।जिसके तहत विकास के नए आयाम लिखे जा रहा हैं।

### बड़कागांव में गुरदयाल महतो के नाम बनेगा तोरण द्वार : विधायक



**बड़कागांव।** स्व. गुरुदयाल महतो के जयंती सह जीडीएम बालिका उच्च विद्यालय के वर्षगांठ समारोह पर विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव के लिए उनके द्वारा दी गई अमूल्य योगदान के लिए बड़कागांव में उनके नाम पर तोरण द्वार निर्माण करने की बात कही है। उनके जयंती के अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने याद करते हुए कहा कि गुरुदयाल महतो जी ने विकास की लकीर खींची गई थी। उनके आदर्शों एवं कुशल नेतृत्व के मार्ग पर चलकर बेहतर समाज बनाना है। स्वर्गीय गुरुदयाल महतो जी के द्वारा प्रखंड में शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को कभी भी भूला नहीं जा सकता है उन्होंने बड़कागांव प्रखंड में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया है। पूर्व प्रमुख स्वर्गीय गुरु दयाल महतो की छवि काफी प्रेरणा स्त्रोत है यही कारण है कि अच्छे कर्म करने वालों को लोग सदैव याद करते हैं।

## धनवार पंचायत में पूजित अक्षत का वितरण



**बरही।** धनवार पंचायत में अयोध्या से आए पूजित अक्षत का वितरण मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की उपस्थिति में गांव के सभी घरों में किया गया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अब हमे रामलला के स्वागत की तैयारी में तन मन धन समर्पित करना है। 22 जनवरी को मंदिर में पूजा, हरी कीर्तन, हवन को लेकर भी तैयारी करनी है। मुखिया ने प्रभु का समाज के प्रति प्रेम भाव का व्याख्यान किया और उन्हें समझाया कि हमारा धर्म सर्वोपरि है। कलयुग में केवल राम का नाम लेने से मानव जीवन सफल हो जाता है इसका प्रमाण तो रामायण में मिलता है कि पत्थर पर केवल प्रभु का नाम लिख देने से वो पानी के ऊपर तैर गए और हमें भी अपने जीवन की नैया को पार करने के लिए राम नाम ही एकमात्र सहारा है। सभी को सनातन परंपरा का निर्वहन करना है। मौके पर ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव, दिलीप केशरी, केशो यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### कटकमसांडी के लुपुंग पंचायत में जल नल योजना विफल



**कटकमसांडी।** जल जीवन मिशन के तहत लुपुंग गांव में सोलर आधारित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना पूर्णतः विफल है। जलमिनार से घर घर तक बेतरतीब बिछाए गए पाइप लाइन छह माह में जगह जगह टूट फूटकर बिखर गया है। घरों तक पहुंचने वाले पानी सड़कों में बह रही है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग हजारीबाग द्वारा चिन्हित संवेदक विभाग के मिलीभगत से घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर चलते बने। अब ग्रामीणों को पानी का एक बूंद मयस्सर नही होने से पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीण यह भी नही जानते कि यह जल योजना किस विभाग से गांव तक लाया गया है। मगर ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पेयजल सुविधा के नाम पर लूट खसोट व सरकारी राशि के दुरुपयोग में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी हाथ है। इधर राजद जिलाध्यक्ष हिरामन उर्फ चरका यादव ने मौके पर पहुंचकर जलमिनार सहित बिछाए गए पाइप लाइन को देख इसकी शिकायत डीसी से कर संवेदक पर कार्रवाई की बात कही है। उन्होने बताया कि यह बदतर स्थिति पूरे प्रखंड क्षेत्र में है। मगर लुपुंग की स्थिति काफी खराब है।

### मंत्री अन्नपूर्णा देवी से मिले भाजपा कार्यसमिति के सदस्य गणेश यादव



**बरही।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने हजारीबाग में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए उन्हें बुके देकर नव वर्ष की बधाई दी। साथ ही गणेश यादव ने मंत्री को बताया कि राज्य में भ्रष्टाचार से संबंधित विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम स्थिति में है।लगभग सभी सरकारी महकमों में बिचौलिए नियुक्त है।अधिकारियों को आमजनों की समस्याओं से दूर रखा जाता है। जनता काफी परेशान हो चुकी है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि आगामी 2024 में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।साथ ही पूर्ण बहुमत से सरकार का गठन करेगी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से बरही विधानसभा को लेकर भी वार्ता की।

### विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष बने बासुदेव और सचिव महादेव राणा

**दारू।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा हजारीबाग जिला इकाई के निर्देशानुसार दारू प्रखंड विश्वकर्मा समाज का गठन किया गया। समाज को सुसंगठित रूप से संचालन हेतु एक प्रखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बासुदेव मिस्त्री व संचालन प्रो बसंत राणा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से संरक्षक देवनारायण राणा (पिपचो) रामेश्वर राणा (रामदेव खरिका) , बासुदेव मिस्त्री( रामदेव खरिका) गोविंद राणा ( महेशरा) , शंभु राणा(इरगा) ,अध्यक्ष बासुदेव शर्मा (रामदेव खरिका) ,उपाध्यक्ष नारायण राणा (जिनगा) एवं छत्रधारी राणा( गाड़ीसाड़ाम) सचिव महादेव राणा (कोय) , उपसचिव बद्री राणा(इरगा) ,कोषाध्यक्ष रमेश राणा ( गाड़ीसाड़ाम) सह कोषाध्यक्ष संतोष राणा ( महेशरा) ,संगठन मंत्री राजेन्द्र राणा (जिनगा) ,उपसंगठन मंत्री विक्रम राणा(रामदेव खरिका), मीडिया प्रभारी उदय राणा (रामदेव खरिका) ,उप मीडिया प्रभारी अमर कुमार राणा( महेशरा) एवं कार्यकारणी समिति में मनोज राणा , हेमलाल राणा ,छोटू कुमार राणा, उमेश राणा, जगतपाल राणा,नरेश राणा ,अर्जुन राणा, रविन्द्र राणा , उमेश राणा,रविकांत राणा,संजय कुमार राणा,महेंद्र राणा,जितेंद्र राणा व तुलसी राणा को मनोनीत किया गया है।

# श्री अग्रसेन स्कूल ने लांच किया गीत

## सीटी बज गई चलो स्कूल, घर की मस्ती जाओ भूल

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के अभियान सीटी बजाओ, उपस्थिति बढ़ाओ की सफलता के लिए श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के विद्यार्थियों ने नई पहल की है। अभियान की सफलता को सशक्त बनाने के लिए स्कूल के बच्चों ने प्रेरक गीत सीटी बज गई चलो स्कूल, घर की मस्ती जाओ भूल, गणित-विज्ञान सब पढ़ आएंगे, नवा झारखंड हम बनाएंगे की रचना करने के बाद गीत के लिए खुद से धुन भी तैयार किया। बच्चों ने इस गीत की शानदार प्रस्तुति की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत यह मधुर गीत सरकार के ह्यसीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए इसे जन आंदोलन बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस गीत को बनाने वाले बच्चों की टीम में उन्नति सिंह, श्रेया करमाली, डिंपल प्रसाद, कुमारी निभा, काजल कुमारी, मीनाक्षी कुमारी, अदिति पांडेय, साक्षी कुमारी, रिद्धिमा करमाली, सौम्या कुमारी, पाखी कुमारी, होलिका विधि तिर्की, मौनी कुमारी, नित्या कुमारी, तेजस्वी कुमार, कनिष्क राज, मो. हुसैन, अमीन रजा खान, सुजैन रजा शामिल हैं। इस कार्य में संगीत शिक्षिका मम्पी पॉल, साधना सिन्हा, दीपिका तिवारी और सोनम खातून ने बच्चों का सहयोग किया।

### चितरपुर में अंकेक्षण को लेकर हुयी जनसुनवाई

**रजरप्पा।** मंगलवार को चितरपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2021-22 व 2022-23 के सामाजिक अंकेक्षण अंतर्गत जनसुनवाई हुई। उप प्रमुख ने प्रखंड में संचालित योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की और कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य लोगों में योजनाओं के प्रति जागरुकता के साथ पारदर्शिता लाना है। जन सुनवाई के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन, उद्देश्य एवं अधिकारों पर चर्चा की गई। योजनाओं को सख्ती से लागू करने का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष जकाउल्लाह, विधायक प्रतिनिधि दिवाकर नायक,लक्ष्मण प्रसाद महतो, एसएयू विरोग कुमार, बीआरपी-एफसी, कुमार विवेक, उत्तम पटवा व अन्य मौजूद थे।

## एक नजर में

### भगवान राम की भक्ति में डूबा दारु प्रखंड



**दारु।** अयोध्या मे पुजीत अक्षत को लेने और घर घर बांटने के दौरान पुरा दारु प्रखंड प्रभु श्रीराम की भक्ति में डूबा नजर आ रहा है।मंगलवार को अयोध्या मे पुजीत अक्षत भरे कलश को लेने के लिए बड़ी संख्या मे रामभक्त महिला पुरुष गाजे बाजे के साथ प्रभु श्री राम का नारा लगाते हुए दुर्गा मंडप दारु पहुंचे। दारु पंचायत के बसोबार, भटवीघा, दारुडीह और पाण्डेयटोला जबरा के रामभक्तो ने अपने अपने मोहल्ले के लिए अक्षत से भरे कलश को प्राप्त किया। कलश को माथे मे उठाकर भक्त वापस लौटकर कलश को अपने मोहल्ले के मंदिर मे रख दिया जहाँ से अगले दिन छोटे छोटे पुड़िया बनाकर हर घरों मे बाँटा जायेगा। रामभक्तो की टोली मे महेन्द्र प्रसाद, त्रिलोकी प्रसाद, राजेश कुमार, उमेश कुशवाहा, संतोष प्रसाद,संजय कुमार, किशुन प्रसाद, पुरण शर्मा साहित बड़ी संख्या मे महिला पुरुष शामिल थे।

### पंचायतों में बिरसा किसान रथ ने किया भ्रमण



**टाटीझरिया।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा सभी पंचायतों में बिरसा किसान रथ घुम – घुमकर किसानों को कृषि कार्य करने के बारे में बताया जिसका शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर रथ को टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल एवं बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज के द्वारा किया गया। यह रथ मंगलवार को टाटीझरिया, डहरभंगा,झरपो,भराजो एवं खैरा पंचायत में घुमाया गया। इस रथ के माध्यम से किसानों को केसीसी,ऋण माफी योजना,ड्रीप इरिगेसन,बीज वितरण संबंधित जानकारी कृषि विभाग के द्वारा बताया गया। इसके अलावा एलईडी का उपयोग कर फिल्म के माध्यम से मुख्यमंत्री,कृषि मंत्री,कृषि सचिव,कृषि निदेशक का बीडीओ दिखाया गया ताकि कृषि संबंधित जानकारी प्राप्त हो। वही प्रमुख ने कहा कि किसानो को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखना है। बिरसा किसान रथ को भ्रमण सह रवाना कराने में कृषि पदाधिकारी सुधीर राय,बीटीएम अमित मोहन,कृषक मित्र सह मुखिया शिबु प्रसाद सोनी, कृषक मित्र सह विधायक प्रतिनिधि प्रवील प्रसाद,प्रकाश रवि,श्याम कुमार,निर्मल प्रसाद समेत अन्य शामिल थे।

### प्लस-टू उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण

**चरही।** मंगलवार को राज्य परियोजना अधिकारी रांची के एलिजाबेथ लकड़ा के द्वारा प्लस–टू उच्च विद्यालय चरही का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्रों की कम उपस्थिति देखकर गहरा असंतोष व्यक्त किया है ।विद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिया है कि विद्यालय से अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की एक सूची को जल्द तैयार किया जाय ।और उनके अभिभावकों के साथ विद्यालय स्तर पर बैठक किया जाय ।आगे यह भी कहा कि सभी वर्ग के शिक्षक अनुपस्थिति रहने वाले छात्रों की सूची 15 दिनों के अंदर तैयार कर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाय ।ताकि विद्यालय स्तर पर शीघ्र बैठक हो सके।

### डीएवी तापीन नार्थ में यज्ञ के साथ पढ़ाई शुरू

**चरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल तापीन नार्थ के प्रेमनगर में सामुहिक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि पूर्वी परेज परियोजना के पदाधिकारी एन के दूबे थे ।हवन के उपरांत विद्यालय के हिंदी के शिक्षक ने पंच महायज्ञ के महत्व विशेष प्रकाश डाला ।पूर्व प्राचार्य डॉ .रानी जायसवाल के अवकाश प्राप्त के बाद विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मनोरंजन देवनाथ का छात्र–छात्राओं के बीच पहली अभिभाषण हुआ ।उन्होंने अपने अभिभाषण में कहा कि बच्चे नये वर्ष में नई ऊर्जा और मनोयोग के साथ अध्ययन करें ।मुख अतिथि ने कहा कि बच्चों के बीच इस महायज्ञ में भाग लेकर काफी खुशी महसूस कर रहा हूं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### राम पूजित अक्षत का वितरण घर-घर शुरू

**चरही।** चुरचू प्रखंड के इंदिरा पंचायत में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र श्री अयोध्या से आए श्री रामचंद्र की पूजित अक्षत निमंत्रण स्वरूप हर एक परिवार तक पहुंचाने तक की तैयारी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने पूरी कर ली है। जिसकी जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री अरविंद मेहता ने दिया। हजारीबाग जिले के भीतर 1246 गांव में रहने वाले हर एक राम भक्त तक कार्यकर्ता अक्षत लेकर निमंत्रण देने जाएंगे। यह कार्यक्रम 1 जनवरी से लेकर 15 जनवरी तक चलेगी ।आगामी 22 जनवरी को मंदिर केंद्रित कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया है ।जिसमें सामुहिक आरती,भजन,कीर्तन पूजा पाठ और मंत्रोच्चारण बड़े धूमधाम से किए जाएंगे। संध्या बेला में घर–घर तथा मंदिरों में दीप जलाकर दीपावली मनाए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए इंदिरा मुखिया राधिका देवी,पूर्व मुखिया दशरथ महतो,बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,उप मुखिया विनोद कुमार महतो,पंसस वीरेंद्र भूईया अन्य लगे हुए हैं।

### प्लस-टू उच्च विद्यालय का स्थापना दिवस मना

**चरही।** चुरचू प्रखंड के आदर्श प्लस–टू उच्च विद्यालय कारुखाप का 28 वां स्थापना दिवस मनाया गया ।समारोह की अध्यक्षता जगदीश महतो ने किया ।जबकि मंच का संचालन प्रधानाध्यापक गणेश महतो ने किया ।जिसके मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल,विशिष्ट अतिथि प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,जिप सदस्य वासुदेव करमाली,पूर्व जिप सदस्य सह विद्यालय सचिव परमेश्वर महतो थे। उपरोक्त अतिथियों ने समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय की विकास पर जोर दिया ।एवं सहयोग करने की बात कहे। बच्चों को बेहतर शिक्षा लेने के लिए प्रोत्साहित किए ।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम को प्रस्तुत किया। 2023 माध्यमिक परीक्षा एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र– छात्राओं को विद्यालय के द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष राम टहल महतो, हेन्दगढा पंचायत मुखिया गिरिजा कुमारी,पंसस मालती देवी,उप मुखिया दशरथ महतो, सुनील कुमार, अरुण महतो, कामेश्वर महतो, अशोक तुरी ,मुंशी महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### संजय सिंह ने की फागू बेसरा से मुलाकात

**बड़कागांव।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा से झामुमो झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान श्री सिंह ने फागू बेसरा को गुलदस्ता देते हुए झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव बनाए जाने पर खुशी का इजहार किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा के मुझे जो जिम्मेवारी दी गई है उसे धरातल पर उतारने का प्रयास निष्ठा पूर्वक करूंगा। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, राजा खान, राम लखन महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# चतरा से स्थानीय को प्रत्याशी बनाने की मांग, दौड़ में कई शामिल

● 1957 से अबतक नहीं बना कोई स्थानीय सांसद

**पंकज सिंह**

**चतरा।** आगामी लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही अब राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ने लग गई हैं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक राजनीतिक चर्चाओं के बाजार गर्म हैं। वहीं जबसे चतरा लोकसभा अस्तित्व में आया है, एक भी बार स्थानीय व्यक्ति सांसद नहीं चुना गया है। जिससे चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोग लोकसभा सीट पर सभी राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्ष से स्थानीय उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे है। लोगों का कहना है कि किसी भी राजनीतिक पार्टियों से बाहरी प्रत्याशी आते हैं तो उनका बहिष्कार किया जाएगा। स्थानीयता की मुद्दा को लेकर कई स्थानीय लोग चुनाव लडने की तैयारी में जुट गए हैं। चुनाव लड़ने के इच्छुक लोग अभी से मतदाताओं को साधना शुरू कर दिया है। समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें रहें हैं। टिकट की लालसा लिए कई लोग जिला स्तर से लेकर प्रदेश नेतृत्व तक अपनी उपस्थिति का अहसास करा रहे हैं। वहीं कुछ लोग प्रदेश के अलावा दिल्ली तक दौड़ लगाकर टिकट की जुगत लगा रहे हैं। स्थानीय लोगों की सूची पर नजर डालें तो बीते कुछ वर्षों में राजनीतिक पहचान बनाने वालों से लेकर दो दशकों से अधिक समय से सक्रिय लोग भी शामिल हैं। इसमें जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी भी हैं, जो बीते पांच साल से राजनीति में सक्रिय हैं। वहीं, राज्य के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता, भाजपा नेता सह समाजसेवी कालीचरण सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक देवचरण दांगी जैसे कई स्थानीय लोग भी हैं जो चुनाव लड़ने को लेकर क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं। इसके अलावा सांसद सुनील कुमार सिंह, उदयभान नारायण सिंह, डॉ अभिषेक रामाधीन, पूर्व केंद्रीय मंत्री नागमणि, डॉ अभिषेक कुमार, राजद नेता सुभाष यादव सहित अन्य लोग भी लोकसभा चुनाव लडने को लेकर क्षेत्र का भ्रमण कर रहे हैं।


बिरजू तिवारी।


कालीचरण सिंह।


मंत्री सत्यानंद भोगता।


देवचरण दांगी।

## 2014 और 2019 में बिहार-बक्सर के सुनील सिंह बने सांसद

इसके बाद चुनाव 2014 और 2019 में बक्सर एवं रांची से ताल्लुक रखने वाले सुनील कुमार सिंह ने को लगातार दोबार चतरा के लिए सांसद बनने का मौका मिला। इस प्रकार चतरा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद चतरा के मतदाता नहीं रहे। बाहरी उम्मीदवारों का दबदबा रहा और चतरा के निवासी यह बर्दाश्त करते रहे। अब इंतजार है 2024 के संसदीय चुनाव की। देखना है चतरा के मतदाता इस बार क्या गुल खिलाते हैं हालांकि विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवारों ने चतरा के दौरा शुरू कर दिया है।

## 1957 से अबतक बाहरी प्रत्याशी ही जीतते रहे चुनाव

वर्ष 1957 से अब तक चतरा संसदीय क्षेत्र का सांसद बनने का सौभाग्य चतरा के स्थानीय लोगों को नहीं मिला है। कोडरमा एवं हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से विभाजित होकर चतरा संसदीय क्षेत्र का निर्माण हुआ। अभी तक चतरा संसदीय क्षेत्र से जितने भी सांसद निर्वाचित हुए हैं, सभी चतरा जिले के बाहर के मतदाता रहे हैं। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1957 में पहली बार महारानी विजया राजे सांसद बनी। उनका संबंध पदमा (रामगढ़) के राजघराने से था। वह मूलतः हजारीबाग संसदीय क्षेत्र की मतदाता थी। वह लगातार तीन बार चतरा से सांसद बनी। वर्ष 1971 के चुनाव में शंकरदयाल सिंह चतरा के सांसद निर्वाचित हुए। वे अविभाजित बिहार के औरंगाबाद जिले के थे। वर्ष 1977 में सुखदेव प्रसाद वर्मा सांसद चुने गए। श्री वर्मा बिहार के जहानाबाद के रहने वाले थे। इसके बाद 1980 में गया निवासी रंजीत सिहं चतरा के सांसद बने। वर्ष 1984 में धनबाद के योगेश्वर प्रसाद योगेश चतरा से सांसद निर्वाचित हुए। लगातार दो बार 1989 और 1991 में चतरा के लिए निर्वाचित सांसद उपेन्द्रनाथ वर्मा का संबंध गया के मानपुर से था। इनके बाद धीरेन्द्र अग्रवाल को वर्ष 1996 एवं वर्ष 1998 में लगातार दोबार चतरा के लिए सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वह भी गया के निवासी थे। चतरा संसदीय क्षेत्र से 1999 में संसद सदस्य बनने वाले नागमणि मूलतः जहानाबाद जिले के निवासी हैं। वर्ष 2004 में एक बार फिर धीरेन्द्र अग्रवाल को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2009 के संसदीय आम चुनाव में झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी को मौका दिया। श्री नामधारी का संबंध पलामू के डालटनगंज से है।

## स्पीड न्यूज

### सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन


वितरण करते संस्था के सदस्य।

**गढ़वा।** सोशल वर्कर संस्था गढ़वा के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप भंडारा का आयोजन किया गया। इस दौरान सोनू गुप्ता के पुत्र समर्थ्य गुप्ता के जन्मदिन पर प्रसाद स्वरूप पूड़ी, बुन्दिया, सब्जी का वितरण किया गया। मोके पर संस्था के उत्तम कश्यप ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था विगत कई वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते आ रहा है। संचालक आकाश केशरी ने कहा कि लोग अपना जन्मदिन हो या शादी का वर्षगांठ गढ़वा सोशल वर्कर के बैनर तले गरीबों की सेवा कर मनाने लगे है। जिससे यह साबित हो गया की फूड फॉर हंगर का यह प्रोजेक्ट अनवरत जारी रहेगा। मौके पर जयंती केशरी, अशोक केशरी, ज्योति प्रकाश केशरी, शुभम केशरी, उत्तम कश्यप, उमंग सोनी, अमन कश्यप, दीपक तिवारी, अनमोल कश्यप, उमेश कश्यप, संतोष कश्यप, अंशु कांस्यकार आदि लोग उपस्थित थे।

### गेट मीटिंग में मजदूरों को किया गया जागरूक



**टंडवा(चतरा)।** मंगलवार को मगध कोल परियोजना के पिट ऑफिस में गेट मीटिंग कर कर्मचारीयों एवं ठेका मजदूरों को जागरूक किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता मगध संघमित्रा क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी तथा संचालन क्षेत्रीय सचिव नीरज कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मगध संघमित्रा क्षेत्र के प्रभारी सह सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के वेलफेयर बोर्ड मेंबर मुकेश कुमार जी तथा आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव शिव कुमार सिंह जी उपस्थित थे। बैठक में सैकड़ो कर्मचारी महिला एवं ठेका कर्मी उपस्थित थे।

### तीन ईवीएम प्रदर्शन केंद्र का किया गया स्थापना

**चतरा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, अबु इमरान के निदेशानुसार ईवीएम व वीवीपीएटी के जागरूकता कार्यक्रम के तहत 26-सिमरिया (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत अनुमण्डल कार्यालय, सिमरिया में एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र चतरा के अनुमंडल कार्यालय चतरा व जिला स्तर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र की स्थापना की गई है, जो 10 जनवरी से लोकसभा आम चुनाव की घोषणा तक कार्यरत रहेगा। साथ ही चतरा और सिमरिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र, शिक्षण संस्थान/हाट-बाजार इत्यादि स्थलों पर ईवीएम व वीवीपीएटी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का संचालन दोनो विधानसभा क्षेत्र में अलग अलग मोबाइल प्रदर्शन वैन के माध्यम से किया जाएगा।

### अबुआ आवास को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में मची होड़



**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार एवं मंगलवार को अबुआ आवास को लेकर खूब होड़ मची थी। परिसर के अंदर काफी ज्यादा ग्रामीण अबुआ आवास के लिए फॉर्म जमा करने के लिए आवास कोऑर्डिनेटर के ऑफिस में भी हल्ला मचा रहे थे। जिसे देख प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने ग्रामीणों को परिसर के अंदर बुलाकर लोगों को कई बातें समझते हुए कहा की किसी भी प्रकार से यदि आपको दिक्कत हो रही है तो आप हम से कहें। तभी ग्रामीणों ने पैसा लेने की बात इनसे कहा।तब बीडीओ ने लोगों को समझाते हुए कहा कि एंट्री करने के लिए पैसा मांगा जाता है, तो कदापि नहीं दें। इससे आपका नुकसान होगा।और जरूरी नहीं है कि आपका अबुआ आवास हो ही जाएगा।वही कई महिलाओं ने आवास कोडिनेटर फहरद नाजमी पर रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया। जिसे बीडीओ ने निराधार करते हुए लोगों को समझाते हुए किसी भी प्रकार की रिश्वत किसी को नहीं देने की बात कही है। मौके पर उपस्थित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## निर्माणधीन सड़क को देख भड़के प्रमुख, लगाई फटकार



**सिमरिया।** प्रखंड के जांगी पंचायत के जरही गांव में बनाए जा रहे पीसीसी सड़क निम्न गुणवता को देख प्रमुख रोहन साव भड़क उठे और संवेदक को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने संवेदक को तत्काल काम रोकने और जबतक इसकी जांच पूरी ना हो तब तक काम बंद रखने का निर्देश दिया। सड़क का निर्माण कल्याण विभाग से बनाई जा रही है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने प्रमुख से की थी। शिकायत के आलोक में प्रमुख सड़क का निरीक्षण कर रहे थे। निरीक्षण में प्रमुख के साथ उपप्रमुख दामोदर गोप, मुखिया प्रतिनिधि आशीष भोगता और पंसस प्रतिनिधि राजेश कुमार शामिल थे। सभी जनप्रतिनिधियों ने सड़क निर्माण में लगाए जा रहे सामग्री पर सवाल उठाए और उसे निम्न गुणवत्ता वाला करार दिया। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि निर्माण के नाम पर क्षेत्र में संवेदक लूट मचाई हुए हैं इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संवेदक अपने कार्य में सुधार लाये, अन्यथा उनके विरुद्ध वरीय अधिकारियों से जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद

**खबर मन्त्र संवाददात**


उद्घाटन करते सांसद।

**श्री बंशीधर नगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम बंशीधर नगर के ग्राम पंचायत भोजपुर एवं कधवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक सभी के प्रयासों से देश को विकसित भारत बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं यथाः प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना इत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है जिससे समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करना है। उक्त कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच 48 लाख रुपए का चेक प्रदान किया। उज्वला योजना के तहत गैस चुल्हा एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान योजना बनाने सहित अन्य योजनाओं का स्टाल लगाया गया था। साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा नशा मुक्ति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का नाट्य कला का मंचन किया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, मुकेश चौबे, धीरेन्द्र चौबे, मंडल अध्यक्ष विकास पाण्डेय, कनिष्क सिंह, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, विवेकानंद पाण्डेय, विभुति भूषण चौबे, संजय कसेरा, जेएसएलपीएस के समन्वयक धनंजय कुमार, भोजपुर पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश उरांव, गरबांध मुखिया सिस्टबयानी केरकेट्टा, कधवन पंचायत के मुखिया सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, प्रखंड पदाधिकारीगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार्वजनिक जीवन में हर किसी को साफ सफाई को लेकर सजग रहना चाहिए : सुभाष यादव

● राजद नेता ने किया मिसाल पेश, इंदरवा मैदान में खुद झाड़ू पकड़ किया साफ-सफाई



**कोडरमा।** राजद नेता सह चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने अनोखा मिसाल पेश किया है। राजद नेता ने इंदरवा मैदान में राजद के वनभोज कार्यक्रम के बाद पसरे कचरा को खुद झाड़ू पकड़कर पूरे मैदान की साफ सफाई की। बतादें की 7 जनवरी को राजद के वनभोज कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी थी। कार्यक्रम में खाने-पीने की भी व्यवस्था थी, जिसके कारण मैदान परिसर में कार्यक्रम के पश्चात मैदान में यत्र तत्र कचरा फैल गया था। जिसकी सफाई के लिए राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने मंगलवार को इंदरवा मैदान पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। सफाई अभियान के पश्चात मैदान पूरे तरीके से साफ हो गया है। इधर राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमें स्वच्छता का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि बड़े आयोजन के बाद कार्यक्रम स्थल पर कचरा जम जाता है लेकिन यह हमारी जिम्मेवारी बनती है की जमा कचरा को समय रहते साफ सफाई कर देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बापू ने हम सभी को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। राजद के लोग बापू के सिद्धांतों को मानने वाले लोग हैं, इसलिए उनके सिद्धांतों को मानते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यक्रम स्थल में जमा कचरा का निष्पादन किया गया। मौके पर प्रदीप यादव, महेंद्र यादव, महेश यादव, अजय यादव, कन्हाई दास, डोमन तुरी, सीताराम यादव, रोहित कुमार रघु, राहुल कुमार, अनिल मेहता, पिंकू सिंह, निर्भय मेहता, अन्नू मेहता आदि मौजूद थे।

### पूजित अक्षत वितरण की हुई समीक्षा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आए हुए पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक वितरण की समीक्षा प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू के द्वारा की गई। झुमरी तिलैया नगर के सभी वार्डों में इस कार्य में समाज के लोगों का साथ देने के लिए कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया के आचार्य की टोली भी लगी है। सभी आचार्य और दीदी जी इस पुनीत काम में अपना हाथ बटा रहे हैं। प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने आज समीक्षा बैठक की, और जिन वार्डों में पूजित अक्षत बंट रहा है उसे और गति देना है। साथ ही जिन वार्डों में समस्या आ रही है उसे दूर करने के उपाय भी बताएं।

## एक नजर में

### अंग्रेजी शराब दुकान के स्टॉक पंजी की जांच


जांच करने पहुंचे पदाधिकारी।

**केतार।** मधनिषेध विभाग गढ़वा के द्वारा मंगलवार को केतार प्रखंड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के स्टॉक पंजी की जांच की गई। जिसमें हेराफेरी का मामला प्रकाश में आ रहा है। जांच दल के लोगों ने बताया कि सेल्स मैन द्वारा 9,99,915 रुपए की शराब उठाया गया था और शेष शराब स्टॉक में बताया जा रहा था। लेकिन जांच किया गया तो मात्र 62915 रुपए दुकान से प्राप्त हुआ। साथ ही स्टॉक जांच किया गया तो स्टॉक में शराब नहीं मिला। हिसाब के अनुसार नौ लाख 37 हजार रुपए शेष बचे का कुछ पता नहीं चल पाया है। दुकान से बिक्री के दौरान शराब को बिक्री रजिस्टर में नहीं लिखा जा रहा था, बल्कि बिक्री कम दिखाकर रुपए की हेराफेरी का खेल किया जा रहा था। इसी के साथ दुकान में मौजूद स्टॉक में भी गड़बड़ की जाने की आशंका जताई जा रही थी। वहीं कोऑर्डिनेटर रोहित सिंह एवं एक्साइज सबइंस्पेक्टर विक्रम शाह ने दुकान का जांच कर सेल्समैन प्रदीप कुमार को अपने साथ लेकर गढ़वा चले गए। इस मामले में एक्साइज सबइंस्पेक्टर विक्रम साह से पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर हेराफेरी का मामला सही पाया जाता है तो दुकानदार को जेल जाना पड़ेगा। हालांकि अभी सिर्फ आशंका जताई जा रही है। सभी रजिस्टर पंजी की जांच करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है,जांच के पश्चात प्रतिवेदन तैयार कर इंस्पेक्टर अपकारी विभाग को सौंपा दिया जाएगा।

### प्रखंड कार्यालय में मधुमक्खियों का हमला, एक दर्जन को मारा डंक




**सिमरिया।** मधुमक्खियां के एक झुंड ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में अचानक हमला बोला। मधुमक्खियां के इस अप्रत्याशित हमले से प्रखंड कार्यालय में अपरा तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे जबकि अधिकारियों ने तत्काल अपने कक्ष का दरवाजा बंद कर लिया। मधुमक्खियों का झुंड लगभग एक घंटे तक प्रखंड कार्यालय में मंडराता रहा। जिसके चलते कार्यालय का काम कार्य ठप हो गया। लोग सिर्फ मधुमक्खियां से बचने में लगे रहे। इसके वाजूद मधुमक्खियां ने एक दर्जन से अधिक लोगों को डंक मार कर घायल कर दिया। इनमें कई को इलाज करना पड़ा। कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविकाओं कि मीटिंग चल रही थी। इसके अलावे ग्रामीण क्षेत्र के लोग विभिन्न कार्यों को लेकर प्रखंड कार्यालय आए हुए थे। जिसके चलते कार्यालय में अच्छी खासी भीड़भाड़ थी।

### बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगे : सईद नसीम



**कोडरमा।** कांग्रेस नेता सईद नसीम ने उपायुक्त को पत्र लिख कर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग करते हुए कहा की झुमरीतिलैया सुभाष चैक के समीप बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की आधी प्रतिमा स्थल का कई वर्ष बीत जाने के बाद भी विभागीय उदासीनता के चलते न तो सौंदर्यकरण किया गया और न ही प्रतिमा का कभी जायजा लिया गया। शहर के विभिन्न चैक चैराहे का सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार किया जा रहा है मगर विश्व रत्न व महामानव की प्रतिमा स्थल विभागीय उपेक्षा का शिकार हो जाना बेहद चिंताजनक व दुर्भाग्यपूर्ण हैं। जिस शख्सियत ने न केवल सदियों पुरानी अनेक रूढ़िवादी परम्पराओं को तोड़ने का साहस किया, सामाजिक न्याय के ढांचे को मजबूती दी, महिलाओं को मताधिकार दिया, सभी जाति व धर्म के लोगों के लिए शिक्षा, भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत मां के इस वीर सपूत को भारत सहित विश्वभर में सामाजिक न्याय के पैरोकार के रूप में याद किया जाता है। सईद नसीम ने पत्र में कहा है कि ऐसे में हम जिला प्रशासन से मांग करते हैं सुभाष चैक के समीप बाबा साहेब के स्थल भूमि पर आदमकद की प्रतिमा लगाए जाने के साथ स्थल का सौंदर्यीकरण किया जाय ताकि प्रतिमा सिर्फ प्रतीक चिन्ह ही नही बल्कि झुमरीतिलैया आने वाले सभी महामानव के विचारों का अनुशरण कर अपने जीवन के साथ साथ मुल्क को विचारवान बनाया जा सके।

### सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम को लेकर बैठक



**कोडरमा।** जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने को लेकर झारखंड सरकार द्वारा अनूठी पहल शुरू की गई है। पहल में सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार की अध्यक्षता में जिला के सभी पदाधिकारी, कर्मी तथा सभी प्रखंड के आरईओ, बीईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, की उपस्थित में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीटी बजाओ उपस्थिति बढ़ाओ कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा इस कार्यक्रम में समाज के सभी मुखिया, जनप्रतिनिधि के साथ-साथ एसएमसी एवं माता समिति के सदस्यों को जोड़ने एवं कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की गई। इस कार्यक्रम को प्रखंड कार्यालय द्वारा प्रखंड व संकुल स्तर पर 10 जनवरी को करने की तैयारी है एवं सभी विद्यालय 11 जनवरी को विधिवत रूप से 8:30 से 9:30 बजे तक छात्रों को सीट बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ अभियान को लागू करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों को भी शामिल होकर इस सम्बंध में ट्विटर पर ट्वीट कर भाग लेने की अपील की गई है।

भारत माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से 7 लाख 24 हजार के लूटपाट मामले का पुलिस ने किया खुलासा

## फाइनेंस कंपनी के दो कर्मियों की मिलीभगत से दिया गया था लूटपाट को अंजाम : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददात**




**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही ढोढाकोला रोड में अम्बादाह घाटी के समीप अज्ञात अपराधियों के द्वारा भारत माइक्रो फाइनेंस कम्पनी के कर्मी से 7 लाख 24 हजार 3 सौ रुपये के लूटपाट मामले को पुलिस ने उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। गिरफ्तार आरोपियों में थाना चैपारण जिला हजारीबाग के बनऊ निवासी अजित सिंह उर्फ बबलू सिंह पिता स्व रामजीवन सिंह थाना चैपारण जिला, बारा निवासी और भारत माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी कार्तिक कुमार सिंह पिता सुबोध सिंह, थाना मांडू जिला रामगढ़ साकिन करमा निवासी और भारत माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी प्रेम कुमार रवि पिता चमन रविदास के नाम शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक टाटा जेस्टा कार, एक मोटरसाइकिल और 3 मोबाइल बरामद किया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दिया।

### कार बना लूटपाट का सुराग

एसपी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया की बीते 30 अक्टूबर को लोन के पैसे का कलेक्शन कर वापस लौट रहे भारत माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मियों से अम्बादाह घाटी के समीप अज्ञात अपराधियों ने 7 लाख 24 हजार 300 रुपये लूट लिए थे, घटना को लेकर कम्पनी के कर्मी के द्वारा डोमचांच थाना में कांड संख्या 147/23 में मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद मामले के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर और प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया, टीम के द्वारा अनुसंधान के क्रम में पता चला कि अपराधियों के द्वारा घटना को अंजाम देने में एक चार पहिया वाहन (टाटा जेस्टा) का प्रयोग किया था, जिसके बाद पुलिस टीम के द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम के द्वारा लुटपाट की घटना में प्रयुक्त वाहन को हजारीबाग जिले के चैपारण थाना क्षेत्र के ग्राम बनऊ के अजित सिंह उर्फ बबलू सिंह के पास से जप्त किया गया, पूछताछ के क्रम में अजित सिंह ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया कि लुटपाट की घटना को अंजाम देने में भारत माइक्रो फाइनेंस कंपनी के दो कर्मी कार्तिक कुमार सिंह व प्रेम कुमार रवि तथा अन्य लोग शामिल थे। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी अजित सिंह के स्वीकारोक्ति बयान और निशानदेही पर उक्त दोनों कर्मियों को भी गिरफ्तार किया गया, साथ ही लूट में प्रयुक्त 3 मोबाइल और एक मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की भी पहचान कर ली गयी है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर एसपी के अलावे एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, पुलिस निरीक्षक अवधेश सिंह, रामनारायण ठाकुर, थाना प्रभारी पंचम तिग्गा, एसआई मदन मुंडा, अब्दुल्ला खान, ऋषिकेश सिन्हा, नीरज कुमार मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन राम जानकी दरबार मंदिर में होंगे कई कार्यक्रम

**चंदवा।** सरोज नगर स्थित राम जानकी दरबार मंदिर परिसर में मंगलवार को किरण प्रसाद साहू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में भगवान राम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को स्थानीय राम जानकी दरबार मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दिन राम दरबार मंदिर में अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लोगों को दिखाया जाएगा इसके अलावा हनुमान चालीसा, राम रक्षा स्त्रोत एवं महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।आरती के पश्चात प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई है। मंदिर समिति के लोगों ने तमाम भक्तों से आग्रह किया है कि इस अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर शशि गिनोडीया रविकांत गिनोडीया डॉक्टर अनिल कुमार, संदीप अग्रवाल, अमरेंद्र कुमार पाठक समेत कई लोग उपस्थित थे।

### अजमेर शरीफ के लिए 41 जायरिनों का जत्था हुआ रवाना

**महुआडांड़।** से ख्वाजा गरीब नवाज के दरगाह अजमेर शरीफ के लिए जायरीनों का जत्था मंगलवार को रवाना हुआ। जहां महुआडांड़ जामिया नुरिया ज्याउल इस्लाम व गौसिया मस्जिद के तलबा व यहां लोगों के द्वारा फुल माला पहनाकर वह दुवाएं देकर जायरीनों को रवाना किया गया। यह जायरीनों का जत्था डिपाटोली निवासी सेराजउद्दीन के अगवाई में हर वर्ष पहले भी जाता रहा है और इस वर्ष भी गया है। जायरीनों ने कहा कि हम अजमेर शरीफ पहुंचकर यहां के लोगों के लिए,देश दुनिया के लिए दुआ करेंगे कि हमारे क्षेत्र, शहर, गांव एवं देश में अमन शांति कायम हो। जो भी उसके दरगाह में जाते हैं खाली हाथ वापस नहीं आता,बाबा के दरगाह में सबकी मुरादे पूरी होती है।अजमेर शरीफ जाने वालों में नसीर मियां, शहंशाह खान,अयूब अंसारी,रकीब अंसारी,सकीर हव्वारी,सेराज खान, मकसूद अंसारी मदीना बीबी समेत 41 महिला पुरुष का नाम शामिल है।

### धान खरीद केंद्र का हुआ उद्घाटन



**महुआडांड़।** महुआडांड़ लैम्पस में धान खरीद केंद्र का उद्घाटन मंगलवार को जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय मिंज के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मौके पर मौजूद जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया ने कहा कि लैंम्पस के खुल जाने से अब किसानों को अपना उत्पादित धान बेचने में सहूलियत होगी। धान अधिप्राप्ति होने से किसानों की धान का निर्धारित मूल्य मिलेगा एवं मुनाफा होगा। मौके में लैंपस के प्रबंधक मनोज महली एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### शव जलाने के दौरान मुक्तिधाम का छज्जा गिरा



जर्जर शेड का गिरा छज्जा।

**बरवाडीह।** विधायक मद से कुछ महीने पहले ही मरम्मत कराई गई बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बने मुक्तिधाम की शेड की हालत जर्जर हो चुकी है। इस मुक्ति धाम के पुनर्निर्माण में किस दर्जे की सामग्री का इस्तेमाल किया गया है, पहली शव के अंतिम संस्कार के दौरान ही खुल गई है। शव जलाने पहुँचे लोगों ने बताया कि उन्होंने शेड को गिरते देख भाग गए नहीं तो कोई अनहोनी घटना हो सकती है। इस घटना में कुछ लोग बाल बाल बचे। आस पास के लोग इस मामले को लेकर आक्रोशित है और मामले की जांच कर दोषी संवेदक पर कारवाई की मांग कर रहें है।

### आनंद का सरकारी इंजीनियर में हुआ चयन



आनंद कुमार।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श नगर निवासी विनोद बिहारी गुप्ता के छोटे पुत्र आनन्द बिहारी का मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस के अंतर्गत सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) में सिविल इंजीनियर के पद पर चयन हुआ। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और माता पिता को दिया है। आनन्द बिहारी गुप्ता बी आई टी मेसरा रांची से बीटेक कर तीन साल कैंपस सेलेक्सन के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की कम्पनी में सिविल इंजीनियर के रूप में कार्य किया था। लेकिन शूरू से ही सरकारी इंजीनियर बन कर देश सेवा करने का सपना देखा करता रहा। अंततः सपना सच हुआ। सरकारी इनजिनियर बनने पर पिता विनोद बिहारी गुप्ता, माता सुनिता देवी चाचा प्रमोद कुमार गुप्ता, केदरनाथ गुप्ता सहित बालूमाथ कई लोगो ने बधाई दी है। जिसमे मुखिया नरेश लोहरा, शिक्षक निर्मल सिन्हा, श्यामसुन्दर यादव, जावेद अख्तर, पंकज सिन्हा, मनोज यादव, रामलाल यादव, सतीश यादव समेत कई लोगो के नाम शामिल है।

## पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

# गर्भपात को रोकने के लिए बनाया गया है कानून: हिमांशु मोहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट के समुचित क्रियान्वयन हेतु जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। उपायुक्त लातेहार ने कहा लिंग जांच एवं लिंग चयनात्मक गर्भपात को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी एक्ट बनाया गया है। पीसीपीएनडीएक्ट के समुचित क्रियान्वयन के लिए हमें संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्य करना है। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से नवजात बच्चों में लिंगानुपात के बारे जानकारी लिया। सिविल सर्जन ने बताया कि माह अप्रैल 2023 से माह दिसंबर 2023 तक लातेहार जिले में जन्मे बच्चों का लिंग अनुपात 926 है। उपायुक्त लातेहार ने सिविल सर्जन को जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों में औचक जांच कर पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कारवाई करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 8 निजी अस्पताल/नर्सिंग होम में अल्ट्रासाउंड जांच किया जाता है। विगत माह दिसंबर 2023 में लातेहार, चंदवा एवं बालूमाथ प्रखंड में 1-1 अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का जाँच किया गया था। जिला निगरानी समिति के सदस्यों के साथ अन्य अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों में भी औचक जांच किया जाएगा। बैठक में सिविल सर्जन ने बताया कि जिले के तीन निजी अस्पताल/नर्सिंग होम में अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र संचालन के लिए लाइसेंस रिन्यूअल का प्रस्ताव प्राप्त है। उपायुक्त ने जिला निगरानी समिति के सदस्यों के द्वारा उन अल्ट्रासाउंड जाँच केंद्रों का जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ अखिलेश्वर सिंह, डॉ. मारसा टोपनो, डॉ. चंद्रमणि बाखला, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा सुजीत सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कंडुलना, जिला सूचना पदाधिकारी लता रानी उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी व अन्य।

### बिरजू तिवारी जिप उपाध्यक्ष चतरा ने युवक की मदद की, गंभीर बिमारी से है ग्रसित

➲ यदि ईश्वर ने आपको सामर्थ दिया है तो जरूरतमंदों की जरुर मदद करें: बिरजू तिवारी



बिरजू तिवारी।

**लातेहार।** लातेहार जिले के सरयू प्रखंड निवासी गंभीर बीमारी से ग्रसित आदिवासी युवक सुचित कुमार को चतरा के जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कठिन समय में आर्थिक मदद कर परिवार को सहारा दिया है। बिरजू तिवारी के इस कार्य को स्थानीय लोगों के द्वारा खूब सराहना की जा रही है। दरअसल सुचित कुमार इन दोनों गंभीर बीमारी से ग्रसित है। उसका ईलाज झारखण्ड कैंसर सेंटर कोकर रांची में किया जा रहा है। हालांकि परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय रहने के कारण ईलाज में काफी परेशानी भी हो रही है। कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा जब इसकी जानकारी चतरा जिले के जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी को दी गई तो उन्होंने बिना देर किए सूचित के पिता को आर्थिक सहायता प्रदान की। वही इस संबंध में बिरजू तिवारी का कहना है कि मानव सेवा के लिए कोई क्षेत्र या सीमा निर्धारित नहीं हो सकता है। यदि ईश्वर ने आपको सामर्थ दिया है तो जरूरतमंदों की जरुर मदद करें। ज्ञात होगी सुचित कुमार को ब्लड की आवश्यकता होने पर सरयू के भाजपा नेता और समाजसेवी विवेकानन्द गुप्ता ने बल्ड बैंक में जाकर रक्तदान भी किया।

## प्रशांत उपाध्याय ने आठ पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोर्ट में कराया मामला दर्ज

➲ बिते तीन जनवरी को पुलिस कर्मियों द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर किया गया था मारपीट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** बानपुर निवासी प्रशांत उपाध्याय ने पुलिस कर्मियों के खिलाफ कोर्ट में मामला दर्ज कराया है। ज्ञात हो कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान तीन जनवरी को पुलिस द्वारा बैंक कर्मी प्रशांत उपाध्याय के साथ मारपीट मामले में सोमवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में शिकायत वाद संख्या 14/24 दायर कर एएसआई नागेश्वर महतो, लातेहार थाना के मुंशी चिंटू कुमार सिंह एवं छह से आठ अज्ञात पुलिस कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इन लोगों के खिलाफ वाद संख्या 14/24 भादवि की धारा 147/ 148/ 149/ 166/ 323/ 307/342/504/506/34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोर्ट को दिये दायर वाद में प्रशांत उपाध्याय ने कहा है कि तीन जनवरी को शाम 5:30 बजे अपने दोस्त विकास उपाध्याय के साथ जुबली चौक से थाना चौक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एएसआई नागेश्वर महतो एवं छह से आठ पुलिसकर्मी वाहन चेकिंग कर रहे थे। मेरा दोस्त विकास कुमार हेलमेट पहना था। बाईक के पीछे बिना हेलमेट बैठे हुए थे। इसे देख मुझे रोक कर बाइक से उतारा गया और मेरे साथ मारपीट की गई। पुलिस कर्मियों से कहा गया कि आप चालान ले लीजिए, लेकिन नहीं सुना। मारपीट करते हुए शाम करीब 5.30 बजे थाना ले जाया गया। जहां रात्रि 10 बजे लगभग छोड़ा गया। इसके बाद सदर अस्पताल लातेहार जाकर ईलाज कराया। यहां से रेफर के बाद रिम्स रांची में इलाज कराया गया। पांच जनवरी को लौटने के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक, उपायुक्त व थाना को दी गई। लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया। इसके बाद न्यायालय में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।



प्रशांत उपाध्याय।

## एक नजर में

### युवा राजद नेता ने मांगी महिलाओं के साथ ठगी मामले में अबतक हुई कार्रवाई की जानकारी



जानकारी लेते राजद नेता।

**चंदवा।** युवा राजद प्रदेश सचिव संजय यादव ने मंगलवार को चंदवा थाना प्रभारी को आवेदन देकर चंदवा थाना कांड संख्या 82/2022 मामले में अब तक की गई कार्रवाई से संबंधित जानकारी मांगी है। विदित हो कि चंदवा में चल रहे विभिन्न माइक्रोफाइनेंस बैंकों के द्वारा बड़े पैमाने पर महिलाओं को लोन दिया गया था, जिसमें मिली भगत कर घोटाले की बात सामने आई थी। लगभग दो करोड़ रुपए का घोटाला का मामला प्रकाश में आया था। चंदवा थाना में पीड़ित महिलाओं के द्वारा मामला दर्ज भी कराया गया था। इन्हीं मामलों को लेकर राजद नेता ने थाना प्रभारी से जानकारी मांगी है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि बड़े पैमाने पर हुए अनुसूचित जनजाति एवं पिछडी जाति के बहनों के साथ बैंक घोटाले में अब तक क्या कार्रवाई की गई, साथ ही इस घोटाले में शामिल बैंक कर्मियों पर क्या कार्रवाई हुयी है, गरीब अनुसूचित जाति एवं पीछड़ी जाति के महिलाओं के हित में जिला प्रशासन व चंदवा थाना के द्वारा क्या कदम उठाए गए। दो दर्जन से अधिक महिलाओं को 40000 रुपए ऋण दिए गए थे। इसी मामले को लेकर महिलाओं ने चंदवा थाना में आवेदन दिया था। जिसकी जानकारी मांगने मंगलवार को राजद नेता एवं महिलाओं का समूह थाना पहुंचा था।

### बारियातू में धान क्रय केंद्र का हुआ शुभारंभ



धान क्रय केंद्र का शुभारंभ करते अतिथि।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय के लैंपस में मंगलवार को धान क्रय केन्द्र का शुभारंभ हुआ। धान क्रय केन्द्र का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम, उप प्रमुख निशा शाहदेव, पूर्व प्रमुख महाबीर उरांव, बीडीयो प्रतिमा कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, बीसीओ सुमन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। लैंपस अध्यक्ष अनिल उरांव, सचिव राकेश रौशन ने बताया कि इस वर्ष सरकार द्वारा किसानों का साधारण धान 2183 रू प्रति क्विंटल लिया जायेगा। वहीं सरकार द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल 117 बोनस के रूप में मिलेगा। दोनों मिलाकर प्रति क्विंटल धान 2300 की दर से किसानों के खाता में भुगतान किया जायेगा। एक किसान अधिकतम बीस क्विंटल धान तक बिक्री कर सकते है। मौके पर युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव, किसान शाहदेव साव, मंटु साव, मुकेश यादव सहित कई किसान मौजूद रहे।

## हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त



जानकारी देते ग्रामीण।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथी का आतंक दिन प्रतिदिन थमने का नाम नहीं ले रहा है। बिते रात टोंटी व अमरवाडीह पंचायत में हाथियों ने उत्पात मचाते हुए तीन घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज व घरेलू सामान को बर्बाद कर दिया एवं दो किसान के टमाटर व गन्ना की खेती को रौंद कर बर्बाद कर दिया। जिससे लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी देते हुए टुण्डाहुटू ग्राम के पतरा टोला निवासी विक्रम टाना भगत पिता नगु टाना भगत एवं अमरवाडीह पंचायत के रहेया ग्राम के ढेकी टोला निवासी जुगेश्वर लोहरा पिता करमा लोहरा व मंगरू टाना भगत पिता तुरी टाना भगत ने बताया कि हम सभी परिवार अपने अपने घर में सो रहे थे कि मध्य रात्रि हाथियों का एक झुंड पहुंचा और घर के पिछे का दिवार धांसने लगा। दिवार गिरने कि आवाज सुनकर उठा तो देखा कि हाथियों द्वारा घर गिराया जा रहा है। अपने बच्चों एवं परिवार के सभी सदस्यों को किसी तरह जान बचा कर घर से बाहर निकले और गांव वालों को जगाया तब तक हाथियों द्वारा घर में रखे चावल, धान, मक्का को खाकर एवं छिंट कर बर्बाद कर दिया गया साथ ही घरेलू उपयोग के कई सामान दिवार गिरने से दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीण एकठ्ठा होकर लूकारी जला, टीना पीट कर हाथियों को किसी तरह जंगल की ओर हटाया गया. हाथियों का झुंड जाते जाते किसान गोपाल टाना भगत के गन्ना एवं पिपराडीह ग्राम निवासी आकाश यादव पिता छठु यादव के दो एकड़ भुमि पर लगा टमाटर के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया हम सभी किसानों से घर क्षति एवं फसल का लगभग पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सभी पीड़ित किसानों ने क्षेत्र के विधायक बैद्यनाथ राम, संबंधित विभाग व लातेहार उपायुक्त से हुई क्षति का आंकलन कर मुआवजे की मांग किया है। साथ ही हाथियों को क्षेत्र से हटाने के लिए लाईट, मोबिल, पटाखा उपलब्ध कराने का अपील किया है।

## पांच दिनों से टोरी बॉक्साइट साइडिंग में कामकाज ठप, मजदूरों पर रोजी-रोटी की आफत

➲ हिंडाल्को प्रबंधन तत्काल पहल कर आंदोलन को समाप्त कराए

➲ अपनी मांगों को लेकर 5 दिनों से झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसो. द्वारा टोरी साइडिंग में किया जा रहा है आंदोलन



मामले को लेकर बात करते हुए

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** सेरंगदाग चलने वाली ट्रकों का ट्रिप बढ़ाने व दूसरे खदान में शिफ्ट करने की मांग को लेकर सेरंगदाग ट्रक ऑनर एसोसिएशन के आह्वान पर 5 दिनों से झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन द्वारा हिंडाल्को टोरी साइडिंग में कांटा कार्य को बंद कर दिए जाने के बाद हिंडाल्को टोरी अनलोडिंग स्टेशन में बॉक्साइट लोडिंग व अनलोडिंग कार्य मे लगे लगभग एक हजार मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी पर आफत मंडराने लगा है। 5 दिनों से कांटा बाधित होने के कारण एक भी ट्रक अनलोडिंग नही हो पाया है और न ही एक भी रैक लोड हुआ, जिसके कारण हिंडाल्को से जुड़े दैनिक भोगी मजदूर परेशान है। मंगलवार को काफी संख्या में लोडिंग व अनलोडिंग मजूदर साइडिंग परिसर पहुंच कर आंदोलन कर रहे ट्रक ऑनरों से आंदोलन को समाप्त करने का आग्रह किया। 5 दिनों से चल रहे आंदोलन के कारण मजदूर काफी आक्रोशित नजर आ रहे थे। मजदूरों का कहना था कि साइडिंग में ट्रक अनलोडिंग होता है व रैक लगता है इस वजह से उनका जीवकोपार्जन चलता है, पांच दिनों से घर मे चूल्हा कैसे जलेगा इसकी चिंता सता रही है। प्रबंधन तत्काल पहल कर आंदोलन को समाप्त कराए। बता दें कि सेरंगदाग चलने वाली ट्रकों के ऑनर ट्रक को दूसरे खदान शिफ्ट करने की मांग को लेकर 5 दिनों से टोरी साइडिंग में कांटा कार्य बाधित कर आंदोलन पर है।लगातार 5 दिनों से कांटा कार्य बंद होने के बाद टोरी साइडिंग में कामकाज पूरी तरह से प्राभवित है। आंदोलन के बाद हिंडाल्को टोरी साइडिंग आने वाली बॉक्साइट ट्रकें जहां-तहां खड़ी हो गई है। जिस कारण साइडिंग में ट्रक अनलोडिंग व रैके नही लोड हो पा रही है व मजदूरों में उबाल है।

### कृषि विभाग के द्वारा गेहूं का बीज किसानों के बीच वितरण किया गया



बीज लेते किसान।

**लातेहार।** प्रखंड कार्यालय परिसर में कृषि विभाग के द्वारा मंगलवार को गेहूं बीज का वितरण किसानों के बीच किया गया। बता दे की कृषि विभाग के द्वारा किसानों को गेहूं का बीज मिलने से खेती किसानी में काफी सहूलियत मिलता है। किसान के पास गेहूं का बीज लेने के लिए पैसा की कमी होता है। जिसके कारण किसान बीज के अभाव में गेहूं का फसल ससमय पर नहीं लगा पाते हैं। जिससे गेहूं की खेती समय पर नहीं हो पता है। किसान का आर्थिक स्थिति खराब हो जाता है। कृषि विभाग के द्वारा गेहूं का बीज मिल जाने से किसने को गेहूं का फसल लगाने में सहूलियत मिल जाती है।

### महिला के सर पर गिरा टोरी रेलवे फाटक का बैरियर, घायल



घायल महिला।

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन रेलवे समपार फाटक पर मंगलवार की देर शाम केबिन मैन की लापरवाही के कारण टोरी रेलवे फाटक पार कर रही बाइक पर पीछे बैठी वृद्ध महिला पर फाटक का बैरियर गिर गया। बैरियर के चपेट में आने से महिला पार्वती देवी पति बैजनाथ महतो मैकलुस्कीगंज गम्भीर रूप से घायल हो गयी। सामाजिक कार्यकर्ता बबलू खान, मोख्तार आलम समेत अन्य लोगो ने मानवता का परिचय देते हुए घायल महिला को निजी वाहन से प्राथमिक उपचार के लिए चंदवा सीएचसी भेजा, जहां उसका प्राथमिक उपचार चल रहा है। महिला के सर, छाती व शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी चोटें आई है। बताया जाता है कि पार्वती देवी अपने दामाद के साथ बेटी के ससुराल बाइक से मकैयाटांड जा रही थी, रेलवे फाटक के दक्षिणी साइड से वह फाटक पार कर गयी लेकिन जैसे ही उत्तरी साइड के फाटक पर पहुंची, बेरिकेटिंग पाइप उस पर गिर गया। स्थानीय लोगो का आरोप है कि घटना के बाद मौजूद केबिन मैन घायल महिला की मदद करने के बजाए केबिन को अंदर के बंद कर कमरे में चला गया। जब केबिन मैन से पूछने का प्रयास किया तो गोल मटोल जवाब देकर दोषा रोपण करने लगा।

## सांसद सुनील कुमार सिंह का मध्य प्रदेश विधान सभा में व्याख्यान कल

➲ चतरा के सांसद सह संसद के विशेषाधिकार समिति के सभापति सुनील कुमार सिंह संसदीय विशेषाधिकार और नैतिकता का सिखाएंगे पाठ

**लातेहार।** सांसद सुनील कुमार सिंह मध्यप्रदेश विधानसभा में संसदीय विशेषाधिकार और नैतिकता पर कल व्याखान देंगे। इसको लेकर मध्य प्रदेश विधान सभा के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गौरतलब है कि चतरा के सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह संसद के विशेषाधिकार समिति के सभापति भी हैं। लोकसभा सचिवालय की संसदीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा मध्य प्रदेश विधान सभा में संसदीय विशेषाधिकार और नैतिकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह को व्याख्यान देने का मौका मिला है। चतरा संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए भी यह गौरव है कि उनके आशीर्वाद से ही मध्य प्रदेश विधान सभा में चतरा के सांसद सुनील कुमार सिंह संसदीय विशेषाधिकार और नैतिकता पर अपना व्याख्यान देंगे। कार्यशाला में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री और सभी विधायक इस कार्यशाला में शामिल होंगे।



सांसद सुनील सिंह।

## हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत बरवाटोली में केंद्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

# सपने को साकार कर रही है केंद्र सरकार: अमित कुमार गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के बरवाटोली पंचायत सचिवालय मे मंगलवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, बीडीओ विजय कुमार, चंदवा प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजू उरांव, बरवाटोली मुखिया शंकुतला देवी, भाजपा जिला मंत्री कुलामन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक, मंडल महामंत्री दीपक निषाद, मंडल उपाध्यक्ष जयराम साहू के द्वारा किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार किसानो के हित के लिए हर डीबीटी के माध्यम से वर्ष खाते मे 6,000 रुपये भेज रही है, जिससे किसान उसका लाभ उठा रहे है। प्रधान मंत्री की नेक सोंच के कारण ही आज विकास योजनाओं से गरीब लाभान्वित हो रहे हैं। महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त में गैस सिलेंडर सहित कनेक्शन दिया जा रहा है, अंत्योदय योजना के तहत कोरोना काल के समय से 80 करोड़ भारतीय को हर महीने प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज दिया जा रहा है, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख का मुफ्त ईलाज जैसे कई योजनाएं संचालित कर सबका साथ, विकास, सबका का विश्वास के सपने को साकार कर रही है। वहीं अन्य अतिथियों ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान, उजाला योजना के तहत मुफ्त बिजली कनेक्शन, उज्जवला योजन के तहत मुफ्त में गैस कनेक्शन, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय, जल जीवन मिशन के तहत घर मे नल से जल, विश्कर्मा योजना के माध्यम से समाज के बिभिन्न वर्गो को जोड़ा जा रहा है। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत जेएसएलपीएस के सखी मंडल की दीदियों द्वारा स्वागत गान के साथ किया गया। इसके पश्चात आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा बच्चो को अन्नप्राशन भी कराया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के सखी, स्वास्थ विभाग, गैस वितरक, प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी, राजेश तुरी, अनंदु महतो, संतोष उरांव, परमेश्वर यादव, अनित सिंह, युगल किशोर महतो, मनोज महती, उषा देवी, पूनम देवी, बिमला देवी, रूपलाल यादव, पप्पू राम सैकड़ो ग्रामीण जनता मौजूद है।




मंचासीन अतिथि।

### स्व. रेवलाल यादव की पुण्य तिथि में पहुंचे लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सुरेश राम



मौके पर मौजूद लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के मूरपा ग्राम में स्व रेवालाल यादव के पुण्य तिथि के अवसर पर स्व रेलवाल चौक पहुंचकर राजद नेता सह लातेहार विधानसभा प्रत्याशी सुरेश राम ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर बोलते हुए सुरेश राम ने कहा की स्व रेवालाल यादव हमेशा समाज के सभी वर्गों को लेकर चलते थे। उनके द्वारा समाज के लिए किए गए कार्यो की आज भी लोग चर्चा करते है। मौके पर समाजसेवी त्रिवेणी सिंह, रोहन गोप, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, वरुण यादव, गोपाल चंद्र यादव राजद नेता मनोज यादव, ब्रह्मदेव यादव, संजय यादव, अमित यादव, दीपक यादव, उमेश यादव, रवि यादव, ललन यादव, सतीश यादव, समाजसेवी जगरनाथ यादव, उपेंद्र यादव, दिलीप यादव, योगेंद्र यादव, विश्वनाथ यादव,विकाश यादव, शिव कुमार, सुभाष यादव, विनोद यादव, इशू यादव, समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## निकुंज अग्रवाल ने सीए की परीक्षा पास की



कतरास। सिजुआ श्याम बाजार निवासी कपडा व्यवसायी अशोक अग्रवाल माता रश्मि अग्रवाल के पुत्र निकुंज अग्रवाल 440 मार्क लाकर सीए फाइनल में सफलता मिली है। इन्होंने मुंबई से एमबीए की पढ़ाई पूरी की है। इनके सफलता पर इनके परिवार के लोग काफी खुश है। निकुंज के शुरू से पढ़ाई लिखायी डिनोबिली स्कूल सिजुआ में की है। सीए की पढाई कोलकाता से की है । इनकी बडी बहन प्रेरणा अग्रवाल भी सीए फाइनल मे है ।सफलता श्रेय माता-पिता तथा मित्र ईशा को दिया है।

## डेको कंपनी में हड़ताल वार्ता के बाद समाप्त

कतरास। एस टी जी जेभी डेको आउटसोर्सिंग मे एटक के बैनर तले पिछले 14 दिनों से हड़ताल पर बैठे कर्मियों का धरना कंपनी के आश्वासन के बाद मंगलवार को समाप्त हुआ। बताते चलें कि एचपीसी वेतनमान की मांग को लेकर डेको कंपनी के कर्मी पिछले 26 दिसंबर से एटक के बैनर तले हड़ताल पर थे इस हड़ताल के कारण कंपनी के करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचा है। मंगलवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की मौजूदगी मे बीसीसीएल गोविंदपुर महा प्रबंधक कार्यालय में वार्ता हुई। वार्ता में कंपनी के प्रबंधक मधु सिंह वाई के सिंह एरिया तीन के महाप्रबंधक जी सी शाहा और कंपनी के कर्मचारी मौजूद रहे। अप्रैल महीने से हाई पावर कमेटी के तहत वेतन देने पर सहमति बनी है। इसके बाद मजदूरों ने हड़ताल वापस लिया। और काम पर वापस लौटे।

## सिंदरी : मंदबुद्धि दिव्यांग युवक 18 दिनों से लापता

सिंदरी। सिंदरी के रोहड़ाबाँध एफसीआई आवास संख्या के डी 89 निवासी राजेश राम का 22 वर्षीय पुत्र करण बीते 18 दिनों से लापता है। इसकी लिखित सूचना राजेश ने मंगलवार को सिंदरी पुलिस को दी। उन्होंने लिखित जानकारी देते हुए बताया है कि करण तीसरी बार घर से लापता हुआ है। इससे पहले भी दो बार घर से कहीं चला गया था। परंतु घर वापस लौट आया था। उन्होंने बताया कि अपने पुत्र के 22 दिसंबर को गायब होने के लगभग 17 दिनों तक संभावित सभी जगहों पर खोजबीन के बाद पुलिस को सूचना दी गई है। उन्होंने पुलिस से मंदबुद्धि दिव्यांग पुत्र करण का पता लगाने की गुहार लगाई है। उन्होंने आवेदन पत्र में करण द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे मोबाइल नंबर भी अंकित किया है। इसकी शिकायत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## छापामारी में एक टन अवैध कोयला और स्कूटी जब्त

चिरकुंडा। चिरकुंडा थाना अंतर्गत कादिर मोहल्ला स्थित बराकर नदी के समीप चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में औचक छापेमारी की गई जिसमें करीब एक टन अवैध कोयला व एक स्कूटर जब्त किया गया ।जानकारी के अनुसार आसपास के कोलियरी से कोयला लाकर नदी किनारे लोग जमा कर साइकिल से बेचने का काम लोग करते हैं ।नदी किनारे कई स्थानों पर कोयला जमा किया हुआ था ।पुलिस के पहुंचते ही सभी लोग भाग खड़ा हुआ। छापेमारी में एसआइ दीपक सोरेन, एसडी मेहता, एएसआई फागु उरांव, सुशील कुमार आदि पुलिस कर्मी थे।

## ढ़ोरी में गरीब बच्चों के बीच गर्म कपड़े का वितरण

बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के द्वारा दिये गए गर्म वस्त्र को असंगठित कांग्रेस बेरमो के अध्यक्ष संतोष सिंह ने ठंड से बचाव हेतु फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत न्यू ढांकोए पुराना ढांकोए कारो कॉलोनीएपानी टंकी न्यू ढांको के बच्चो को सामुदायिक भवन में गरीब बच्चों के बीच गर्म कपड़े स्वेटर का वितरण कर मानव सेवा का कार्य किया। मौके पर टार्जन मुंडा राजेश मुंडा टिंकू कुमार सोनिया देवी महावीर मुंडा खातून बिरजू यादव मनोज कुमार कपिल पासवान रामदीप राम गोंदा आदि मौजूद थे।

# झारखंड का मुख्य पर्व है टुसू उत्सव : मंटू

### ढोल-मांदर की थाप पर तोपचांची में निकली टुसू शोभायात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

तोपचांची। मंगलवार को तोपचांची प्रखंड युवा एकता मंच की ओर से टुसु शोभा यात्रा का आयोजन हुआ।यह 'टुसू शोभा यात्रा' स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो एवं स्वर्गीय टेकलाल महतो के स्टैचू मानटांड से शुरू हुआ जो तोपचांची,जीटी रोड,हटिया मैदान, तोपचांची थाना,सुभाष चौक,वाटर बोर्ड मोड होते हुए लीची बगान के लिए आगे बढ़ा।इसमें डीजे की धुन पर एवं परंपरागत ढोल मांदर के थाप पर बच्चा-बच्ची,महिला-पुरुष,युवा पारंपरिक टुसू गीत संगीत पर जमकर नाच गान करते हुए नजर आए।जगह-जगह लोग शोभा यात्रा में जुटते चले गए और भव्य कारवां बनता चला गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व वाणी देवी एवं सदानंद महतो ने संयुक्त रूप से किया।इस शोभा यात्रा के मुख्य अतिथि मंटू महतो एवं विशिष्ट अतिथि हलधर महतो थे।आजसू जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा कि झारखंड प्रदेश का महान पर्व है,हमें अपने सभ्यता संस्कृति जो विरासत में मिली है.इसे बचाने की जरूरत है,वहीं हलधर महतो ने कहा कि कालांतर में पूर्वजों द्वारा मकर की शुरूआत शोभा यात्रा टुसू के साथ करते थे,लेकिन समय के साथ इसका चलन विलुप्त हो गया था.मगर धीरे-धीरे अब एक बार फिर से इस परंपरा की शुरूआत हुई है.मौके पर वाणी देवी जिला परिषद सदस्य टुसू शोभा यात्रा में शामिल सभी नौजवानों एवं बुजुर्गों का इसकाबाल किया और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी।इस झांकी में शामिल सभी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के लोगों को शामिल होने पर धन्यवाद ज्ञापन सदानंद महतो ने किया।




**कार्यक्रम में हुए शामिल**

इसको सफल करने में पिंकी देवी, शेखर महतो, खेमलाल महतो, खुसबु देवी,महिमा कुमारी, अनिता देवी, रेखा देवी, बबिता देवी, शीला देवी, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी,मोनी देवी,बसंती देवी सरस्वती देवी, सुलेखा देवी, चिंता देवी, कुंती देवी, विदेशवर महतो, तुलसी महतो, गिरधारी महतो, राखी देवी आदि लोग शामिल थे।

## सिंदरी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा होगी स्थापित : लक्की

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी । भाजपा युवा नेता गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह ने आगामी 12 जनवरी को युवाओं के हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती पर सिंदरी कॉलेज में उनकी आदमकद प्रतिमा को स्थापित कर अनावरण करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने इसकी जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि स्वयं के खर्च से स्वामी जी की प्रतिमा स्थापित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि सिंदरी का इतिहास विश्व पटल पर सुंदरी के नाम से विख्यात है। एशिया का पहला खाद कारखाना एफसीआईएल सिंदरी के बंद होने से सिंदरी खंडहर की ओर तब्दील हो रहा था। इसे पुनः सुंदरी बनाने में प्रयास कर रहा हूँ। उन्होंने बताया कि सिंदरी के गौशाला मोड़ पर स्थापित करने का गौरव भी मुझे प्राप्त है। इसे अब अटल चौक के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के सपनों आध्यात्म विद्या और भारतीय दर्शन से विश्व को अनाथ होने नहीं दिया जाएगा। उनके आदर्श शिक्षा ही महानता तक पहुँचाता है की प्रतिकृति को स्थापित करते हुए सिंदरी कॉलेज में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय और सिंदरी कॉलेज प्रबंधन को पत्र देकर सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि सिंदरी को सुंदरी बनाने के लिए शहर से शुरूआत कर गांव की ओर बढ़ चला जाएगा।

## 70 लाभुकों को मिला उज्ज्वला गैस सिलेंडर

खबर मन्त्र संवाददाता



कतरास। जमुआटांड पंचायत अंतर्गत योगेश्वर मोड दुर्गा मंदिर प्रांगण मे मुख्य अतिथि बाघमारा के लोकप्रिय विधायक ढुल्लू महतो जिप सदस्य इस्राफिल लाला मुखिया निरंजन गोप पंचायत समितिसदस्य प्रतिनिधि गौतम महतो उप मुखिया प्रतिनिधि नसीम वार्ड सदस्य चंदन महतो,आरती देवी, दीपाली देवी, अर्जुन ठाकुर वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नेपाल सिंह, समाजिक सदस्य छोटन रजक, विनोद महतो, मो नियाज, सुशील कुमार सिंह, मो सलाऊदीन, मनोज रजक काली माता एचपी गैस के डायरेक्टर विभा घोष आदि के द्वारा काली माता एचपी गैस के 70 लाभुको को प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस सिलेंडर वितरण किए। साथ ही साथ छुटे हुए वंचित लाभुको के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जमुआटांड पंचायत के मुखिया निरंजन गोप ने विधायक को गुलदस्ता देकर सम्मानित कर किया।

## ताइक्वांडो में विजेता खिलाड़ी सम्मानित

धनबाद। डीएवी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता हरियाणा के पानीपत में 4, 5 जनवरी को बालिका ताइक्वांडो वर्ग का आयोजन हुआ था जिसमें प्राची सिन्हा ने स्वर्ण पदक तथा आशी मिश्रा ने कांस्य पदक हासिल कर अपने एकेडमी, धनबाद व झारखंड का मान सम्मान बढ़ाया इसके उपलब्धि के लिए उदय प्रताप सिंह ने दोनों विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। साथ ही ताइक्वांडो एकेडमी के कोच विशाल कुमार पंडित भारतीय ताइक्वांडो संघ के महासचिव सहित अन्य ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

## राम मंदिर के दर्शन के लिए डीसी को निमंत्रण

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। विश्व हिंदू परिषद के बिहार एवं झारखंड के संगठन मंत्री आनंद कुमार ने मंगलवार को डीसी वरुण रंजन को आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद नवनिर्मित मंदिर के दर्शन हेतु अवश्य अयोध्या जी में सपरिवार राम मंदिर के दर्शन के लिए पधारने का निमंत्रण दिया। निमंत्रण पत्र के साथ उन्होंने पूजित अक्षत भी उपायुक्त को सौंपे। आनंद ने डीसी से कहा कि आगामी 22 जनवरी के शुभ दिन प्रभु श्री राम के बाल स्वरूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बना रहे नवीन मंदिर के भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इस दिन अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा। आप भी इस दिन बड़ी एलइडी स्क्रीन लगाकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को समाज को दिखाने का प्रयास करें। इसके बाद डीडीसी शशि प्रकाश सिंह को भी निमंत्रण पत्र दिया। मौके पर विश्वास हिंदू परिषद धनबाद के अध्यक्ष द्वारिका तिवारी, मंत्री सोनू सिंह, सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट, उमाशंकर तिवारी, बसंत बर्मन, प्रितपाल सिंह अजमानी, आनंद महतो, तपस कुमार डे, आनंद खंडेलवाल, रोहित सिंह मौजूद थे।

## बोकारो संयंत्र में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट से जनवरी 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों हेतु एचआरडी के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक अंकिता देव ने नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ रमेश कुमार हेम्ब्रम मेडिकल अधिकारी और योग विशेषज्ञ डॉक्टर विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। वित्त एवं लेखा विभाग की उप प्रबंधक सुश्री शैलजा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। आईसीआईसीआई बैंक के मुख्य प्रबंधक मनीष कुमार ने उपस्थित समूह को धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एसीटी सुश्री संगीता कुमारी ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक अंकिता देव के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ।

# धनबाद कैमरा क्लब ने मनायी फोटो वेबीनार का गोल्डन जुबिली समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद कैमरा क्लब के फोटो वेबीनार का गोल्डन जुबिली मनाया गया। इस अवसर पर 50 वां फोटो वेबिनार ऑनलाइन आयोजित किया गया। इस अनूठे वेबिनार में विश्व के चार प्रख्यात फोटोग्राफर इटली के रिकार्डो बुसी, अमेरिका के जे आर स्नेल्जर, भारत के डॉक्टर बरुण सिन्हा एवं अनिल रीसल सिंह ने भाग लिया। क्लब के अमेरिका स्थित सलाहकार लीसा स्नेल्जर ने ऑनलाइन में सभी गेस्ट का परिचय कराया। श्री श्रीवास्तव ने क्लब के जनवरी माह के बुलेटिन का विधिवत विमोचन किया। यह क्लब का अनूठा प्रयास है। दिसंबर माह के विभिन्न कार्यक्रमों का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत किया गया है। साथ ही साथ क्लब के द्वारा पिछले माह में किये गए कार्य का विवरण भी प्रस्तुत किया गया एवं फोटोग्राफी से संबंधित लेख भी प्रकाशित किया गया।

इस अंक में लीजेंड्री फोटोग्राफर जगन मेहता पर क्लब के मुख्य सलाहकार अनिल रिसल सिंह का सचित्र लेख प्रकाशित किया गया।आयोनिस लिकोरिस के एम फि ए एफ डिस्टिंक्शन के लिए प्रेषित 20 चित्रों का पोर्टफोलियो भी प्रकाशित हुआ। क्लब के सचिव गोपेश कुमार ने सभी अतिथियों को क्लब के उच्चतम ख्याति ग्रैंड मास्टर डी सी सी की उपाधि से सम्मानित किया। वेबिनार में अतिथियों ने अपना चुनिंदा 20 फोटोग्राफ से सभी फोटोग्राफरो का मन मोह लिया।इस वेबीनार में धनबाद के 20 फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया। इसके सिवा देश के विभिन्न प्रांतों से 47 फोटोग्राफरों ने हिस्सा लिया और लाभान्वित हुए।क्लब के अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव ने बताया की जनवरी माह में क्लब के द्वारा ईंट भट्टा में फोटो वाक का आयोजन किया जाएगा।

क्लब का 51वां फोटो वेबीनार दिनांक 11फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विख्यात ट्रैवल फोटोग्राफर सौरभ चटर्जी अपने चुनिंदा तस्वीरों को प्रदर्शित करेंगे।

एक नजर में

## युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने कांग्रेस के नए प्रभारी से की मुलाकात



बोकारो। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव देव शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ चास बोकारो की समस्याओं को लेकर कांग्रेस के नए झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की। श्री शर्मा ने बताया कि बोकारो के स्थानीय युवाओं में बेरोजगारी चरम पर है। यहां तक कि पढ़े लिखे युवाओं को भी नौकरी नहीं मिल रही है। मजबूरन यहां के युवा अन्य राज्यों में पलायन कर रहे हैं, लेकिन भाजपा के सांसद विधायक को इनसे कोई मतलब नहीं है। श्री शर्मा ने प्रभारी को अवगत कराते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट स्व इंदिरा गांधी की देन है और उन्होंने उस समय सेल प्रबंधन को यह निर्देश दिया था कि इस प्लांट में रोजगार का पहला अधिकार यहां के विस्थापित और स्थानीय लोगों का होगा लेकिन आज भाजपा की सरकार आने से सेल प्रबंधन की मनमानी चरम पर है। श्री शर्मा ने प्रभारी से राज्य सरकार के सरकारी अधिकारियों के रवैये की भी शिकायत की और उन पर कार्रवाई का आग्रह किया ताकि लोगों का कांग्रेस पर विश्वास बना रहे।

## नेहरू परिसर में सात दिवसीय शिव कथा का आयोजन आज से

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। कोयला नगर स्थित नेहरू कंपलेक्स में आगामी 10 से 16 जनवरी तक यह कथा अपराहन 2 बजे से शाम बजे तक चलेगा।इस सात दिवसीय शिव कथा का आयोजन होने जा रहा है। यह जानकारी मंगलवार को एक प्रेस वार्ता में संस्थान के संस्थापक व संचालक आशुतोष महाराज के शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर ने दी। उन्होंने बताया कि भगवान बैद्यनाथ की पावन धरती पर शिव कथा का श्रवण परम सौभाग्य की बात है। भगवान शिव सृष्टि के कान-कान में संवेदनशील है उनकी वैश्विक उपस्थित भारत के कोने में पाए जाने वाले ज्योतिलिंगों से स्पष्ट होती है। इस सात दिवसीय आयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी देती हुई उन्होंने बताया कि प्रथम दिन की शुरूआत शिव कथा वी चंचल बुधवार प्रसंग को प्रस्तुत किया उद्धार प्रसंग को प्रस्तुत किया जाएगा और हम बाबा बैद्यनाथ के सच्चे अर्थों में इस कथा को कैसे प्राप्त कर सकते हैं इस गुण रहस्य को भी सबके समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। द्वितीय दिवस पर भगवान वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग कथा को बच्चा जाएगा और बाबा बैजनाथ की सच्चे अर्थो में इस कृपा से कैसे प्राप्त कर सकते हैं इस गुढ रहस्य को बताया जाएगा, तृतीय दिवस माता सती विमोचन प्रसंग सुनाया जाएगा।

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ज्वेलरी और मोबाइल दुकानदारों की बैठक

चिरकुंडा। चिरकुंडा बाजार के दुकानो में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रहे इस निमित्त मंगलवार को चिरकुंडा थाना परिसर में ज्वेलरी व मोबाइल दुकानदारों के साथ बैठक की गई जिसमें थाना प्रभारी सुनिल कुमार सिंह ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना प्रभारी सिंह ने सभी दुकानदारों को सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया ।साथ ही दुकान में रखने वाले कर्मी की पहचान व उसका चरित्र सत्यापन कराने की बात कही। किसी भी प्रकार की आशंका होने पर तत्काल सूचना पुलिस को देने के लिए कहा ।थाना प्रभारी सिंह ने कहा कि पुलिस लगातार गश्त करते रहती है बावजूद दुकानदारों को भी सतर्क रहने की जरूरत है और सुरक्षात्मक उपाय अपनाना होगा।

## जरीडीह बाजार की रिया बनीं सीए



बेरमो/ जरीडीह बाजार। बेरमो कोलायांचल के जरीडीह ऊपर बाजार निवासी व्यवसायी दिलीप कुमार साहू एवं बेबी साहू की पुत्री रिया कुमारी साहू ने सीएए फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है ।अपनी सफलता पर रिया साहू ने बतलाया कि उनकी प्रेरणा उनकी माता बेबी साहू एवं पिता दिलीप साहू बड़ी बहन सोनम साहू छोटे भाई आर्यन साहु और उनके समस्त परिवार गण है। रिया साहू ने अपनी दसवीं की परीक्षा 90 प्रतिशत मार्क्स से कार्मेल स्कूल करगली एवं बारहवीं 94.2 प्रतिशत से पिट्स मॉर्डन स्कूलए गोमिया से प्रथम श्रेणी में पास की है। उसके उपरांत आगे की पढ़ाई कोलकाता के इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया से की। वर्ष 2017 में सीपीटीए 2019 में सीए इंटर की परीक्षा और इस वर्ष 2023 में सीएए फाइनल की परीक्षा सफलता पूर्वक उत्तीर्ण की है। रिया साहू का कहना है कि सफलता कड़ी मेहनत के साथ ध्यान केंद्रित करने से पायी है।

## पेज 3 का शेष

### पूर्व विधायक ने कहा...

गत बुधवार को इडी ने पूर्व विधायक के घर, होटल सहित कई अन्य ठिकानों पर एक साथ रेड किया था। प्रोसीड ऑफ क्राइम से अर्जित धन और ठेके के आवंटन के गड़बड़ी के पहलुओं पर भी इडी जांच कर रही है। **अब इनसे होगी पूछताछ :** उल्लेखनीय है कि अवैध खनन मामले में ईडी ने साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और जेल कर्मी अवधेश कुमार सिंह को 11 जनवरी, सीएम के करीबी विनोद कुमार सिंह को 15 जनवरी, प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू को 16 जनवरी का समन भेजा है। सभी के ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को इडी ने 12 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### राम मंदिर में लगा...

**त्रेता युग की धर्म नगरी जैसी सज रही अयोध्या :** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर शहर को भव्य रूप से सजाया और संवारा जा रहा है। इसी कड़ी में अयोध्या गोरखपुर हाईवे के किनारे बने ओवर ब्रिज के किनारों पर रामायण के प्रसंग उकेरे जा रहे हैं। दिल्ली और मध्य प्रदेश से पहुंचे चित्रकार हाईवे के किनारे बने फ्लाईओवर की दीवारों पर भगवान राम के जन्म से लेकर लव कुश प्रसंग तक के चित्र जगह-जगह बना रहे हैं। **कैसी होगी रामलला की मूर्ति :** मंदिर प्रशासन राम मंदिर को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो रात में शूट किया गया है और मंदिर निर्माण के कार्यों को दर्शाया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, प्रभु श्री रामलला सरकार का पवित्र गर्भगृह दुनिया भर के लाखों राम भक्तों के स्वागत के लिए अपनी पूरी भव्यता के साथ तैयार है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने मूर्ति के स्वरूप का खुलासा करते हुए कहा है कि जो मूर्ति श्री राम जन्मभूमि मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित होगी, वह श्यामल रंग की होगी। रामचरितमानस और बाल्मीकि रामायण में वर्णित राम के स्वरूप को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर ट्रस्ट ने यह निर्णय लिया। कर्नाटक के पत्तों से बनी दो श्यामल पत्थरों में से एक मूर्ति श्री राम के गर्भ गृह मंदिर में स्थापित होगी और बाकी दोनों अलग-अलग स्थलों पर स्थापित की जायेगी। 'इस मूर्ति में देवत्व यानि भगवान का अवतार है, विष्णु का अवतार है। यह एक राजा का बेटा होने के साथ-साथ राज पुत्र और देवत्व का संगम है। मूर्ति का शरीर लगभग डेढ़ टन का है और यह एकदम पत्थर से बनी है, श्यामल रंग की। **बयानवीरों मोदी की सीख- 'आस्था दिखाये, आक्रामकता नहीं' :** अयोध्या में बने राम मंदिर के उदघाटन की तिथि जैसे-जैसे करीब आ रही है राम मंदिर को लेकर नेताओं द्वारा बयानबाजी भी तेज हो रही है। विपक्षी दलों के नेता भाजपा पर राम मंदिर का इस्तेमाल राजनीतिक फायदे के लिए करने का आरोप लगा रहे हैं। जवाब में भाजपा के नेता भी बढ़-चढ़कर बयान दे रहे हैं। पीएम मोदी ने अपनी पार्टी के ऐसे बयानवीर नेताओं को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि आस्था दिखाएं आक्रमकता नहीं। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पीएम ने यह कड़ा संदेश दिया। उन्होंने हिदायत दी कि बिना जरूरत बयान नहीं दे। वे अपने क्षेत्रों में शांति और सद्भाव बनाए रखें। तय करें कि किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो। पीएम ने मंत्रियों से कहा कि वे 22 जनवरी के बाद अपने क्षेत्र के लोगों के अयोध्या यात्रा का इंतजाम करें।

# अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद ने मनाया मैथिली सम्मान दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता



बोकारो। अंतरराष्ट्रीय मैथिली परिषद झारखण्ड प्रदेश द्वारा प्रांतीय कार्यालय में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ झा की अध्यक्षता में मैथिली सम्मान दिवस मनाया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि झारखंड में मैथिली को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया गया है। परन्तु झारखण्ड नियोजन नीति में मैथिली को शामिल नहीं किया गया है। पिछले दिन राज्य के सभी जिला से प्राप्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन महामहिम राज्यपाल को सौंपा गया था। राज्यपाल कार्यालय से मंत्रिमंडल कार्यालय को भेजा गया। फिर तीन महीने पूर्व से कार्मिक विभाग में संचिका पड़ी हुई है। कार्यक्रम में निर्णय लिया गया कि अब पुनः संघर्ष की तैयारी की जाय। प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती डॉ आभा झा ने मातृभाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। मौके पर प्रदेश महासचिव अजय झा प्रदेश कोषाध्यक्ष विलट पोद्दार महानगर अध्यक्ष सीएन झा उपाध्यक्ष यतीन्द्रनाथ दास एवं राजकुमार पोद्दार विनय झा डोली कश्यप सरस्वती शर्मा राजेंद्र शर्मा शकुंतला देवी इंदू देवी शिवम कुमार झा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कोषाध्यक्ष विलट पोद्दार एवं कार्यक्रम का संचालन महासचिव अजय झा ने किया।

## आवेदनों के सत्यापन को लेकर कार्यशाला

बोकारो। जिला परिषद सभागार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ऑनलाइन नामांकन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता डीडीसी श्रीमती कीर्ति श्री जीए ने किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री जगरनाथ लोहरा बोकारो विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी चंदनकियारी विधायक प्रतिनिधि हेमंत शेखर सहायक जिला परियोजना पदाधिकारी ज्योती खालखो सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे। प्राप्त आवेदनों में से सही अभ्यर्थियों के चयन के निमित्त पोर्टल पर आवेदनों के सत्यापन को लेकर अलग कॉलम बनाया गया। सत्यापन कार्य का निष्पादन बीआरपीध्सीआरपी द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन माध्यम से कैसे इन कार्यों को किया जाएगा इसके प्रशिक्षण के लिए ही इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिले के निजी विद्यालयों के संचालकोंध्प्रबंधन के प्रतिनिधि आदि के साथ भी बैठक हुई। डीडीसी ने सभी विद्यालयों को आरटीई के तहत नामांकन में प्रशासन को सहयोग करने की बात कहीं। मौके पर सभी प्रखंडों के बीआरपी एवं सीआरपी शिक्षा विभाग के कर्मी, विद्यालयों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री ने देश के सबसे विशाल वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का किया उद्घाटन

## आत्मनिर्भर भारत सहित विभिन्न थीमों पर आधारित बने हैं 13 प्रदर्शनी हॉल

**▸▸ 100 देश और पार्टनर कंट्री के रूप में 33 देश हिस्सा ले रहे हैं ट्रेड शो में**

एजेंसी

**गांधीनगर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में गांधीनगर के महात्मा मंदिर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 का मंगलवार को उद्घाटन किया। श्री मोदी ने मंगलवार को वैश्विक नेताओं और शीर्ष वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ बैठक की और दुनिया के सबसे बड़े ग्लोबल ट्रेड शो के लिये यहां एग्जीबिशन सेंटर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के अंतर्गत गांधीनगर में प्रदर्शनी और स्टॉल सहित दो लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला अब तक का सबसे बड़ा ग्लोबल ट्रेड शो है। दुनिया के इस सबसे बड़े ग्लोबल ट्रेड शो के लिये एग्जीबिशन सेंटर में मेक इन




गुजरात और आत्मनिर्भर भारत सहित विभिन्न थीमों पर आधारित 13 प्रदर्शनी हॉल बने हैं। इस ग्लोबल ट्रेड शो में 100 देश, जबकि पार्टनर कंट्री के रूप में 33 देश हिस्सा ले रहे हैं। दुनिया के 20 देशों के अनुसंधान क्षेत्र के लगभग 1000 से अधिक प्रदर्शक इस ग्लोबल ट्रेड शो में सहभागी बने हैं। इतना ही नहीं ट्रेड शो में कुल क्षेत्र की 100 फीसदी बुकिंग भी पूरी हो गयी है।

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का दसवां संस्करण 10 से 12 जनवरी तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। इसका विषय गेटवे टू द फ्यूचर (भविष्य का द्वार) है। शिखर सम्मेलन का यह दसवां संस्करण सफलता के शिखर सम्मेलन के रूप में वाइब्रेंट गुजरात के 20 वर्षों का उत्साह मना रहा है। इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में 34 भागीदार देश और 16 भागीदार संगठन भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए वाइब्रेंट गुजरात मंच का उपयोग करेगा। शिखर सम्मेलन उद्योग 4.0, प्रौद्योगिकी और नवाचार, सतत विनिर्माण, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक गतिशीलता और नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता की ओर परिवर्तन-जैसे विश्वस्तरीय प्रासंगिक विषयों पर सेमिनार और सम्मेलन सहित विभिन्न कार्यक्रमों की अध्यक्षता करेगा। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो में कंपनियां विश्वस्तरीय अत्याधुनिक तकनीक से बने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी। ट्रेड शो के कुछ फोकस सेक्टर-ई-मोबिलिटी, स्टार्ट-अप, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), ब्लू इकोनॉमी, ग्रीन एनर्जी और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ से 10 जनवरी तक गुजरात के दौरे पर रहेंगे। वर्ष 2003 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की परि?कल?पना की गयी थी। आज वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट, समावेशी वृद्धि और सतत विकास के लिये व्यापक सहयोग, ज्ञान साझाकरण और रणनीतिक साझेदारी के लिये सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंचों में से एक के रूप में विकसित हुआ है।

## 22 जनवरी को उप्र के शिक्षण संस्थाओं में छुट्टी और मदिरा बिक्री पर रोक

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में बहुप्रतीक्षित श्रीरामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से आम जनमानस के भावनात्मक जुड़ाव को देखते हुए 22 जनवरी को प्रदेश के शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। इस विशिष्ट अवसर को 'राष्ट्रीय उत्सव' की संज्ञा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा है कि 22 जनवरी को प्रदेश में मदिरा आदि की दुकानें बंद रखी जाएं। मंगलवार को अयोध्या दौरे पर आए योगी ने श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन-पूजन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा की सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं में सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया।


## इडी टीम पर हमला मामले में केंद्र ने बंगाल सरकार से मांगा जवाब

**पांच जनवरी को टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर केंद्रीय एजेंसी पर किया गया था हमला**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पश्चिम बंगाल सरकार से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हुए हमले को लेकर जवाब मांगा है सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्रालय इस मामले को लेकर गंभीर है और राज्य सरकार से इस पर जल्द से जल्द व्यापक रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना में छापेमारी के दौरान ईडी टीम पर हमले का मामला सामने आया था। हालांकि इस मामले को राज्य सरकार के कई मंत्री जन आक्रोश



करार दे रहे हैं जबकि विपक्ष इसे हमला बता रही है। 05 जनवरी को ईडी की टीम राज्य के राशन प्रणाली में कथित अनियमितताओं के मामले को लेकर टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर छापेमारी करने पहुंची थी। इस दौरान कुछ लोगों ने ईडी टीम पर हमला कर दिया था जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

## सांसद विचारे के घर आयकर का छापा

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) पार्टी के सांसद राजन विचारे के घर पर आयकर विभाग की टीम मंगलवार को सुबह छापा मारा है। आयकर विभाग की टीम कई कारोबारियों को विचारे के घर पर बुलाकर दोनों से आमने-सामने बैठाकर वित्तीय हेराफेरी के बारे में पूछताछ की। मंगलवार सुबह ही आयकर विभाग की एक टीम विचारे के ठाणे में हीरानंदानी स्थित घर पहुंची। टीम ने घर के सभी सदस्यों के मोबाइल जब्त कर लिया। जानकारी के अनुसार आयकर की एक टीम ने ठाणे में एक और घर पर औरन विचारे के पुराने घर के ऑफिस पर भी छापा मारा है। आयकर के अधिकारियों ने विचारे से जुड़े कुछ कारोबारियों को भी जांच के लिए विचारे के घर पर बुलाया है।

## युवाओं के लिए आदर्श बनें कैडेटः सेना प्रमुख

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेटों से मंगलवार को कहा कि वह जो कुछ भी करें उसमें अपना दिल और दिमाग लगायें तथा युवाओं के लिए आदर्श बनें।

जनरल पांडे ने छावनी में गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया और कैडेटों को संबोधित किया। उन्होंने बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कई पूर्व एनसीसी कैडेट सरकार और सशस्त्र बलों में उच्च पदों पर हैं। उन्होंने कैडेटों को सशस्त्र बलों के अतिरिक्त विभिन्न व्यवसायों में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कैडेटों से यह भी आग्रह किया कि वे जो कुछ भी करें उसमें अपना दिल और दिमाग



लगाएं और देश के युवाओं के लिए आदर्श बनें। उन्होंने रक्तदान शिविर, पर्यावरण संरक्षण और पुनीत सागर अभियान आदि जैसी सामाजिक सेवा योजनाओं सहित राष्ट्रीय निर्माण गतिविधियों में एनसीसी के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला।

## भगनानी के साथ शादी करेंगी रकुल प्रीत सिंह

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी के साथ शादी करेंगी। रकुल और जैकी 22 फरवरी को गोवा में शादी करेंगे। ये शादी समारोह करीबी रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में होगा। रकुल और जैकी अपनी शादी में शामिल होने वाले मेहमानों के लिए एक खास नियम बनाने की योजना बना रहे हैं। चूंकि रकुल और जैकी प्राइवेट तरीके से शादी करना चाहते हैं, इसलिए शादी में आने वाले मेहमानों के फोन के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। रकुल और जैकी ने अपनी शादी के लिए खास थीम भी बनाई है। हालांकि, थीम के बारे में अभी तक कोई अधिक जानकारी नहीं है, लेकिन जोड़े के एक करीबी रिश्तेदार ने जानकारी दी है कि दोनों एक समान थीम का उपयोग करेंगे जो उनके व्यक्तित्व के अनुरूप हो। रकुल और जैकी के रिश्ते की चर्चा पिछले कई



महीनों से हो रही थी। अक्टूबर, 2021 में दोनों ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते को स्वीकार किया था। इतना ही नहीं, दोनों अक्सर एक दूसरे के लिए रोमांटिक पोस्ट शेयर करते नजर आते हैं। कुछ दिन पहले रकुल के बर्थडे के मौके पर जैकी ने एक खास पोस्ट शेयर किया था। इसके बाद ऐसी अफवाहें थीं कि दोनों जल्द ही शादी कर लेंगे।

## एनआइए ने लश्कर से जुड़े तीन लोगों पर दायर किया चार्जशीट

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हिंसक आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोपित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के तीन और लोगों के खिलाफ मंगलवार को आरोप पत्र दायर कर दिया। एनआईए का आरोप है कि तीनों आरोपितों ने भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों और अन्य लोगों पर आतंकवादी हमले करने की आपराधिक साजिश रची थी। एनआईए प्रवक्ता ने बताया कि आरोप पत्र में शामिल आरोपितों में पाकिस्तानी नागरिक हबीबुल्ला मलिक उर्फ साजिद जट्ट उर्फ सैफुल्ला उर्फ नूमी उर्फ नुमान उर्फ लंगड़ा उर्फ अली साजिद उर्फ उस्मान हबीब उर्फ शनि शामिल है। यह पाकिस्तान पंजाब के कसूर जिले का रहने वाला है। पुंछ और राजौरी जिलों में विभिन्न आतंकी हमलों में शामिल पाया गया।

## बहुत बड़ा निकला भोपाल अवैध चिल्ड्रन होम्स मामला

# खुलासा : विदेशों से फंडिंग व ईसाई कन्वर्जन के तार कई राज्यों से जुड़े

**सुविधा देने के नाम पर घरों में करते थे रेकी, प्रलोभन देकर लाया जाता था ईशु की शरण में**

**भोपाल (हि.स.)।** भोपाल के अवैध रूप से संचालित आंचल चिल्ड्रन होम मामले में रोज नए खुलासे हो रहे हैं।

इसका संचालक एवं पूर्व में संजीवनी एनसीओ के माध्यम से रेलवे चाइल्ड लाइन चलाने वाला अनिल मैथ्यू कोई अकेला शक्स नहीं, बल्कि इसके साथ कैथोलिक चर्च की बहुत बड़ी मशीनरी काम कर रही थी, जिसमें कई फादर और सिस्टर्स के साथ अन्य नौकरीपेशा एवं सामाजिक कार्यकर्ता लिप्त हैं। यह एक बड़ा जाल है, जो बच्चों का ईसाईयत की आड़ में ह्यूमन ट्रैफिकिंग का संचालन कर रहा है। इसके तार करोड़ों की विदेशी फंडिंग से जुड़े हुए हैं। देशभर से यह सेवा के नाम पर धन उगाही करते हैं।

उल्लेखनीय है कि जब तक केंद्र सरकार के सहयोग से चाइल्ड लाइन इंडिया फाउण्डेशन के पास 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन का काम था, उसके साथ जुड़ कर केंद्र की करोड़ों की राशि लेकर उसका इस्तेमाल अवैध तरीके से कन्वर्जन में ये करते रहे। यदि जांच सही से हो जाए तो इसमें कई अन्य लोगों का सच उजागर होगा। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, एससीपीसीआर के अध्यक्ष द्रविन्द्र मोरे, सदस्य डॉ. निवेदिता शर्मा एवं ओंकार सिंह ने जब इस चिल्ड्रन होम पर छापा मारा तब उन्हें भी अंदाज नहीं था कि मामला इतना गंभीर है। अब जैसे-जैसे समय बीत रहा है, इससे जुड़े नए खुलासे हो रहे हैं। आंचल नाम के इस चिल्ड्रन होम में कुल 68 बच्चियां रजिस्टर्ड मिलीं। जिनमें से 41 बच्चियां ही मौके पर पाई गईं एवं अन्यों का उनके घर जाना बताया गया। इसकी शिकायत पर परवलिया पुलिस ने शनिवार को हॉस्टल संचालक और पदाधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मुख्य सचिव वीरा राणा से सात दिन में जांच रिपोर्ट मांगी। जिसमें महिला बाल विकास विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापरवाही बरतने के नाम पर अपने एक पूर्व परियोजना अधिकारी समेत तीन लोगों को सस्पेंड कर दिया।

# अयोध्या में बन रही दुनिया की सबसे बड़ी सोलर पावर स्ट्रीट लाइट्स लाइन

## रामनगरी में टूटेगा सऊदी अरब का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**▸▸ लक्ष्मण घाट से निर्मली कुंड तक 10.2 किलोमीटर में बन रहा 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स**

एजेंसी

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप को प्राप्त करने के साथ ही वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अयोध्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है,उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी उल्लेख होने वाला है।

योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विशिष्ट कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जल्द ही दुनिया की सबसे बड़ी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन परियोजना को पूर्ण करके वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है। इस परियोजना के तहत 10.15 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है। फिलहाल, करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है और 22 जनवरी से पहले ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर लिया जाएगा।

**जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में फिर से अयोध्या का नाम होगा दर्ज :** अयोध्या का नाम यूं तो दीपोत्सव को लेकर पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, मगर अब अयोध्या में सौर ऊर्जा के



जरिए भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी योगी सरकार ने कर ली है।

यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी (अयोध्या) प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी के पहले ही अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और शेष 30 प्रतिशत कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स को इम्पैनल्ड करके रोलआउट कर दिया गया है। जबकि गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के स्ट्रेच में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य जारी है। यह सभी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटें एलईडी बेस्ड हैं जो कि 4.4 वॉट पावर पर कार्य करती हैं तथा स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त हैं। इनके इंस्टॉलेशन के जरिए लक्ष्मण घाट से लेकर निर्मली कुंड तक 10.2 किमी का स्ट्रेच दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगा।

**मलहम का टूटेगा रिकॉर्ड :** योगी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा चालित परियोजना के जरिए जिस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की प्रक्रिया के तहत कार्य जारी है वह फिलहाल सऊदी अरब के मलहम के नाम दर्ज है। यहां वर्ष 2021 में 'लॉन्गेस्ट लाइन ऑफ द सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स' के तौर पर गिनीज बुक में रिकॉर्ड कायम किया गया था। मलहम में 9.7 किमी स्ट्रेच में 468 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया गया था, जबकि अब योगी सरकार के विजन अनुसार अयोध्या में 10.2 किमी स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर इस रिकॉर्ड को ध्वस्त किया जाएगा। वर्ष 2023 में दीपावली के वक्त सरयू घाटों पर दीपोत्सव में अवध विश्वविद्यालय के 25000 वॉलेंटियरों ने मिलकर 22.23 लाख दीपक जलाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई थी। ऐसे में, 22 जनवरी को जब प्रभु रामलला का श्रीविग्रह भव्य रामजन्मभूमि मंदिर में सुशोभित होगा तो एक बार फिर सूर्यवंश की गौरवगाथा को नया प्रतिमान देते हुए सोलर पावर्ड स्ट्रीट्स लाइट्स की सबसे लंबी श्रृंखला को अयोध्या में संचालित करके इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अंकित किया जाएगा। इस विषय में स्थानीय प्रशासन व यूपीनेडा के अधिकारियों व गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के पदाधिकारियों के बीच भी संवाद की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

## एक नजर में

### फ्रांस की प्रधानमंत्री बोर्न ने दिया इस्तीफा



**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां ने सोमवार को प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। बोर्न ने कुछ विदेशियों को वापस स्वदेश भेजने के सिलसिले में सरकार की शक्तियां बढ़ाने संबंधी विवादास्पद आव्रजन कानून और अन्य कदमों पर हालिया राजनीतिक तनाव के बाद इस्तीफा दिया है। इस कानून को राष्ट्रपति मैक्रां का समर्थन हासिल है। मैक्रां के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद मई 2022 में बोर्न को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था। वह देश की दूसरी महिला प्रधानमंत्री थीं।

### टेक्सास के होटल में विस्फोट, 21 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राज्य टेक्सास प्रांत के फोर्ट वर्थ शहर के सैंडमैन सिग्नेचर होटल में सोमवार दोपहर हुए विस्फोट में कम से कम 21 लोग घायल हो गए। माना जा रहा है कि यह विस्फोट गैस रिसाव की वजह से हुआ। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के कारण सैंडमैन सिग्नेचर होटल को काफी नुकसान हुआ है। फोर्ट वर्थ अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता क्रेग ट्रोजसेक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक व्यक्ति की हालत ज्याद गंभीर है।

### इराक : अस्पताल में आग 4 बच्चों की मौत

**बगदाद।** दक्षिणी इराकी शहर दिवानियाह में महिला एवं बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से चार बच्चों की मौत हो गई और 20 से अधिक अन्य दम घुटने से घायल हो गए। आंतरिक मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण सोमवार शाम को आग लग गई और धुआं अस्पताल के गलियारों में फैल गया। उन्होंने बताया कि 150 लोगों को अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया है। कई घंटों के बाद इराकी नागरिक सुरक्षा दल आग पर काबू पाने में कामयाब रहे। इराकी प्रधान मंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के मीडिया कार्यालय के एक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री ने अस्पताल में लापरवाह अधिकारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है।

### दो और टोही उपग्रह लॉन्च करेगा द. कोरिया

**सोल।** दक्षिण कोरिया इस साल स्पेसएक्स के फाल्कन-9 लॉन्च वाहन पर दो और सैन्य टोही उपग्रह प्रक्षेपित करने की योजना बना रहा है। दक्षिण कोरियाई रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) ने बताया कि गत एक दिसंबर को दक्षिण कोरिया ने कैलिफोर्निया के वैंडेनबर्ग एयर फोर्स बेस से फाल्कन-9 रॉकेट पर इन्फ्रारेड और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर से लैस अपना पहला प्रोजेक्ट 425 टोही उपग्रह लॉन्च किया तथा दक्षिण कोरिया ने 2025 तक चार और उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने की योजना बनाई है।

### द. कोरिया में कुत्तों के मांस पर लगेगा बैन

**सोल।** दक्षिण कोरिया में नए कानून के तहत कुत्तों का वध और उनके मांस की बिक्री पर पाबंदी लगा दी जाएगी। बीबीसी ने मंगलवार को बताया कि सांसदों ने इस व्यवसाय पर बने नए कानून का समर्थन दिया है। इस कानून के तहत कुत्तों को मांस के लिए पालना या उनके मांस को बेचने वालों को अधिकतम दो साल की सजा हो सकती है जबकि उनका वध करने पर तीन साल तक की जेल हो सकती है।

### जापान में भूकंप से अब तक 202 की मौत

**टोक्यो।** जापान के इशिकावा प्रांत में आए विनाशकारी भूकंप से मंगलवार को मरने वालों की संख्या बढ़कर 202 हो गई है। यहां एक जनवरी को 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया था। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट में कहा गया कि पब्लिक ब्रॉडकास्टर एनएचके के अनुसार जापान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में 2016 के कुमामोटो भूकंप के बाद 2024 में "नोटो पेनिनसुला अर्थक्वेक नामक भूकंप देश में 100 से अधिक लोगों की जान लेने वाला पहला भूकंप है। 2016 के भूकंप में 276 लोगों की जान चली गई थी। एनएचके ने कहा कि मौतों में से वाजिमा शहर में 81, सुजु शहर में 71, अनामिजु शहर में 18, नानाओ शहर में पांच, नोटो और शिका शहरों में दो-दो और हाकुई शहर में एक की पुष्टि हुई है।


RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26

Please cast your valuable


VOTE

for the post of

GENRAL SECRETARY

In favour of

ANIL KUMAR KANTH



Sl. No. 1

Chamber :- NEW BAR BHAWAN
Chamber No. S13 Third floor,
Civil Court, Ranchi, Jharkhand
Phone No. 9852219763,9304401200

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# अयोध्या आंदोलन के सूत्रधार, हनुमान की भूमिका में थे अशोक सिंघल

**रामबहादुर राय**

**जाने-माने** पत्रकार भानुप्रताप शुक्ल ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में एक राज खोला। वह यह कि उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक गुरू जी गोलवलकर से एक दिन पूछ ही लिया कि आपकी आयु तो अब निश्चित हो गयी है तो फिर आपके बाद हिन्दुत्व का कार्य कौन करेगा ? इस प्रश्न पर वे एक क्षण शांत रहे। फिर बोले कि मैं अदृश्य रह कर यह कार्य करता रहूँगा। उनके इस उत्तर से भानुप्रताप शुक्ल की जिज्ञासा शांत नहीं हुई इसलिए पुनः पूछा कि में दृश्यमान कौन दिखाई देगा ? इस पर उन्होंने धीरे से कहा- अशोक सिंघल

यह 1972 की बात है। गुरूजी गोलवलकर लखनऊ आए हुए थे। उससे पहले उनके कैंसर का आपरेशन हो गया था। भानुप्रताप शुक्ल उनकी सेवा में थे। तभी यह वार्ता हुई थी। जिसे उन्होंने अपने मन में ही रखा था। जब उन्हें लगा कि वे चंद दिनों के ही मेहमान हैं तब इसे एक दिन उजागर किया। वे अशोक सिंघल जी के पास पहुँचे, यह बात बताई जो अज्ञात सी रही है। अशोक सिंघल के निधन के बाद उसे एकल अभियान के प्रणेता श्याम गुप्त ने एक संस्मरण में लिखकर उजागर किया है। अगर वे इसे न लिखते तो यह रहस्य ही बना रहता। ऐसी स्थिति में सिर्फ यही पता होता कि एक समय ऐसा भी आया था जब वे प्रचारक जीवन से अलग होकर वेदों के प्रचार-प्रसार में लगना चाहते थे। इसी आशय का पत्र उन्होंने गुरूजी गोलवलकर को लिखा था। जिसके उत्तर में उन्होंने सलाह दी थी कि ह्यआप अपनी अंतः प्रेरणा के अनुकूल कार्य में संलग्न हों। अशोक सिंघल जी ने अनुमति माँगी। उन्हें सरसंघचालक जी ने अनुमति दे दी।

इसके बावजूद वे संघ कार्य में बने रहे, कैसे ? इसकी भी एक कहानी है। उन्हें भाऊराव देवरस जी ने समझाया। कहा कि ह्यतुम्हारे निर्णय पर मुझे आश्चर्य है। अरे भाई, संघ कोई व्यसन है, जो छोड़ा जा सकता है ? संघ तो विचार है। विचार कभी छूटता नहीं। उसमें आपका योगदान उतना न हो पाए, यह अलग बात है। पर आप संघ से मुक्त हो जाएंगे, यह संभव ही नहीं है। इसलिए चिंता किस बात की। कुछ इसी तरह की सलाह उन्हें पंडित रामचन्द्र तिवारी ने दी। जिन्हें अशोक सिंघल जी अपना गुरू मानते थे। उन्होंने कहा था कि ह्यएक ही लक्ष्य प्राप्ति के लिए दूसरे मार्ग से जाकर क्या अंतर पड़ जाएगा ? ऐसे परामर्श पर उन्हें गहन आत्मचिन्तन करना पड़ा। उसका ही परिणाम था कि अशोक सिंघल ने निर्णय किया - संघ कार्य ही उनके लिए श्रेष्ठ है। उसके बाद वे अधिक स्फूर्ति, शक्ति और चेतना के साथ संघ-



कार्य में जुट गए थे।

लेकिन वेद प्रचार के लिए भी सक्रिय रहे। वैदिक यज्ञ में उन्हें अपार शांति मिलती थी। इसे बहुत बार उन्होंने जब तब बातचीत में बताया है। 1964 की घटना है। वे वैदिक यज्ञ में एक पखवाड़े शामिल हुए। जहाँ उन्हें अनुभव हुआ कि सब कुछ छोड़कर यही कार्य करना चाहिए। उन्हें सहसा जो द्वंद हुआ वह उनकी गहरी संवेदनशीलता का परिचायक है। इस प्रसंग से उनके व्यक्तित्व का एक अचर्चित आयाम सामने आता है। इससे यह बात भी निकलती है कि समाज-सेवा के लिए समर्पित हर श्रेष्ठ व्यक्ति के जीवन में कभी न कभी ऐसा कोई क्षण आता अवश्य है, जब वह सहज मानवीय मनोद्वेलन में अपने कार्य और लक्ष्य के प्रति कभी-कभी स्वयं ही संदिग्ध हो उठता है। ऐसे समय में सही परामर्श से वह व्यक्ति अपनी नियति से चाहे अन चाहे साक्षात्कार कर लेता है। ऐसा ही एक क्षण अशोक सिंघल के जीवन में आया था। एक तरफ वे द्वंद से गुजर रहे थे तो दूसरी तरफ उसी साल गुरूजी गोलवलकर की पहल पर स्वामी चिन्मयानन्द के संदीपनी आश्रम में विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना का विचार हो रहा था। जिससे वे संयुक्त महासचिव के रूप में बहुत बाद में जुड़े। फिर महासचिव बनाए गए। और अंततः अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाला। इस प्रकार विश्व हिन्दू परिषद में भी वे अपने पाँव चलकर शिखर पर अपनी योग्यता और प्रतिभा से पहुँचे।

विश्व हिन्दू परिषद उनकी नियति थी। उस नियति ने जो सुनिश्चित कर रखा था, वह ही उस समय हुआ जब वे विश्व हिन्दू परिषद में पहुँचे। इसे श्याम गुप्त ने इन शब्दों में लिखा है- ह्यहम सबके लिए वे साक्षात परम पूज्य गुरूजी (माधव सदाशिव गोलवलकर) के अवतार थे। 1973 में गुरूजी का निधन होता है और यही वर्ष है जब अशोकजी यमराज को वापस लौटाकर पुनः जीवन प्राप्त करते हैं। अध्यात्म के शिखर पुरूष के प्रतिनिधि के नाते उन्होंने संत महात्माओं को एक मंच पर लाने का जो अद्भुत कार्य करके दिखाया वह हिन्दुत्व के पुनर्जागरण के इतिहास में सदा अविस्मरणीय रहेगा।

हिन्दू समाज के जागरण का वे उपकरण बन सके। इसके मूल कारण की जब भी खोज की जाएगी तो निष्कर्ष निकलेगा कि मीनाक्षीपुरम् की घटना न हुई होती तो वे संघ कार्य में ही रहे होते। वृहत्तर दायित्व का अवसर न आया होता। लेकिन नियति ने उन्हें पुकारा। यह कहना अत्यंत कठिन है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तीसरे सरसंघचालक बाला

साहब देवरस जी उस रहस्य को जानते थे या नहीं। जिसे गुरूजी गोलवलकर ने भानुप्रताप शुक्ल को बताया था। पर यह तो सभी जानते हैं कि मीनाक्षीपुरम की घटना को बाला साहब देवरस ने संघ की वैचारिक दिशा के लिए मील का पत्थर बनाया। पूरे देश से संघ के जिला प्रचारकों का एक सम्मेलन हुआ। जो बेंगलुरू के पास पाँच दिनों तक चला। उसमें ही संघ की दलित नीति भी निर्धारित हुई। उसका ही एक परिणाम था कि विराट हिन्दू समाज नाम का मंच बना। जिसमें हिंदू समाज के हर संप्रदाय के आचार्य सम्मिलित हुए। उसका पहला समागम दिल्ली में हुआ, जिसका संचालन अशोक सिंघल जी ने किया। तब वे संघ में दिल्ली प्रांत प्रचारक थे। विराट हिन्दू समाज के उस समागम में देश भर से 5-6 लाख लोग आए। वह एक नया मोड़ था। धर्मांतरण से उत्पन्न जागरण का वह देशव्यापी प्रकटीकरण था।

उस समागम की सफलता को स्थायित्व प्रदान करने के लिए जरूरी था कि विश्व हिन्दू परिषद में प्रखरता आए। वह था असाधारण चुनौतीपूर्ण कार्य। उसे पूरा करने का बीड़ा अशोक सिंघल के अलावा दूसरा उठा पाने में शायद ही कोई समर्थ रहा होगा। इसलिए उन पर नया दायित्व आया। वह कैसे आया ? इसे सरसंघचालक मोहन भागवत ने उस समय प्रसंगवश बताया जब अशोक सिंघल का 90वाँ जन्मदिन का एक समारोह दिल्ली में हुआ। वह उनका पहला और अंतिम जन्म दिन समारोह था। वहाँ थोड़ी भूमिका बनाकर सरसंघचालक मोहन भागवत ने बेंगलुरू सम्मेलन को याद किया। वह 1981 में हुआ था। जहाँ संघ के प्रचारकों के राष्ट्रीय जमावड़े में इस पर विमर्श हुआ कि मीनाक्षीपुरम् की घटना से उत्पन्न चुनौती का सामना कैसे करें ? इसे चिन्हित करते हुए मोहन भागवत ने थोड़े विनोद में कहा कि वहाँ जिस तरह हिन्दुत्व की भावी दिशा पर अशोक सिंघल जी बोले थे, उससे हमने यह अनुमान लगा लिया था कि उन्हें विश्व हिन्दू परिषद में भेजा जाएगा। कहावत भी है - जो बोले, वह दरवाजा खोले। यही अशोक सिंघल पर अक्षरशः घटित हुआ।

तत्कालीन सरसंघचालक बाला साहब देवरस जी के इस निर्णय से दो लक्ष्य सिद्ध हुए। पहला यह कि विश्व हिन्दू परिषद का कायाकल्प हो गया। उससे पहले वह वानप्रस्थियों का एक आश्रम जैसा था। अशोक सिंघल जी ने उसे हिन्दुत्व के लड़ाकुओं का बड़ा अखाड़ा बना दिया। ऐसा अखाड़ा नहीं जहाँ पलहवान कुस्ती लड़ते हैं, बल्कि धर्म की रक्षा के लिए समय-समय पर हिन्दू समाज ने जो अखाड़े बनाए, उसी परंपरा को उन्होंने पुनर्जीवित किया। पुराने शब्द को नया अर्थ वे ही दे सकते थे। क्या उनमें ऐसा पुरुषार्थ अचानक प्रकट हुआ ? यह कोई भी पूछ सकता है। प्रश्न दो कारणों से पूछे जाते हैं। जिज्ञासावश या संदेह उत्पन्न होने पर। जिस भी कारण से हो, अगर कोई यह जानना चाहता है तो उसे यहाँ इतना ही बताया जा सकता है कि कानपुर में रहते हुए अशोक सिंघल जी ने करीब ढाई दशक तक उत्तर प्रदेश के छात्र-युवा आंदोलनों के सूत्रधार की सफल और सार्थक भूमिका निभाई थी। मैं कह सकता हूँ कि वह उनकी मूल पूँजी थी जो अयोध्या आंदोलन में काम आई।

जारी...

## दुनिया की भाषा बन रही है हिन्दी

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

**यह** सच है कि हिन्दी आज सबसे अधिक बोली जाने वाली संसार की तीसरी भाषा के रूप में प्रतिष्ठित है। हिन्दी भाषा, भारत के साथ-साथ मॉरीशस, युगांडा, गुयाना, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, न्यूजीलैंड,पाकिस्तान, नेपाल, बांग्लादेश, सूरीनाम, त्रिनिदाद, साउथ अफ्रीका में भी अपनाई जा रही है। अमेरिका, यूरोपीय , एशियाई व खाड़ी के देशों में भी हिन्दी की स्वीकार्यता बढ़ी है। रूस के तो कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी साहित्य एवं हिन्दी भाषा को लेकर शोध कार्य हुआ है। हिन्दी साहित्य में जितना अनुवाद रूस ने कराया, उतना किसी अन्य भाषा के साहित्य का नहीं कराया गया। यह हिन्दी के प्रति रूस बढ़ते रुझान का प्रतीक है।

केवल उत्तरी भारत की नहीं, बल्कि दक्षिण भारत के आचार्यों वल्लभाचार्य, रामानुज, रामानंद ,शंकराचार्य आदि ने भी हिन्दी भाषा के माध्यम से अपने मतों का प्रचार किया था। अहिन्दी भाषी राज्यों के भक्तसंत कवियों जैसे-असम के शंकरदेव, महाराष्ट्र के ज्ञानेश्वर व नामदेव, गुजरात के नरसी मेहता, बंगाल के चैतन्य आदि ने इसी भाषा को अपने धर्म और साहित्य का माध्यम बनाया था। इंटरनेट पर हिन्दी भाषा सामग्री लिखने व पढ़ने वालों की संख्या में हर साल 94 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी हो रही हैं । अंग्रेजी भाषा में हर साल 17 प्रतिशत की घटत हिन्दी के बढ़ने का एक बड़ा कारण है। इस साल के अंत तक दुनिया मे 25 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी को अपनाने लगेंगे।

संसार के 200 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। हिन्दी भाषा का अध्ययन, अध्यापन और अनुसंधान निरन्तर बढ़ रहा है। फिजी में हिन्दी को राजभाषा का अधिकारिक दर्जा मिला प्राप्त है। जो अवधी, भोजपुरी और क्षेत्रीय बोलियों से मिलकर बनी है। अमेरिका के तीस से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी पर काम हो रहा है। जापान में हिन्दी के प्रति रुचि और इसे करियर व व्यवसाय से जोड़कर हिन्दी के पाठ्यक्रम शुरू किए गए है, जो एक शुभ संकेत है। विधि व विज्ञान की उच्च पढ़ाई अब हिन्दी में होना एक बड़ी सफलता है। कभी अंग्रेजों को भी हिन्दी का आश्रय लेना पड़ा था। अंग्रेजों को जनता व सरकार के बीच संवाद में जब फारसी या अंग्रेजी के माध्यम से परेशानी हुई तो अंग्रेजों ने फोर्ट विलियम कॉलेज में हिन्दी विभाग खोलकर अधिकारियों को हिन्दी सिखाने की व्यवस्था की थी। यहां से हिन्दी पढ़े हुए अधिकारियों ने भिन्नझभिन्न क्षेत्रों में उसका प्रत्यक्ष लाभ देकर मुक्त कंठ से हिन्दी को सराहा था।

सी.टी. मेटकाफ ने 1806 ई. में अपने गुरु जॉन गिलक्राइस्ट को लिखा था, 'भारत के जिस भाग में भी मुझे काम करना पड़ा है, कलकत्ता से लेकर लाहौर तक, कुमाऊं के पहाड़ों से लेकर नर्मदा नदी तक मैंने हिन्दी भाषा का आम व्यवहार देखा है, जिसकी शिक्षा आपने मुझे दी है। मैं कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक या जावा से सिंधु तक जाएंगे जो हिन्दी बोल लेते है।'

# पूरी दुनिया में छा रही है हमारी हिंदी

**विश्व हिन्दी दिवस 10 जनवरी पर विशेष**

यह दिन हर वर्ष 10 जनवरी को मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य हिन्दी भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका और इसके महत्व को साझा करना है।

हिंदी भाषा अपने जन्म से ही समावेशी रही है। इसकी जड़ें संस्कृत, फारसी, अरबी और अंग्रेजी जैसी विविध भाषाओं में पाई जाती हैं। यही विविधता इसके सौंदर्य और समृद्धि का आधार है। समय के साथ हिंदी ने साहित्य, कविता, गीत, सिनेमा और पत्रकारिता के क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां अर्जित की हैं। विभिन्न साहित्य कारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हिंदी को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित किया है।

आज हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत के अलावा लगभग 30 देशों में हिंदी मातृभाषा के रूप में बोली जाती है। मॉरीशस, फीजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे देशों में हिंदी आधिकारिक भाषा है। विश्व भर में कई विश्वविद्यालयों में हिंदी भाषा और साहित्य के अध्यापन की व्यवस्था है। साथ ही, कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थान भी हिंदी में प्रसारण करते हैं।

विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन हर साल भारत सरकार द्वारा किया जाता है ताकि हिन्दी भाषा को समर्पित और बढ़ावा देने का संकल्प देशवासियों के मन में बना रहे।

विश्व हिन्दी दिवस का महत्व है क्योंकि हिन्दी भाषा का सबसे बड़ा शैली विकास भारतीय समाज को सामृद्धि और सांस्कृतिक समृद्धि की दिशा में मार्गदर्शन करता है। इसे भाषा के रूप में नहीं ही, बल्कि एक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धारा के रूप में भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

साथ ही, विदेशी भाषा के रूप में हिंदी का अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया के माध्यम से भी हिंदी भाषा के प्रसार में अहम भूमिका निभाई जा सकती है। हिंदी में ब्लॉग लिखना, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हिंदी में कविता और गीत साझा करना, हिंदी फिल्मों और गानों को देखना सुनना, इस दिवस को मनाने के कुछ प्रभावी तरीके हैं।

। इनके माध्यम से लोग हिन्दी भाषा के महत्व को समझते हैं और उसे बढ़ावा देने के लिए उत्साहित होते हैं।

हिन्दी दिवस के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले लोग विभिन्न विषयों पर अपने विचार और आलोचनाएं साझा करते हैं। इसके माध्यम से वे भाषा के महत्व को समझने के साथ-साथ उसे सुधारने के लिए भी योजनाएं बनाते हैं।

इस दिन का उद्दीपन निरंतर बढ़ता जा रहा है, और यह दिन-ब-दिन अधिक लोगों को हिन्दी भाषा में शिक्षा और समर्थन प्रदान करने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह दिन भाषा के माध्यम से सभी के बीच समर्थन और समर्पण की भावना को बढ़ावा देता है और एक समृद्धि और एकता की भावना को बढ़ावा देता है।

इस दिन को मनाने से यह भी सुनिश्चित होता है कि लोग हिन्दी भाषा के महत्व को गहरे से समझते हैं और उसे बचाने और बढ़ाने के लिए समर्पित हैं। विश्व हिन्दी दिवस एक महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट पहल है जो हिन्दी भाषा को गर्व और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का मौका प्रदान करता है।

हिंदी भाषा मात्र शब्दों का समूह नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और विरासत का अभिन्न अंग है। विश्व हिंदी दिवस हमें इस भाषा के प्रति अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी का बोध कराता है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम हिंदी भाषा के गौरव को बनाए रखें और इसे आने वाली पीढ़ियों तक अनवरत रूप से पहुंचाएं। आइए मिलकर हिंदी को विश्वपटल पर एक और अधिक चमकदार स्थान दिलाएं

समाप्त करते हुए, विश्व हिन्दी दिवस हर साल एक अद्वितीय और अवसर है जो हमें यह याद दिलाता है कि हमारी भाषा हमारी पहचान का हिस्सा है और हमें इसे समर्पित रूप से बचाए रखना चाहिए। हिन्दी का समर्थन करना और इसे बढ़ावा देना हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और भाषा की समृद्धि को सुनिश्चित किया जा सके।


# वैश्विक स्तर पर हो रहा है हिन्दी का विस्तार

(अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस/ 10 जनवरी / विशेष)

**लोकेन्द्र सिंह**

विश्व में करीब तीन हजार भाषाएं हैं। इनमें से हिन्दी ऐसी भाषा है, जिसे मातृभाषा के रूप में बोलने वाले दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। मातृभाषा की दृष्टि से पहले स्थान पर चीनी है। बहुभाषी भारत के हिन्दी भाषी राज्यों की जनसंख्या 46 करोड़ से अधिक है। 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की 1.2 अरब जनसंख्या में से 41.03 प्रतिशत की मातृभाषा हिन्दी है। हिन्दी को दूसरी भाषा के तौर पर उपयोग करने वाले अन्य भारतीयों को मिला लिया जाए तो देश के लगभग 75 प्रतिशत लोग हिन्दी बोल सकते हैं। भारत के इन 75 प्रतिशत हिन्दी भाषियों सहित पूरी दुनिया में लगभग 80 करोड़ लोग ऐसे हैं जो इसे बोल या समझ सकते हैं। भारत के अलावा हिन्दी को नेपाल, मॉरिशस, फिजी, सूरीनाम, यूगांडा, दक्षिण अफ्रीका, कैरिबियन देशों, ट्रिनिदाद एवं टोबेगो और कनाडा आदि में बोलने वालों की अच्छी खासी संख्या है। इसके अलावा इंग्लैंड, अमेरिका, मध्य एशिया में भी इसे बोलने और समझने वाले लोग बड़ी संख्या में हैं।




हिन्दी भारत की सीमाओं से बाहर निकलकर सबकी हिन्दी बन गई, इसके पीछे भाषा का अपना संस्कार है। भारतीय संस्कृति की तरह हिन्दी उदार भाषा है। अन्य भाषाओं के प्रति सहिष्णु है। हिन्दी में प्रवाह है। वह सदैव बहती रही है। इसी कारण तमाम झंझावातों के बाद आज जिन्दा है और समृद्ध भी। सर्वसमावेशी भाषा होना हिन्दी का सबसे बड़ा सौन्दर्य है। हिन्दी ने बड़ी सहजता और सरलता से, समय के साथ चलते हुए कई बाहरी भाषाओं के शब्दों को भी अपने आंचल में समेट लिया। पहले से ही समृद्ध हिन्दी का शब्द भण्डार और अधिक समृद्ध हो गया है। हिन्दी को कभी भी अन्य भाषाओं के शब्दों से परहेज नहीं रहा। भारतीय भाषाएं तो उसकी अपनी सगी बहनें हैं, उनके साथ तो हिन्दी का लेन-देन स्वाभाविक ही है। लेकिन, हिन्दी ने बाहरी भाषाओं के शब्दों को भी बिना किसी फेरबदल के, उनके स्वाभाविक सौंदर्य के साथ स्वीकार किया है।

वास्तव में, हिन्दी जीवंत भाषा है। वह समय के साथ बही है, कहीं ठहरी नहीं। जीवंत भाषाएं शब्दों में छुआछूत नहीं मानती हैं। शब्द जिधर से भी आए, हिन्दी ने आत्मसात कर लिए। हिन्दी के पास भारतीय भाषाओं और बोलियों की अपार संपदा है। भारतीय भाषाओं के शब्द सामर्थ्य का मुकाबला कोई भी बाहरी भाषा नहीं कर सकती। अंग्रेजी में जितने शब्द हैं, उससे कई गुना शब्द अकेली हिन्दी में हैं। फिर, अन्य भारतीय भाषाओं को हिन्दी के साथ मिला लिया जाए तो अंग्रेजी ही क्या, दुनिया की अन्य भाषाएं भी बौनी नजर आएंगी। अंग्रेजी में केवल 10 हजार के करीब शब्द हैं जबकि हिन्दी की शब्द सम्पदा ढाई लाख से भी अधिक है। यही नहीं, हिन्दी का व्याकरण भी सर्वाधिक वैज्ञानिक है। हिन्दी की पांच उप भाषाएं और 17 बोलियां हैं। प्रमुख बोलियों में अवधी, भोजपुरी, ब्रजभाषा, छत्तीसगढ़ी, गढ़वाली, हरियाणवी, कुमाऊंनी, मगधी और मारवाड़ी शामिल हैं।

अपने उदार हृदय और सर्वसमावेशी प्रकृति के कारण हिन्दी जगत का निरंतर विस्तार होता जा रहा है। अब हिन्दी, हिन्द तक ही सीमित नहीं है। दुनिया के 40 से अधिक देश और उनकी 600 से अधिक संस्थाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है। आज हिन्दी मात्र साहित्य की भाषा नहीं है। बल्कि विज्ञान और तकनीक की भी भाषा बन गई है। गूगल ने कई महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर और सेवाएं जारी की हैं, जिनके माध्यम से विभिन्न तकनीकी युक्तियों में हिन्दी पाठ्य का उपयोग आसान हो गया है। एंड्राइड युक्तियों में बोलकर लिखने की प्रणाली (गूगल वॉयस इनपुट) सेवा का आगमन सुखद भी है और क्रांतिकारी भी। इससे पहले गूगल ने हिन्दी हस्तलिपि पहचान सॉफ्टेवयर जारी किया था। गूगल मैप्स और सर्च में भी बोलकर हिन्दी लिखी जा सकती है और हिन्दी में ही परिणाम देखे जा सकते हैं। ऑनलाइन हिन्दी के शब्दकोश मौजूद हैं।

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय ने हिन्दी का प्रथम ओपन सोर्स यूनिकोड वर्तनी परीक्षक एवं शोधक सॉफ्टवेयर माला तैयार किया है, जिसमें दो लाख से अधिक हिन्दी के शब्द हैं। इस बीच, देवनागरी में डोमेन नेम का पंजीकरण शुरू हो गया है, जिनका डोमेन विस्तार ह्य.भारतह्न है। अब आप देवनागरी लिपि में भी अपनी वेबसाइट का पता रजिस्टर्ड करा सकते हैं। मोबाइल फोन में हिन्दी आने से हिन्दी जगत का और अधिक विस्तार हो गया है। अब तक मोबाइल फोन में रोमन लिपि में हिन्दी लिखी जा रही थी लेकिन टेक्नोलॉजी की मदद से अब सभी मोबाइल डिवाइस में हिन्दी लिखना-पढ़ना आसान हो गया है। आईफोन बनाने वाली एप्पल सरीखी कंपनी भी हिन्दी को ध्यान में रखकर अपने उपकरण तैयार कर रही है।

एक भ्रम यह खड़ा किया जाता है कि अंग्रेजी रोजगार की भाषा है, हिन्दी नहीं। जबकि स्थितियां इसके उलट हैं। भारत दुनिया के लिए सबसे बड़ा बाजार है। इसलिए यहां व्यापार के लिए हिन्दी जरूरी हो गई है। विज्ञापन की दुनिया को हम देख सकते हैं- किस तरह वहां हिन्दी का प्रचलन तेजी से बढ़ा है। विज्ञापन क्षेत्र के विशेषज्ञ मानते हैं कि हिन्दी में आते ही विज्ञापन की पहुंच 10 गुना बढ़ जाती है। बड़े-बड़े कॉरपोरेट घराने अपने शोरूमों के नाम हिन्दी साहित्य से उठा रहे हैं। खादिम, मोची, बुनकर ऐसे ही नाम हैं। मनोरंजन के क्षेत्र में तो हिन्दी का मुकाबला ही नहीं है। भारतीय बाजार में हिन्दी के मनोरंजन वाहनियों (चैनल्स) की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत है। बॉलीवुड दुनिया में सबसे अधिक फिल्में बनाने का ठिकाना है। बॉलीवुड के जरिए हिन्दी की दुनिया का दायरा भी बढ़ा है। हिन्दी का आकर्षण इतना है कि दुनिया के प्रभावशाली मीडिया घरानों को भी हिन्दी में अपनी सेवाएं शुरू करनी पड़ी। बीबीसी, डिजनी, डिस्कवरी और स्टार ग्रुप हिन्दी में अपने चैनल चला रहा है।

भारत में संचार माध्यमों की बात करें तो हिन्दी में प्रकाशित समाचार-पत्रों की प्रसार संख्या किसी भी भाषा में प्रकाशित समाचार-पत्रों की प्रसार संख्या से कहीं अधिक हैं। हिन्दी के चैनल टीआरपी की होड़ में सबसे आगे रहते हैं। वेब दुनिया से शुरू हुआ वेब पत्रकारिता का सिलसिला आज कहीं आगे निकल चुका है। यूनिकोड फॉन्ट के आने के बाद से इंटरनेट पर हिन्दी बहुत तेजी से अपना संसार रच रही है। एक समय इंटरनेट पर अंग्रेजी का वर्चस्व था लेकिन आज हिन्दी के ब्लॉग, वेबसाइट, पोर्टल्स की भरमार है। सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर हिन्दी में संवाद किया जा रहा है। ऑनलाइन हिन्दी किताबों का संसार भी बढ़ता जा रहा है। इंटरनेट ने जन-जन तक हिन्दी साहित्य की पहुंच आसान कर दी है। इंटरनेट ने हिन्दी की दुनिया को बढ़ाया है। हिन्दी को वैश्विक पहचान मिली है।

## भारत की संस्कृति है हिन्दी

**डॉ. वंदना सेन**

**हमारी** संस्कृति के कई बिन्दु ऐसे हैं, जिसे सुनकर या देखकर हम सभी को गौरव की अनुभूति होती है। उसमें से एक है हमारी हिन्दी भाषा। जो हमारे मूल से प्रस्फुटित है। सही मायनों में हिन्दी भारत की संस्कृति भी है और गौरव गान भी है। जिसे हम जितना आचरण में लाएंगे, उतना ही हम सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होते जाएंगे। यह सार्वकालिक सत्य है कि कोई भी देश अपनी भाषा में ही अपने मूल स्वत्व को प्रकट कर सकता है। निज भाषा देश की उन्नति का मूल होता है। निज भाषा को नकारना अपनी संस्कृति को विस्मरण करना है। जिसे अपनी भाषा पर गौरव का बोध नहीं होता, वह निश्चित ही अपनी जड़ों से कट जाता है और जो जड़ों से कट गया, उसका अंत हो जाता है। भारत का परिवेश निःसंदेह हिन्दी से भी जुड़ा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि हिन्दी भारत का प्राण है, हिन्दी भारत का स्वाभिमान है, हिन्दी भारत का गौरवगान है।

वर्तमान में प्रायः देखा जा रहा है कि हिन्दी की बोलचाल में अंग्रेजी और उर्दू शब्दों का समावेश बेखटके हो रहा है। इसे हम अपने स्वभाव का हिस्सा मान चुके हैं, लेकिन हम विचार करें कि क्या यह हिन्दी के शब्दों की हत्या नहीं है? हम विचार करें कि जब भारत में अंग्रेजी नहीं थी, तब हमारा देश किस स्थिति में था। हम अत्यंत समृद्ध थे, इतने समृद्ध कि विश्व के कई देश भारत की इस समृद्धि से जलन रखते थे। इसी कारण विश्व के कई देशों ने भारत की इस समृद्धि को नष्ट करने का तब तक षड्यंत्र किया, जब तक वे सफल नहीं हो गए। हमें एक बात ध्यान रखनी होगी कि हम अंग्रेजी को केवल एक भाषा के तौर पर स्वीकार करें। भारत के लिए अंग्रेजी केवल एक भाषा ही है। जब हम हिन्दी को मातृभाषा का दर्जा देते हैं तो यह भाव हमारे स्वभाव में प्रकट होना चाहिए। हिन्दी हमारा स्वत्व है। इसलिए कहा जा सकता है कि हिन्दी हृदय की भाषा है। भाषाओं के मामले में भारत को विश्व का सबसे बड़ा देश निरूपित किया जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

### आरजेडी के 'डबल गेम' पर पूर्व डिप्टी सीएम एवं बीजेपी नेता तारकिशोर प्रसाद का हमला, बोलें

# लालू-तेजस्वी पूजा करते हैं, नेता सनातन विरोधी बयान देते हैं

**एजेंसी**

**पटना।** अयोध्या राम मंदिर को लेकर बिहार में सियासी बहस छिड़ी हुई है। अब बीजेपी ने आरजेडी के 'डबल गेम' पर हमला बोला है। पूर्व डिप्टी सीएम एवं बीजेपी नेता तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि एक तरफ आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी अपने परिवार के साथ पूजा अर्चना कर रहे हैं। दूसरी तरफ, उनकी पार्टी के नेता सनातन विरोधी बयान दे रहे हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा हाल ही में मंदिर को लेकर की गई विवादित टिप्पणी पर निशाना साधा। पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को जारी बयान में कहा



कि आरजेडी नेता दोहरा चरित्र जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू परिवार के सदस्य मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं, वहीं उनके नेता धर्म विरोधी बयानबाजी कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। उन्होंने शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के मंदिर संबंधी बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। बता दें कि शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर पर टिप्पणी करते हुए पिछले दिनों विवादित बयान दिया था। एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने मंदिर को मानसिक गुलामी का रास्ता बताया था। उनके इसी बयान पर सियासी घमासान मचा हुआ है। बीजेपी ने जहां उनके बयान का विरोध जताया है, वहीं सहयोगी दल जेडीयू और कांग्रेस के नेताओं ने भी उन्हें धर्म के खिलाफ न बोलने की नसीहत दी है। दूसरी ओर, आरजेडी ने शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर के बयान का समर्थन किया है। आरजेडी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने सोमवार को चंद्रशेखर का विरोध करने वाले बीजेपी नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह देश जय संविधान और जय विज्ञान से चलेगा। कुछ लोग पहले मानो और फिर जानो की नीति चला रहे हैं। यह बिल्कुल गलत है। पहले जानो और फिर मानो की नीति होनी चाहिए।

## तेजस्वी दो मुहवा सांप : अश्विनी चौबे



बक्सर। केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को दोमुहा सांप बताया है। अश्विनी कुमार चौबे पिछले तीन दिनों से बक्सर दौरे पर हैं। मंगलवार को अपनी यात्रा के तीसरे एवं अंतिम दिन उन्होंने विश्व प्रसिद्ध रामरेखा घाट पर पहुंचकर घाटों की सफाई की। इसके बाद उन्होंने शहरवासियों के बीच अक्षत बांटकर उन्हें अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की ओर से दिए गए बयान, कि बीमार पड़ने पर लोग अस्पताल जाते हैं, मंदिर नहीं। जब पत्रकारों ने अश्विनी चौबे से इस पर सवाल पूछा तो उन्होंने तेजस्वी यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि, दो मुहवा सांप वाले नेताओं से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों की इतनी ही चिंता है, तो पहले बिहार के सरकारी अस्पतालों को दुरुस्त करो, जहां इलाज के अभाव में गरीब दम तोड़ रहे है। अश्विनी चौबे ने तेजस्वी यादव पर भड़कते हुए कहा कि मरीजो को न रुई मिल रहा है, न सुई मिल रहा है। अपनी नकामी पर पर्दा डालने के लिए लोगों को भगवान के खिलाफ भड़काते हो. बताते चलें कि केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे पिछले तीन दिनों से बक्सर दौरे पर हैं। इस दौरान वह बक्सर और डुमरांव अनुमंडल के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर पार्टी के कई कार्यक्रम में शामिल हुए और लोगों की समस्या सुनी। इस दौरान उन्होंने आज गंगा घाटों की सफाई भी की।

**एक नजर में**

## बदला गया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी



**गोड्डा।** गोड्डा विधानसभा अंतर्गत पथरगामा प्रखंड के माल बारीडीह, बरमसिया गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिसकी लिखित सूचना गोड्डा विधायक अमित मंडल को ग्रामीणों ने समाधान हेतु दिया। त्वरित समाधान हेतु अनुशंसित आवेदन पत्र बिजली विभाग प्रतिनिधि गप्पू सिन्हा को देकर समाधान हेतु कहा प्रतिनिधि गप्पु सिन्हा ने सभी बिजली विभाग की आवश्यक कार्रवाई करवाते हुए ट्रांसफार्मर निर्गत कराया। इस कार्य के लिए विधायक अमित मंडल एवं प्रतिनिधि गप्पु सिन्हा को ग्रामीणों ने धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया। मौके पर रामविलास रमान, मिठू, सुनील, सुजान, सूरज, श्याम सुंदर, गौरव, संदीप, प्रवीण, उपस्थित थे।

## 15 सौ रुपये के विवाद में बच्चे का गला काट कर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के छौड़ादानो थाना क्षेत्र के हीरमनी गांव में पिता से महज 15 सौ के लेन देन के विवाद में 7 साल के बच्चे नीतीश की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त खून से सना चाकू बरामद किया है। इस नृशंस हत्या को करने वाला छौड़ादानो थाना क्षेत्र का राशिद उर्फ ओवैश,नुरुल होदा उर्फ निरोध व राशिद अनवर को गिरफ्तार किया है। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया है कि 7 जनवरी की सुबह छौड़ादानो के हीरमनी गांव का विरत राम का 7 साल का पुत्र नीतीश कुमार का शव गांव के ही रामचन्द्र साह के बाउंड्री से बरामद किया गया था । बताया गया है कि मुख्य आरोपी ओवैश से मृतक के पिता का कुछ पैसों को लेकर विवाद हुआ। जिसके प्रतिशोध में बच्चे की हत्या कर दी गई। जाहिर है हजार-डेढ़ हजार के विवाद को लेकर 7 साल के मासूम की हत्या हैरान कर देने वाली घटना है। इस घटना के उदभेदन को लेकर एक एसआईटी का गठन रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। जहां पुलिस टीम ने 48 घण्टे के अंदर घटना में शामिल बदमाशो को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम में डीएसपी के अलावे छौड़ादानो सर्किल इंस्पेक्टर अभय कुमार , थानाध्यक्ष छौड़ादानो राजीव कुमार,पीएसआई विशम्भर कुमार शामिल थे। पुलिस को घटना में प्रयुक्त खून से सना चाकू,खून लगा जैकेट,टी शर्ट व पैंट भी मिला है। उल्लेखनीय हैं कि बच्चे के चेहरे व गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर बेरहमी से मौत के घाट उतारा गया था।

## सीडब्ल्यूसी ने रिकार्ड समय में एडोप्सन के लिए बालक को किया लीगली फ्री

**दुमका।** सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) ने दुमका के पीजेएमसी अस्पताल में जन्म लेने वाले एक बालक को रेकार्ड समय में एडोप्सन के लिए लीगली फ्री घोषित किया है। बालक की माता ने प्रसव के चार दिनों के बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने पर इस बालक को सरेंडर करने का सीडब्ल्यूसी को आवेदन दिया था। समिति ने बालक को उसकी माता के साथ बालिका गृह में आवासित कर दिया था। 60 दिनों के पुनर्विचार अवधि के दौरान महिला की चार बार काउनसेलिंग भी करवायी गयी जिसमें उसे समझाया गया कि बालक को उसे ही रखना चाहिये, पर वह उसे अपनाने से इनकार करती रही। अंततः मंगलवार को चेयरपर्सन डॉ अमरेन्द्र कुमार, सदस्य रंजन कुमार सिन्हा, डॉ राज कुमार उपाध्याय और कुमारी बिजय लक्ष्मी के बेंच ऑफ मजिस्ट्रेट के समक्ष बालक और उसकी माता को प्रस्तुत किया। मां ने अपने बेटे को सरेंडर करने के डीड पर टीप निशान लगा दिया जबकि गवाह के रूप में पंचायत की मुखिया और सेविका ने अपने हस्ताक्षर किये। समिति ने सरेंडर डीड को एक्सक्यूट करते हुए बालक को एडोप्सन के लिए कानूनी रूप से मुक्त घोषित कर दिया। बालक को विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में आवासित करते हुए केयरिंग्स में उसका विवरण अपलोड करते हुए उसे गोद देने की कानूनी प्रक्रिया को अपना का आदेश दिया गया है। इस बालक के माता के सीडब्ल्यूसी आने, बालक के जन्म और एडोप्सन की प्रक्रिया भी ऐतिहासिक है। दरअसल एक विधवा महिला जब गर्भवती हो गयी तो परिवार व समाज ने उसे प्रताड़ित कर बाहर निकाल दिया।

## शैक्षणिक उत्कृष्टता में खेल की अहम भूमिका : प्राचार्य



**हंसडीहा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय हंसडीहा में मंगलवार को एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन हंसडीहा थाना प्रभारी जितेंद्र साहू के द्वारा किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी श्री साहू ने कहा कि जीवन में खेलकूद का बहुत महत्व है। खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता के आयोजन से खेल प्रतिभा को आगे आने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि खेल के क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है।वहीं विद्यालय के प्राचार्य एनोस केरकेट्टा ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता विद्यालय की रीढ़ मानी जाती है, विद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता में इसकी अहम भूमिका होती है। इसीलिए इस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में सभी छात्र छात्राओं को किसी न किसी खेल में भाग लेना चाहिए।खेल प्रतियोगिता में एक सौ मीटर से लेकर 800 मीटर तक की दौड़, गोला व चक्का फेक,रिले रेस एवं कबड्डी आयोजित की गई। इसके पूर्व अंतर सदनीय खेल कूद प्रतियोगिताओं को भी शामिल किया गया।इस प्रतियोगिता में विद्यालय के वरीय एवं कनीय चारों सदनों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें उदयगिरी सदन ने सभी प्रतियोगिता परिणामों में प्रथम स्थान पर रहा वहीं दूसरे स्थान पर शिवालिक सदन एवं तृतीय स्थान पर अरावली सदन रहा।प्रतियोगिता के समापन पर पुरस्कार वितरण भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार एवं केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक रतनेश कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया।इस अवसर पर अवर निरीक्षक सचिन मिश्रा सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी व छात्र छात्रा मौजूद थे।

## एएन कॉलेज के शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव संपन्न, डॉ एजाज बने विजेता

**दुमका।** आदित्य नारायण महाविद्यालय में शिक्षक प्रतिनिधि का चुनाव मंगलवार को सम्पन्न हुआ। चुनावी मैदान में डॉ चंद्रकांत सिंह, डॉ एजाज अहमद एवं डॉ उमाकांत सिंह थे। जिसमे कुल मतदाता 44 में 37 मतदाता अपना मतदान का प्रयोग किया। अन्य 7 मतदान के लिए किसी कारण से मतदान में शामिल नहीं हो सके। चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय से मुख्य चुनाव पदाधिकारी विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ संतोष कुमार सिंह एवं चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में कुलानुशासक डॉ राजीव कुमार मौजूद रहे। मतों की गिनती के पश्चात विश्वविद्यालय के पदाधिकारी ने परिणाम घोषित किये। जिसमें डॉ एजाज अहमद 22 मत प्राप्त कर पहले नबर पर रहे। दूसरे नंबर पर 14 मत लाकर डॉ उमाकांत सिंह रहे। तीसरे उम्मीदवार डॉ चंद्रकांत सिंह को कोई मत हासिल नहीं हुआ। मतदान में एक मत रद्द हुआ। इस प्रकार डॉ एजाज अहमद 8 मतों से विजेता घोषित किए गए। चुनाव सम्पन्न कराने प्रशासन की ओर से एसआई रामाशीष सिंह चार एक बल के साथ मौजूद थे। मतदान सम्पन्न कराने में कॉलेज के अधिकांश प्राध्यापक एवं शिक्षकेतर कर्मी मौजूद थे। इसकी जानकारी प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह ने दी।

**स्पीड न्यूज**

### शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**किशनगंज (हि .स.)।** कोचाधामन पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मस्तान चौक से अवैध विदेशी शराब के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। कोचाधामन पुलिस को तीन मोटरसाईकिल से शराब ले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कोचाधामन थानाध्यक्ष राम लाल भारती के नेतृत्व में मस्तान चौक पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी क्रम में तीन मोटरसाईकिल किशनगंज की तरफ से काफी तेजी से आ रही थी जिसको रोका गया।

### बस की चपेट में आकर मजदूर की मौत

**पूर्णिया (हि . स.)।** थाना से लगभग एक किलोमीटर दूर रूपौली गिद्धा एसएच 65 पर मंगलवार की अहले सुबह बस की चपेट में आकर एक मजदूर युवक की मौत हो गई है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकां ने मृत घोषित कर दिया। शव को अंत्यपरीक्षण हेतु पूर्णिया भेज दिया गया है। मृतक गिद्धा निवासी जितन राय का छोटे पुत्र सोहित कुमार उम्र 22 वर्ष है।

### ट्रक पर लदे कचड़ा में छिपाये साढ़े 3 हजार लीटर विदेशी शराब बरामद

**पूर्वी चंपारण (हि .स.)।** एसपी कान्तेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चकिया डीएसपी के नेतृत्व में पिपरा पुलिस ने नरहर पकड़ी रोड में भारी मात्रा में ट्रक पर लदा विदेशी शराब जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर मधुबन-पीपरा थाना के बॉर्डर पर सड़क किनारे खड़े ट्रक की तलाशी ली गयी,तो ट्रक पर 40 बोरा कचड़ा में छिपा कर शराब का कार्टन बरामद किया गया। जब्त शराब की मात्रा 3495 .09 लीटर बताई जा रही है। हालांकि मौके से तस्कर फरार हो गए ।

### मृत कछुआ के साथ एक नेपाली व्यक्ति गिरफ्तार

**पश्चिम चंपारण।** वाल्मीकि नगर स्थित भारत-नेपाल सीमा के गंडक बराज पर तैनात एसएसबी 21 वीं वाहिनी बी कंपनी ने गुप्त सूचना के आधार पर एक नेपाली व्यक्ति नवले धमाला पिता सहदेव धमाला वार्ड संख्या-03 धामली जिला अछाम नेपाल को मंगलवार की दोपहर एक मृत कछुआ के साथ गिरफ्तार किया। नवले धमाला नेपाल से इंडिया आ रहा था।

### पाकुड़ में 14 से रुकेगी मालदा-बेंगलुरू अमृत भारत एक्सप्रेस

**पाकुड़।** मालदा से बेंगलुरू जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव पाकुड़ रेलवे स्टेशन पर भी होगा। 14 जनवरी से यह ट्रेन यहां रुकेगी। इस मौके आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय रेल राज्यमंत्री राव साहिब पाटिल दानवे भी शामिल होंगे। इस संबंध में क्षेत्रीय पदाधिकारी दिलीप कुमार चौहान एवं विश्वजीत मंडल ने बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के दौरान रेल राज्यमंत्री के अलावा कई रेल एवं स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम के लिए मंच, सुरक्षा को लेकर मुआयना किया गया एवं स्थानीय रेल अधिकारियो को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# नये खेल विभाग को राज्यपाल की मंजूरी, अधिसूचना हुआ जारी

### बी राजेंद्र बने विभाग के पहले प्रधान सचिव

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार में खेल को बढ़ावा देने के लिए नीतीश सरकार ने अलग से खेल विभाग गठन करने का फैसला लिया है। सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गयी। इसके बाद अब राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद मंत्रिमंडल सचिवालय ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने बी राजेंद्र को विभाग का



पहला प्रधान सचिव नियुक्त किया है। बिहार में अभी तक खेल से संबंधित सभी कार्य कला संस्कृति एवं युवा विभाग के अधीन किए जाते थे, जितेंद्र कुमार राय इस विभाग के मंत्री हैं। बीते 6 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एलान किया था कि बिहार में अलग से खेल विभाग का गठन किया जाएगा। मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने के दौरान मुख्यमंत्री ने एलान किया था कि जल्द ही बिहार में अलग से खेल विभाग का गठन किया जाएगा, जिससे खेल के क्षेत्र में बेहतर काम हो सकेगा।

इसके बाद ही माना जा रहा था कि बिहार में कला संस्कृति एवं युवा विभाग से खेल संबंधी मामला अलग किया जायेगा। मुख्यमंत्री के एलान के बाद सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को सरकार ने स्वीकृति दे दी। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद प्रस्ताव को राजभवन भेजा गया था, जहां राज्यपाल ने भी बिहार में नए खेल विभाग को अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए खेल विभाग की के अधीन खेल-कूद के विकास से संबंधित कार्य, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पदाधिकारियों और कर्मियों के लिए गठित खेल से संबंधित संस्थाएं समेत अन्य कार्य रहेंगे। माना जा रहा है कि अलग से खेल विभाग के गठन के बाद राज्य में स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिल सकेगा।

### शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा को हाईकोर्ट से मिली राहत

**पटन।** पटना हाइकोर्ट ने जमीनी विवाद और गोलीकांड में अभियुक्त बनाये गये सिवान के पूर्व सांसद और बाहुबली नेता मो. शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को नियमित जमानत दे दी है। मोतिहारी के रानी कोठी में गोलीबारी कांड से जुड़े मामले में ओसामा अभी जेल में था। न्यायाधीश सुनील दत्त मिश्रा की एकलपीठ ने ओसामा द्वारा दायर नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। बताया जाता है कि मोतिहारी के रानी कोठी में गोलीबारी किए जाने को लेकर उनकी बहन के ससुराल वालों ने ओसामा व अन्य के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी। मोतिहारी की अदालत द्वारा जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उनके अधिवक्ताओं ने पटना उच्च न्यायालय में जमानत की अर्जी दाखिल किया था। सुनवाई के बाद मंगलवार को ओसामा की मामले में जमानत मिल गयी है।

## जिले में छिनतई, अवैध बालू -पत्थर उत्खनन भंडारण पर लगायें अंकुश : पुलिस अधीक्षक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** मंगलवार को नव नियुक्त पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार पाकुड़ की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी समीक्षा बैठक के क्रम में सभी थाना व ओपी प्रभारी को कुल लंबित कांड 446 को मार्च 2024 के अंत तक घटा कर 300 करने का निर्देश दिया । आलूबेड़ा कोल माइंस से दुगार्पुर रेलवे साइडिंग तक जगह जगह ट्रक से अवैध रूप से हो रहे कोयला चोरी के अलावे बालु, पत्थर का उत्खनन, परिवहन भंडारण पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक प्रभाग, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया गया। जिले में संचालित 16 चेकपोस्टों को समय बदल बदल कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को औचक जांच करने का निर्देश दिया गया। जिला के सभी थाना



प्रभारी को निर्देश दिया गया कि अत्र-तत्र बिखरे सभी सामानों को सूचीबद्ध करें एवं डिस्पोजल की दिशा में विधि-सम्मत प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा लूट,डकैती,चोरी , छिनतई अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया। प्राथमिक, स्टेशन डायरी एवं चर्चित को चार्जशीट को पूर्णतः ऑनलाइन करने का निर्देश दिया गया।

## गरीबों के बीच कंबल और टोपी का वितरण

**पाकुड़ ।** समाजसेवी लुत्फुल हक ने मंगलवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्र में मिलाकर 1000 गरीबों के बीच कंबल और टोपी का वितरण किया। जिले में 10,000 कंबल और टोपी वितरण का नेक इरादा लेकर निकले समाज सेवी लुत्फुल हक ने बस स्टैंड में वितरण समारोह आयोजित कर गरीबों को कंबल और टोपी मुहैया कराया। आयोजित वितरण समारोह में शहर के तकरीबन 1000 जरूरतमंद असहाय गरीबों के बीच कंबल और टोपी का वितरण किया गया। इस खास मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने समाजसेवी लुत्फुल हक के द्वारा गरीबों को पहुंचाएं जा रहे मदद की खुलकर प्रशंसा की। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि समाजसेवी लुत्फुल हक हमेशा गरीबों के लिए सोचते हैं। किस तरह से असहाय जरूरतमंदों को मदद पहुंचाई जाए, ताकि उन्हें कुछ राहत मिले, इसी सोच में रहते हैं। आज कड़ाके की ठंड में असहाय लोगों को राहत पहुंचाने के लिए कंबल और टोपी का वितरण किया जा रहा है। इस नेक आयोजन में शामिल होकर मुझे खुशी महसूस हो रही है। मैं समाजसेवी लुत्फुल हक का धन्यवाद करता हूं। इसी तरह गरीबों की मदद करते रहे। मौके पर वार्ड पार्षद अजय रविदास भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है लुत्फल हक द्वारा बीते एक सप्ताह से कम्बल वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है।

## विवाद में हुए मारपीट मामले में महिला समेत पांच दोषी करार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** अरहर फसल काटने के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में न्यायालय ने दोषी करार देते हुए एक महिला समेत पांच अभियुक्त को सजा सुनायी है। सजा न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी परिधि शर्मा के न्यायालय ने सुनाया है। जिसमे जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के बाधमारी गांव निवासी उपेंद्र यादव, उसके बेटे भवेश यादव, अशरेश यादव, अवधेश यादव एवं अवधेश यादव की पत्नी लाखो देवी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाया। न्यायालय ने विभिन्न अलग-अलग भादवी की धाराओं के तहत दोषी करार देते हुए सजा और जुमार्ना किया है। न्यायालय ने भादवी की धारा 324 एवं 325 में 2-2साल सजा और 5 हजार रुपये जुमार्ना किया है। जुमार्ना की राशि नहीं अदा करने के स्थिति में अतिरिक्त दो माह सजा सुनाया है।भादवी की धारा 323 में 6 माह सजा व एक हजार जुमार्ना किया है। जुमार्ना नहीं देने पर एक माह अतिरिक्त सजा काटनी होगी। भादवी की धारा 341 में एक माह सजा व 500 रुपये जुमार्ना किया है। जुमार्ना नहीं देने पर सात दिन अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

## आदिवासी महिला का हत्यारा प्रेमी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा पुलिस ने बीते 13 दिसम्बर की सुबह थाना क्षेत्र के लौड़ीपहाड़ी गांव के नजदीक रेल पटरी पर हत्या कर महिला का शव फेकने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजने में सफल रही। खास बात यह थी कि महिला के दोनों हाथ बंधे हुए थे।काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने महिला की शिनाख्त मरियम मराण्डी ( 35 ) के तौर पर की थी। वह पाकुड़ जिला के पाकुड़िया थाना क्षेत्र के दमगी - बरमसिया गांव की रहने वाली थी।



जिस तरह मरियम के दोनों हाथ बंधे हुए थे। उससे साफ प्रतीत हो रहा था कि उसकी हत्या की गई है। इधर शव की पहचान होते ही पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस के लिए यह केस थोड़ा पेचीदा था। चुकी मामला दो जिलों से जुड़ा था। मृतका मरियम मराण्डी पाकुड़ जिला की रहने वाली थी। जबकि उसका शव पश्चिम बंगाल की सीमा पर दुमका जिले के लौड़ीपहाड़ी गांव के नजदीक मिला था। पुलिस ने मृतका के परिवार वालों से पूछताछ की तो पता चला कि 12 दिसम्बर को मृतका मरियम मराण्डी पाकुड़िया प्रखण्ड के गणपुरा पंचायत में जो सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। उंसके पास 70 हजार रुपये भी थे। जिससे वह अपने बेटे के लिए बाइक खरीदना चाहती थी। बाद में पता चला कि उसका शव रेल पटरी पर मिला। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मृतका के मोबाइल के कॉल डिटेल से छानबीन शुरू की।

# भगवान राम के गृहप्रवेश को लेकर मिथिला की बेटियों ने गाया गीत

**एजेंसी**

**सीतामढ़ी।** सीता मां के मायके सीतामढ़ी में उनके गृह प्रवेश को लेकर मिथिला के लोगो में एक अलग उमंग और खुशी का माहौल देखा जा रहा है। इस बीच मिथिला की बेटियों ने अपने मधुर संगीत और चित्रकला से सिया पति राम के प्रति अपने भाव और प्रेम को प्रकट किया है। 22 जनवरी को राम लला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मिथिला में उत्सव जैसा माहौल है।

भगवान राम के गृह प्रवेश को लेकर उनके ससुराल सीतामढ़ी में भी जोर-शोर से तैयारियां की जा




रही है। इसी कड़ी में मिथिला की बेटियों ने अपनी माता यानी मां सीता और प्रभु श्री राम के लिए मधुर गीत गाए हैं। गीत के माध्यम से भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा और अयोध्या में जो भव्य मंदिर निर्माण हुआ है उसको बयां किया है।

**धरतीपुत्री मां सीता :** बता दें कि अयोध्या से 400 किलोमीटर दूर सीतामढ़ी में मां सीता का जन्म हुआ था। पुरानी मान्यताओं के मुताबिक बिहार के सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में मां जानकी की जन्मभूमि है। जिसे पुनौरा धाम के नाम से भी जाना जाता है. इससे जुड़ी कथा है कि मिथिला में एक बार भीषण अकाल पड़ी।

ऐसे में वहां के पुरोहितों ने राजा जनक को खेत में हल चलाने की सलाह दी। जब राजा जनक हल चला रहे थे तब जमीन से मिट्टी का एक घड़ा निकला, जिसमें माता सीता शिशु अवस्था में थी।

### सीतामढ़ी से अयोध्या भेजा जाएगा संदेश



दरअसल भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या की तर्ज पर ही माता सीता की नगरी पुनौरा धाम को भी विकसित किया जाएगा। पुनौरा धाम में भी हजारों की संख्या में लोग माता सीता के दर्शन को आ रहे हैं। पुनौरा धाम से अयोध्या के लिए कई महत्वपूर्ण संदेश भेजने की भी तैयारी है।